हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

हनुमान जन्मोत्सव की मंगलकामनाएं

haribhoomi.com | जबलपुर, मंगलवार 23 अप्रैल 2024

तुम रक्षक काहू को डरना...संकट कटै, मिटै सब पीरा, जो सुमिरै हनुमत बलवीरा...श्री राम भक्त हनुमान की आज जयंती है। 'हरिभूमि' प्रदेश के तीन प्रमुख हनुमान मंदिरों की कथा अपने पाठकों के लिए लाया है। इस बार खास बात यह है कि हनुमान जयंती मंगलवार को ही है।

जामसांवली मंदिर, छिंदवाड़ा

यहां हनुमान जी भगवान श्री राम के पैरों में कर रहे हैं 'विश्राम'

मप्र व महाराष्ट्र से आज करीब एक लाख भक्त पहुंचेंगे

राजेश दीक्षित ⏭ छिंदवाड़ा

मान्यता है कि हनुमान आज भी धरती पर मौजूद हैं और जहां भी राम कथा का आयोजन होता है, वे वहां पहुंच जाते हैं। यही कारण है कि राम कथा की जगह पर एक स्थान खाली छोड़ा जाता है। छिंदवाड़ा में हनुमान जी यहां विश्राम अवस्था में विराजमान हैं। ये जामसांवली मंदिर के नाम से

प्रसिद्ध है। जल्द ही जामसांवली मंदिर हनुमान लोक का आकार लेगा। जाम सांवली हनुमान मंदिर में 314 करोड़ की लागत से भव्य हनुमान लोक बनाया जाएगा जिसकी तैयारी शुरू हो गई है। 24 अगस्त को हनुमान लोक की आधारशिला रखी गई थी। लगभग 30 एकड़ जमीन में मराठवाड़ा वास्तुकला की शैली से लगभग 100 से ज्यादा कारीगर इसे आकार देंगे। यहां हनुमान जी की मूर्ति निंद्रा अवस्था में है।

बाबा बागेश्वर धाम, छतरपुर

मान्यता है...यहां समस्याओं का 'निवारण' करते हैं हनुमान जी

1986 में इस मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया था

विनोद मिश्रा ⏭ छतरपुर

बागेश्वर धाम छतरपुर के पास स्थित है और यह बालाजी का मंदिर है। यहां पर हनुमानजी के सामने ही महादेवजी का मंदिर है। ये छतरपुर जिले के खजुराहो पन्ना रोड पर मौजूद गंज नाम के छोटे से कस्बे से 35 किमी की दूरी पर स्थित है। करीब 1986 में इस मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया था। उसके बाद यह मंदिर काफी प्रसिद्ध होता चला



गया। वर्ष 1987 में वहां संत सेतु लालजी महाराज का आगमन हुआ। ये आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के दादाजी थे। उसके बाद वर्ष 2012 में श्रद्धालुओं की समस्या का निराकरण करने के लिए दरबार का शुभारंभ हुआ। उसके बाद वर्ष 2016 में बागेश्वर धाम में भूमि पूजन हुआ और फिर भगवान बालाजी का यह धाम समस्याओं के निराकरण के लिए प्रसिद्ध हो गया।

छींद दादा जी धाम, बरेली

यहां हनुमान जी को कहते हैं दादाजी, 200 पुराना है मंदिर

करीब डेढ़ लाख से ज्यादा आएंगे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

छींद वाले हनुमान जी की प्राचीन प्रतिमा के बारे में बताया जाता है कि यह दुर्लभ प्रतिमा जिस स्थान पर स्थापित है पहले वहां कृषि भूमि थी। इस भूमि के मालिक को बजरंगबली की प्रतिमा खेत में काम करते हुए प्राप्त हुई। उस किसान ने उसी स्थान पर छोटी सी मढ़िया बनाकर हनुमान जी की मूर्ति की स्थापना कर दी। यहां छींद धाम में हनुमानजी को भक्त

दादाजी कहते हैं। यहां मंदिर स्थापना की कहानी भी हैरान करने वाली है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां मंदिर बने 200 साल से अधिक हो गए हैं। हनुमान जयंती पर आज सुबह 4 बजे मंगल आरती की जाएगी। इसके बाद दोपहर में 4 बजे जन्मोत्सव की आरती की जाएगी। इसके अलावा शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक भजन संध्या चलेगी।

जन्मस्थान को लेकर अलग-अलग मान्यताएं

हनुमान जी का जन्म 1 करोड़ 85 लाख 58 हजार 112 वर्ष पहले सुबह 6 बजकर 3 मिनट पर हुआ था

मान्यता है कि कर्नाटक की किष्किंधा नगरी में ही हनुमान जी का जन्म हुआ था

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पुराणों के अनुसार भगवान हनुमानजी को शिव जी का रुद्रावतार माना जाता है। शिव पुराण के अनुसार हनुमान जी ही शिवजी के 11वें अवतार हैं। ज्योतिषियों की गणना के अनुसार हनुमान जी का जन्म 1 करोड़ 85 लाख 58 हजार 112 वर्ष पहले चैत्र पूर्णिमा को मंगलवार के दिन चित्रा नक्षत्र व मेष लग्न के योग में सुबह 6.03 बजे हुआ था। ऐसा कहा जाता है कि किष्किंधा नगरी में ही हनुमान जी का जन्म हुआ था और वह सुग्रीव जी के सहयोगी थे। यह भी कहा जाता है कि



जिस ऋष्यमूक पर्वत की बात की जाती है वह यही है। यहीं हनुमान जी ने श्रीराम की मुलाकात सुग्रीव से करवाई थी। यहां पर्वत पर स्थित मंदिर में अंजनी माता की मूर्ति है। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम जो तिरुमाला में भगवान वेंकटेश्वर के प्राचीन मंदिर को नियंत्रित करता है, ने दावा किया था कि भगवान हनुमान का जन्मस्थान अंजनाद्री था। यह जपली थीर्थम में एक पहाड़ी के उत्तर में है। किष्किंधा के महंत गोविंद दास ने दावा किया है कि कर्नाटक में किष्किंधा भगवान हनुमान जी की जन्मभूमि है। अंजनेरी नासिक से त्र्यंबक रोड पर 20 किमी दूर है। इसका नाम हनुमान की मां अंजनी के नाम पर रखा गया है। अंजनेरी पहाड़ी पर हनुमान जी के साथ अंजनी माता का मंदिर है। कहा जाता है कि इसी पर्वत पर हनुमानजी का जन्म हुआ था। केसरीजी को कपिराज कहा जाता था, क्योंकि वे वानरों की कपि नाम की जाति से थे। केसरीजी कपि क्षेत्र के राजा थे। कपिस्थल कुरु साम्राज्य का एक प्रमुख भाग था। हरियाणा का कैथल पहले करनाल जिले का भाग था। यह कैथल ही पहले कपिस्थल था। कुछ शास्त्रों में ऐसा वर्णन आता है कि कैथल ही हनुमानजी का जन्म स्थान है। गुजरात स्थित डांग जिला रामायण काल में दंडकारण्य प्रदेश के रूप में पहचाना जाता था। मान्यता के अनुसार, यहीं भगवान राम व लक्ष्मण को शबरी ने बेर खिलाए थे। आज यह स्थल शबरीधाम नाम से जाना जाता है। डांग जिले के आदिवासियों की सबसे प्रबल मान्यता यह भी है कि डांग जिले के अंजनी पर्वत में स्थित अंजनी गुफा में ही हनुमानजी का भी जन्म हुआ था। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हनुमानजी का जन्म झारखंड राज्य के गुमला जिले के आंजन गांव की एक गुफा में हुआ था। पंपासरोवर अथवा पंपासर होस्पेट तालुका, मैसूर का एक पौराणिक स्थान है। हंपी के निकट बसे हुए ग्राम अनेगुंदी को रामायणकालीन किष्किंधा माना जाता है। तुंगभद्रा नदी को पार करने पर अनेगुंदी जाते समय मुख्य मार्ग से कुछ हटकर बाईं ओर पश्चिम दिशा में, पंपासरोवर स्थित है । यहां स्थित एक पर्वत में एक गुफा भी है जिसे रामभक्त शबरी के नाम पर शबरी गुफा कहते हैं।

खबर संक्षेप

दिग्विजय सिंह के दामाद रत्नाकर सिंह का निधन

भोपाल। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के दामाद और बाराबंकी की रामनगर (धमेड़ी)



स्टेट के राजा व समाजसेवी कुंवर रत्नाकर सिंह का सोमवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की बड़ी बेटी से राजा रत्नाकर सिंह की शादी हुई थी। सूचना मिलते ही दिग्विजय चुनावी कार्यक्रम कैंसिल करके रामनगर पहुंचे और उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

दतिया के पंडोखर धाम में आग, साजिश की आशंका

दतिया। दतिया के पंडोखर धाम में सोमवार दोपहर को आग लग गई। तेज हवाओं के कारण आग फैलती



गई। देखते ही देखते आग साधु-संतों समेत भक्तों के लिए बनीं कुटियाओं तक पहुंच गईं। पंडोखर थाना पुलिस और भांडेर नगर परिषद की फायर ब्रिगेड का अमला मौके पर पहुंचा। करीब 2 घंटे बाद आग पर काबू पाया। प्रबंधन ने आग के पीछे साजिश की आशंका जताई है।

कार और बोलेरो की भिड़ंत, मां-बेटे की मौत

खरगोन। बिस्टान रोड नाके पर रविवार देर रात करीब 2:30 बजे बोलेरो और कार की भिड़ंत में मां

बेटे की मौत हो गई। जबकि 2 बच्चों सहित 9 लोग घायल हो गए। खरगोन का यह परिवार इंदौर में शादी से बोलरो में सवार होकर लौट रहा था। संजय नगर स्थित घर के लगभग आधा किमी पहले यह हादसा हुआ। बिस्टान रोड़ से आ रही कार से तेज भिड़ंत हो गई। हादसे में आमीन (45) ताज बी (65) की मौत हो गई।

सीएम यादव ने कहा- कांग्रेस सनातन संस्कृति और भगवा पर भी आपत्ति उठाने का कर रही पाप

मुख्यमंत्री ने शाजापुर में जनसभा एवं उज्जैन में रोड शो व जनसभाओं को किया संबोधित

कांग्रेस के पापों का घड़ा भर गया उसकी मानसिकता है 'देश-विरोधी'

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम मंदिर में विराजमान हो गए, लेकिन कांग्रेसी अब तक दर्शन करने नहीं पहुंचे। अब हमने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपने सांस्कृतिक अनुष्ठान का महायज्ञ प्रारंभ किया।

उज्जैन में संभागीय मीडिया सेंटर का किया उदघाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को देवास लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी महेंद्र सोलंकी एवं उज्जैन लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनिल फिरोजिया का नामांकन दाखिल कराया। डॉ. यादव ने नामंकन रैली में शामिल होकर जनसभाओं को भी संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी एक के बाद एक पाप किए जा रही है। पहले इन्होंने आजादी के बाद हिंदुस्तान-पाकिस्तान का बंटवारा कराने का पाप किया।

कांग्रेस माफी मांगे कि इन्होंने भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण को लेकर अड़ंगे क्यों लगाए?

यादव ने कहा कि वर्ष 2014 के लोकसभा चुनावों ने कांग्रेस की सरकार धराशायी की थी, तब कांग्रेस की सीटें 115 रह गईं। दूसरी बार 2019 में केवल एक बस (52 सीटर) की सवारी रह गई। इस बार तो इनकी टैंपो की सवारी रह जाएगी

कई कांग्रेस नेताओं ने ली भाजपा की सदस्यता

उज्जैन में आयोजित जनसभा के बाद कई कांग्रेस नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ली। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी को भाजपा का गमछा डालकर सदस्यता दिलाई। भाजपा ज्वॉइन करने वालों में बाबूलाल चौहान, अशोक मालवीय, भगवान खांडेकर सहित चार दर्जन से अधिक लोग शामिल रहे।

लोकतंत्र के महापर्व में मीडिया की सशक्त भूमिका

मोहन यादव ने उज्जैन के फ्रीगंज टॉवर पर संभागीय मीडिया सेंटर का उदघाटन किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चुनाव की दृष्टि से मीडिया सेंटर की विशेष उपयोगिता होती है। यहां से न सिर्फ मीडिया की गतिविधियां संचालित होती हैं, अपितु संगठन के विचारों के प्रवाह का भी सशक्त केंद्र है। यादव ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में मीडिया की भी अपनी सशक्त भूमिका रहती है, जिसके माध्यम से आम जनता इस महाभियान से जुड़ती है। आधुनिक संचार के इस युग में चुनाव के दृष्टिगत मीडिया सेंटर की अग्रणी भूमिका रहेगी।

अब कहते फिर रहे हैं गरीबी दूर कर देंगे

यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश में लंबे समय तक राज किया एवं सरकार चलाई। हमेशा नारा देते रहे कि देश से गरीबी को दूर करेंगे, लेकिन वे गरीबी तो दूर नहीं कर सके अब तो हमारे देश की जनता ने ही उन्हें दूर कर दिया है। अब कहते हैं कि सरकार बनाओ, एक झटके में गरीबी दूर कर देंगे। कांग्रेस के झंडाबरदार जिनको लोग पप्पू जी कहते हैं और भी पता नहीं क्या-क्या नाम देते हैं। वे भी पदयात्रा करने निकले और बोलते फिरे कि हमारी सरकार बनाओ एक झटके में गरीबी दूर कर देंगे। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनावों ने कांग्रेस की सरकार धराशायी की थी, तब कांग्रेस की सीटें 115 रह गईं। दूसरी बार 2019 में केवल एक बस (52 सीटर) की सवारी रह गई। इस बार तो इनकी टैंपो की सवारी रह जाएगी।

आज यहां ओले गिरेंगे

मौसम केंद्र के अनुसार नर्मदापुरम, बैतूल, खंडवा, खरगोन, धार, अनूपपुर, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पांढुर्णा सहित कुछ जिलों में मंगलवार तक कहीं-कहीं ओले गिर सकते हैं

राजधानी सहित एक दर्जन से अधिक जिलों में बारिश, धार में गिरे ओले, सबसे अधिक दिन का पारा नरसिंहपुर में 41 डिग्री रहा

सिस्टम आगे बढ़ा, अब बारिश में आएगी कमी बढ़ेगा पारा, पर अभी 40 डिग्री से रहेगा 'कम'

प्रदेशभर में तेजी से गिरा दिन का तापमान

मलाजखंड में 16 डिग्री गिरकर सामान्य से 14 डिग्री कम रहा

कुछ जिलों में आज से कल तक गरज चमक, बारिश, बौछारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में तीन दिन से जारी बारिश, बादल और गरज चमक में बुधवार से कमी आएगी। इससे दिन के तापमान में बढ़त होगी। इसके बावजूद प्रदेशभर में दो दिन अधिकतम पारा 40 डिग्री से कम रहेगा। मौसम केंद्र के अनुसार मंगलवार तक कुछ जिलों में बारिश, कहीं ओले और गरज चमक की स्थिति बनेगी।

इसलिए प्रदेश में बादल, बारिश-ओले

पश्चिमी विक्षोभ आगे बढ़कर साइक्लोनिक सकुर्लेशन के रुप में अफगानिस्तान के ऊपर सक्रिय है। साथ ही मराठवाड़ा से पश्चिमी विदर्भ तक ट्रफ लाइन बनी है। इससे अरब सागर से नमी मिलने से आज और कल कुछ जिलों में बारिश, बादलों का असर रहेगा। आज भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, हरदा, बुरहानपुर, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ इंदौर, उज्जैन, देवास, शाजापुर, रीवा, मऊगंज, सतना, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पन्ना, दमोह, सागर और मैहर जिलों में गरज चमक के साथ बूंदावांदी या मामूली बौछारों की उम्मीद है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अलीगढ़ में विरोधियों पर जमकर निशाना साधा

दोनों शहजादों को नहीं मिल रही चाबी, अब वक्त आ गया है परिवारवाद की फैक्ट्री पर आप लोग अलीगढ़ का ताला लगा दें

पीएम मोदी ने अलीगढ़ में कहा कि हमारी माताओं-बहनों के पास सोना होता है, जो अवसरों पर पहनती हैं। यह प्रभाव पैदा करने के लिए नहीं होता। वह स्त्री का धन होता है। पवित्र माना जाता है। कानून भी उसकी रक्षा करता है। इनकी (कांग्रेस) नजर कानून बदलकर हमारी माताओं-बहनों के मंगलसूत्र पर भी है।

एजेंसी ▶▶ अलीगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ताबड़तोड़ चुनावी रैली कर रहे हैं। चुनावी सभा में पीएम मोदी विपक्ष पर जमकर निशाना साध रहे हैं। अलीगढ़ की चुनावी सभा में उन्होंने साफ शब्दों में कह दिया कि हमारी माताओं-बहनों के पास सोना होता है, जो अवसरों पर तुरंत शरीर पर पहनकर प्रभाव पैदा करने के लिए नहीं होता। वह स्त्री धन होता है। पवित्र माना जाता है। कानून भी उसकी रक्षा करता है। इनकी (कांग्रेस) नजर कानून बदलकर हमारी माताओं-बहनों के मंगलसूत्र पर है। वो सर्वे करना चाहते हैं कि जो नौकरीपेशा हैं। उन्होंने अपने बच्चों की पढ़ाई और शादी के लिए कितनी एफडी कर रखी है। पीएम ने कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के परिवारवाद, भ्रष्टाचार में तुष्टिकरण की फैक्ट्री पर ऐसा ताला लगाया कि दोनों शहजादों (राहुल और अखिलेश) को आज तक चाबी नहीं मिली। विकसित भारत की चाबी जनता के पास है। कांग्रेस के भ्रष्टाचार पर ताला लगाना है। परिवारवाद की राजनीति को खत्म करना है। इसलिए बिना किसी देरी के परिवारवाद की फैक्ट्री पर हमेशा के लिए अलीगढ़ का ताला जड़ देना चाहिए।

पीएम ने कहा कि कांग्रेस का कहना है कि उनकी सरकार आई तो पूरी संपत्ति की जांच कराई जाएगी। और इस संपत्ति को सरकार अपने कब्जे में लेकर सबको बांट देगी।

चुनावी रैली में पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के भ्रष्टाचार पर ताला लगाने में देरी नहीं करना चाहिए। आप लोग मानकर चलिए ये चुनाव देश को गरीबी से मुक्त बनाने वाला चुनाव है।

कांग्रेस संपत्ति का सर्वे कराएगी

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि किसके पास कितने वाहन और जमीन है उसकी भी जांच होगी। कांग्रेस इसका सर्वे कराएगी और फिर कांग्रेस कब्जा करेगी। अगर आपका गांव में पुराना पैतृक घर है। आपने बच्चों की जरूरत के लिए शहर में छोटा फ्लैट ले लिया तो आपका घर छीन लिया जाएगा। ये माओवादी और कम्युनिस्ट सोच है। इसे अब इंडी अलायंस भारत में लागू करना चाहती है। आपकी कमाई पर कांग्रेस अपना पंजा मारना चाहती है।

आतंकियों के बारूद और तोप बिक गए

पीएम मोदी ने आगे कहा,'पहले बॉर्डर पर आए दिन गोलियां चलती थीं और हमारे वीर सपूत शहीद होते थे। आज यह सब बंद हो गया। सबकी बोलती बंद हो गई। उनकी तोप और बारूद सब बिक गए। पहले आए दिन आतंकी बम फोड़ते थे। सीरियल ब्लास्ट होते थे। अयोध्या और काशी को भी नहीं छोड़ा। अलीगढ़ और हाथरस के लाखों परिवारों को आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा भी मिली है। अब मोदी की गारंटी है कि देश के हर परिवार में आपके घर में जो बुजुर्ग माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी को मुफ्त इलाज मिलेगा।

जो 10 साल में किया वह तो मात्र ट्रेलर है

पीएम ने कहा कि मैंने जो 10 साल में किया वह तो ट्रेलर है। सपा-कांग्रेस के लोग मेरे साथ चल नहीं पा रहे हैं। अलीगढ़ में एयरपोर्ट बन गया। अलीगढ़ में एएमयू तो थी राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज विश्वविद्यालय भी बन रहा है। इतना काम करने के बाद भी किसी का भी मन आराम करने को होगा लेकिन यह मोदी है, यह आराम करने की इच्छा नहीं रखता। मेरा जीवन का एक-एक पल 24 घंटे 7 दिन देश और आपके लिए है। ना मोदी रुकने वाला है, ना मोदी थकने वाला है। मोदी मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ। मोदी मेहनत करने के लिए पैदा हुआ है।

शाह ने पूछा: कांग्रेस बताए कि घोषणापत्र में सर्वे की बात है या नहीं?

छत्तीसगढ़ के कांकेर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सिर्फ इसलिए चिढ़ गई है क्योंकि पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि सभी की संपत्ति का सर्वेक्षण किया जाएगा। पीएम मोदी ने कहा था कि सर्वेक्षण क्यों करना है? आज पूरी कांग्रेस पार्टी इस पर पीएम मोदी से सवाल कर रही है। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि क्या उनके घोषणापत्र में सर्वे की बात है या नहीं? पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने कहा था कि संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों का है, आदिवासियों और दलितों का नहीं। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में सबकी संपत्ति का सर्वे कराने को कहा है। देशभर के मठ, मंदिर और सबकी संपत्ति

पीएम के खिलाफ विपक्ष ने की 17 शिकायतें

चुनाव आयोग से शिकायत के बाद अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि हम धन्यवाद करते हैं कि चुनाव आयोग ने हमे सुना। उन्होंने कहा कि हमारी तरफ से 17 शिकायतें हैं, लेकिन तीन चार के बारे में बताऊंगा। आयोग को चाहिए कि वो फौरन एक्शन ले। देश के पीएम का हम आदर करते हैं। पीएम के बयान पर आयोग तुरंत एक्शन ले। उन्होंने कहा कि राजस्थान में दिया गया पीएम का बयान भद्दा है। बयान में एक समुदाय और धर्म का नाम लिया गया है। बयान में समुदाय या धर्म को घुसपैठियों के साथ जोड़ा गया है।

अखिलेश नहीं लड़ेंगे चुनाव

उत्तर प्रदेश की हाई प्रोफाइल सीटों में शुमार कन्नौज लोकसभा सीट पर सपा उम्मीदवार को लेकर चल रहा सस्पेंस सोमवार को समाप्त हो गया। समाजवादी पार्टी की नई लिस्ट से यह साफ हो गया कि पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव इस सीट से चुनाव नहीं लड़ेंगे। यहां से उन्होंने तेज प्रताप यादव को मौका दिया है। हालांकि अभी भी यह सीट यादव परिवार के पास ही है। तेज प्रताप यादव, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के भाई के पोते हैं। उनकी शादी बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की छोटी बेटी राजलक्ष्मी के साथ हुई थी।

मोदी सरकार ने नहीं मानी मांग तो वापस लेंगे समर्थन

लोकसभा चुनाव 2024 को गोरखालैंड जनमुक्ति मोर्चा के प्रमुख बिमल गुरंग ने ऐलान किया है कि वे पीएम मोदी का समर्थन करेंगे। बिमल गुरंग पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में लंबे वक्त से गोरखालैंड की मांग कर रहे हैं। गुरंग ने गोरखालैंड की मांग को लेकर उम्मीद जताई है कि अगले 5 साल में उनकी मांग मोदी सरकार मान लेगी, वरना वे अपना समर्थन वापस ले लेंगे। दार्जिलिंग सीट को लेकर गुरंग ने कहा है कि यह सीट भाजपा ही जीतेगी। उन्होंने कहा कि हालांकि 2019 के मुकाबले जीत का अंतर कम हो सकता है। इंडिया ब्लॉक का समर्थन करने वाली पार्टियों और उनके वोट बंटने की संभावनाओं को लेकर उन्होंने कहा कि यह कहना गलत होगा कि वोट बंट जाएंगे। इस दौरान उन्होंने जैसे राजनीतिक दलों पर गंभीर आरोप लगाया और कहा कि गोरखालैंड टेरिटोरियल एडमिनिस्ट्रेशन और दार्जिलिंग नगर पालिका में भ्रष्टाचार किया।

खबर संक्षेप

कोर्ट पहुंची रवि किशन के दूसरी कथित पत्नी

नई दिल्ली। भोजपुरी अभिनेता रवि किशन को लेकर एक महिला ने दावा किया था कि वह रवि की दूसरी पत्नी हैं और एक्टर उनकी बेटी के पिता हैं। न्याय के लिए महिला ने बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मामला सामने आने के बाद रवि किशन की पत्नी प्रीति शुक्ला ने अपर्णा सोनी (आरोप लगाने वाली महिला) के खिलाफ लखनऊ पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज करवाई थी।

पीड़ितों को 5-5 लाख की सहायता का ऐलान



जम्मू। जम्मू कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा झेलम नदी में नाव के पलटने से प्रभावित हुए परिवारों से मुलाकात की। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई थी और तीन लोग अब भी लापता हैं। उपराज्यपाल ने मृतकों और लापता पीड़ितों के परिवारों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की। जम्मू-कश्मीर सरकार ने नाव पलटने की त्रासदी के पीड़ितों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान की है।

घायल छात्रा के परिजनों से मिले जयराम ठाकुर

शिमला। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सोमवार को पामलपुर में छात्रा पर हुए जानलेवा हमले मामले में पीड़िता के परिजनों से मिले। इस घटना से मन बहुत व्यथित हैं। ईश्वर से यही प्रार्थना है कि बिटिया को शीघ्र से शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो। नेता प्रतिपक्ष बेटी के निवास स्थान सालन, पालमपुर पहुंचकर परिवारजनों से मिलकर उन्हें हिम्मत दी।

पश्चिम बंगाल की ममता सरकार को बड़ा झटका, शीर्ष कोर्ट में देंगी चुनौती

राज्य के 24 हजार शिक्षकों की नियुक्ति रद्द, 8 साल का वेतन भी लौटाना पड़ेगा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कलकत्ता हाईकोर्ट ने सोमवार को 2016 में हुई शिक्षक भर्ती रद्द कर दी। इसके अलावा अवैध नियुक्ति पर काम कर रहे शिक्षकों से 7-8 साल के दौरान मिली सैलरी भी वापस लेने के निर्देश दिए।

जस्टिस देवांग्शु बसाक और जस्टिस शब्बर रसीदी की बेंच ने कहा- कैंसर पीड़ित सोमा दास की नौकरी सुरक्षित रहेगी। पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग नई नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करे। वहीं हाईकोर्ट के आदेश को मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने गैरकानूनी बताते हुए कहा कि हम उन लोगों के साथ खड़े रहेंगे जिनकी नौकरियां चली गईं। भाजपा नेता न्यायपालिका के फैसलों को प्रभावित कर रहे हैं। इस फैसले के खिलाफ हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।

जस्टिस देबांगसु बसाक और जस्टिस मोहम्मद शब्बर रशीदी की खंडपीठ ने इस मामले पर सोमवार को सुनवाई की। इस दौरान अदालत ने नियुक्त लोगों को 6 हफ्ते के भीतर अपना वेतन लौटाने का भी आदेश दिया।

भर्ती को लेकर 5 से 15 लाख रुपए तक की चली थी घूस

मेरिट लिस्ट से बाहर वालों को नौकरी देने का आरोप

6 हफ्ते के भीतर लौटाना होगा वेतन, सीबीआई की जांच भी जारी रहेगी

24,640 पदों के लिए 23 लाख अभ्यर्थियों ने 2016 में परीक्षा दी थी

ममता बेनर्जी की सरकार ने 2014 में शिक्षकों की भर्ती निकाली थी। इसकी प्रक्रिया 2016 में पूरी हुई थी। तब पार्थ चटर्जी राज्य के शिक्षा मंत्री थे। याचिकाकर्ताओं का आरोप था कि जिन उम्मीदवारों के नंबर कम थे उन्हें मेरिट लिस्ट में ऊपर स्थान मिला। कुछ उम्मीदवारों का मेरिट लिस्ट में नाम न होने पर भी नौकरी दी गई।

हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच के आदेश दिए थे

इसी तरह से राज्य में 2016 में एसएससी द्वारा ग्रुप डी की 13 हजार भर्ती के मामले में शिकायतें मिली थीं। सभी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सीबीआई जांच के आदेश दिए थे। इसके बाद ईडी ने शिक्षक भर्ती और कर्मचारियों की भर्ती के मामले में मनी ट्रेल की जांच शुरू की थी। सीबीआई ने इस मामले में 18 मई को पार्थ चटर्जी से पूछताछ भी की थी। शिक्षक भर्ती घोटाले के दौरान राज्य के शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी थे। उन्हें ईडी ने 23 जुलाई 2022 को लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। मॉडल अर्पिता मुखर्जी के यहां भी करोड़ों की दौलत मिती थी।

अभिषेक के घर की रेकी करने वाला गिरफ्तार

कोलकाता पुलिस ने टीएमसी नेता अभिषेक बेनर्जी के घर के बाहर रेकी करने के आरोप में एक शख्स को गिरफ्तार किया है। इसकी पहचान राजाराम रेगे के तौर पर हुई है। पुलिस ने बताया कि राजाराम आतंकी है और उसका कनेक्शन मुंबई हमलों के हैंडलर डेविड हेडली से भी रहा है। पुलिस का दावा है कि राजाराम कोलकाता में मुंबई के 26/11 जैसे हमले की साजिश रच रहा था। पुलिस ने राजाराम को ऐसे वक्त गिरफ्तार किया, जब एक दिन पहले ही ममता बेनर्जी ने अपनी और अपने भतीजे की हत्या की आशंका जताई थी।

चिकित्सीय सुविधाएं देने के निर्देश

केजरीवाल को बड़ा झटका, निजी डॉक्टर से परामर्श की याचिका खारिज

नई दिल्ली। अदालत से सोमवार को तिहाड़ में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को झटका लगा है। कोर्ट ने सीएम की ओर से दायर उस आवेदन को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने शुगर लेवल में उतार-चढ़ाव के संबंध में रोज 15 मिनट के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से अपने निजी डॉक्टर से परामर्श लेने की इजाजत मांगी थी। केजरीवाल ने अपनी पत्नी को भी वीडियो कॉन्फ्रेंस में शामिल होने की अनुमति देने की मांग की थी। राउज़ एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कहा, जेल अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि केजरीवाल को सभी आवश्यक चिकित्सा उपचार प्रदान किए जाएं।

मेडिकल बोर्ड से परामर्श करने के दिए निर्देश

अदालत ने कहा, यदि केजरीवाल को जेल में विशेष परामर्श की आवश्यकता होती है तो तिहाड़ अधिकारी एम्स के निदेशक की ओर से गठित मेडिकल बोर्ड से सलाह करेंगे। केजरीवाल को इंसुलिन देने के बारे में फैसला गठित मेडिकल बोर्ड करेगा। अदालत ने कहा कि मेडिकल बोर्ड केजरीवाल के लिए आहार और व्यायाम योजना निर्धारित

जमानत के लिए आधार बनाने की कोशिश

ईडी ने आरोप लगाया था कि केजरीवाल अपना शुगर लेवल बढ़ाने के लिए जानबूझकर जेल में आम, मिठाइयां और चीनी वाली चाय ले रहे हैं। दावा किया था कि मुख्यमंत्री जमानत के लिए आधार बनाने के लिए ऐसा कर रहे हैं। हालांकि, केजरीवाल की ओर से कहा गया कि कुल 48 भोजन में से केवल तीन बार घर के बने भोजन में उन्हें आम भेजा गया था।

आरोपी आशीष यूपी की विजिट कर रहे

कोर्ट बोला: यह निश्चित रूप से जमानत शर्तों का उल्लंघन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को लखीमपुर खीरी मामले के मुख्य आरोपी अशीष मिश्रा पर लगे आरोपों पर चिंता जताई। अशीष मिश्रा मोदी सरकार में मंत्री अजय मिश्रा टेनी का बेटा है। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार, आशीष मिश्रा पर आरोप है कि वो न सिर्फ यूपी विजिट कर रहे हैं बल्कि अपनी अंतरिम जमानत शर्तों का उल्लंघन करते हुए प्रदेश में विभिन्न समारोहों में हिस्सा भी ले रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सुर्यकांत और जस्टिस पीएम नरसिम्हा की बेंच ने कहा कि अगर आशीष मिश्रा कार्यक्रम फिजिकली अटेंड कर रहे हैं।

आशीष के वकील ने आरोपों को गलत बताया

हालांकि आशीष मिश्रा की तरफ से पेश हुए वकील ने इन आरोपों से गलत बताया। सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ दवे द्वारा जवाब दाखिल किया गया कि हमारे अनुसार ऐसा कुछ नहीं है। मैं इतना मूर्ख नहीं हूं कि इस तरह से स्वतंत्रता का उल्लंघन करूं। बार और कागज पर कही गई बातों में अंतर है। मैं वीडियो पर भरोसा नहीं करता।

भीषण गर्मी और लू को लेकर चुनाव आयोग की बैठक

भीषण गर्मी और लू के आंकलन के लिए टॉस्क फोर्स का गठन

मतदान के प्रत्येक चरण से पांच दिन पहले गर्मी और लू का आंकलन करेगा टॉस्क फोर्स, देगा मौसम का अपडेट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा के पहले चरण के मतदान के बाद चुनाव आयोग ने गर्मी और लू से निपटने के लिए बैठक की है ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदाता वोट देने आए। मतदान केंद्र पर भीषण गर्मी को देखते हुए मतदानकर्मियों और वोर्टस के लिए पुख्ता व्यवस्था की गई है।

इस मौके पर आईएमडी ने अपने पूर्वानुमान में गर्मी के प्रभाव से संबंधित प्रमुख चिंताओं को दूर कर दिया है। हालांकि, मतदान के प्रत्येक चरण से पांच दिन पहले गर्मी और लू की स्थिति का आंकलन और निगरानी करने के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया गया है, जिसमें ईसीआई, आईएमडी, एनडीएमए और एमओएचएफडब्ल्यू के प्रतिनिधि शामिल हैं।

मौसम से जुड़ी चिंताओं पर चर्चा कर निकाला गया समाधान

डयूटी में तैनात कर्मचारियों की सुविधा का रखा जाएगा ध्यान

13 राज्यों में होगा मतदान

लोकसभा चुनाव के आगामी दूसरे चरण को प्रभावित करने वाले तमाम पहलुओं पर चर्चा हुई। इस बैठक का उद्देश्य मतदाता और मतदान को प्रभावित करने वाली किसी भी प्रतिकूल गर्मी से संबंधित घटनाओं से निपटने के लिए रणनीति विकसित करना था। दूसरे चरण के दौरान कुल 13 राज्यों की 89 सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा।

हीट-वेब से निपटने के लिए दिशा-निर्देश जारी

चुनाव आयोग ने इससे पहले 16 मार्च को हीटवेब प्रभाव की रोकथाम के लिए मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधाओं के प्रावधान के संबंध में एक सलाह जारी की थी। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण दोनों ने संभावित हीटवेब स्थितियों से जुड़े जोखिमों से निपटने के लिए दिशानिर्देश भी जारी किए हैं ताकि भीषण गर्मी के बीच एक सुचारू और सुरक्षित चुनाव हो। वहीं पहले चरण का मतदान खत्म हो चुका है। इस दौरान कम वोटिंग पर्सेंटेज से चुनाव आयोग चिंतित है। आयोग ने बढ़ती गर्मी के संभावित खतरे से निपटने के लिए मौसम विज्ञान विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रतिनिधियों के साथ एक अहम बैठक की है।

जबलपुर
मंगलवार, 23 अप्रैल 2024
चैत्र मास शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा व्रत
वर्ष : 18, अंक : 346
पृष्ठ : 14, मूल्य : 3.00 रुपये

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

मौसम
अधि. 36
न्यून.23

हनुमान जन्मोत्सव की मंगलकामनाएं

शतरंज का उभरता हुआ 'नया किंग'

गुकेश ने गैरी कास्पारोव का 40 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा, वे 1984 में 22 वर्ष की उम्र में विश्व चैंपियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बने थे

17 साल के गुकेश 'युवा चैलेंजर' बने, उनका कहना है- मुझे जीत से नहीं, हार से मिली प्रेरणा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के 17 वर्षीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज 2024 टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया है।

उन्होंने 14वें और आखिरी दौर में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा से ड्रॉ खेलकर कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता और विश्व चैंपियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बने।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भी इस युवा चेस ग्रैंडमास्टर को बधाई दी

हार से मुझे ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है

गुकेश ने कहा- मैं शुरू ही से अच्छा महसूस कर रहा था, लेकिन सातवें दौर में अलीरजा से हारने के बाद मैं निराश था। अगले दिन मुझे आराम करना था और मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा था। इस तरह की हार से मुझे ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है। हार के बाद मुझे लगा कि अगर मैं आगे अच्छा खेलता हूं और सही मानसिकता के साथ खेलता हूं तो टूर्नामेंट जीत सकता हूं। दुनिया के तीसरे सबसे युवा ग्रैंडमास्टर ने कहा कि शुरू ही से मेरा पूरा ध्यान प्रक्रिया पर भरोसा करने और सही मानसिकता के साथ अच्छी शतरंज खेलने पर था। पूरे टूर्नामेंट में मैने अच्छा खेला और मैं खुशकिस्मत था कि नतीजे पक्ष में रहे। यह पूछे जाने पर कि खिताब जीतकर कैसा लग रहा है?

अभी कुछ दिन आराम करूंगा

विश्व चैंपियनशिप मैच के लिए उनकी योजना के बारे में पूछे जाने पर गुकेश ने कहा कि मेरे पास इसके बारे में सोचने के लिए ज्यादा समय नहीं था। अभी कुछ दिन आराम करूंगा। पिछले तीन सप्ताह काफी तनावपूर्ण रहे हैं। आराम के बाद विश्व चैंपियनशिप के खिताबी मैच के बारे में सोचूंगा। मैं अच्छा प्रदर्शन जारी रखने की कोशिश करूंगा। विश्व चैंपियनशिप मुकाबले के लिए अभी तक तारीख और वैन्यू की घोषणा नहीं हुई है।

खबर संक्षेप

मणिपुर में शांतिपूर्वक दोबारा मतदान

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने मणिपुर के बाद अरुणाचल प्रदेश में भी दोबारा मतदान कराने का फैसला किया है। अरुणाचल प्रदेश के आठ मतदान केंद्रों पर दोबारा वोटिंग कराई जाएगी। यहां 24 अप्रैल को दोबारा मतदान की तारीख तय की है। राज्य के आठ मतदान केंद्रों पर सुबह 6 बजे से दोपहर जो बजे तक मतदान होगा। मणिपुर में 11 बूथों पर सोमवार को शांतिपूर्वक मतदान हुआ। बताया गया कि यहां दोपहर तक 73 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुआ।

एमबीबीएस छात्रा का हॉस्टल में मिला शव

भोपाल। खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित भैंसाखेड़ी के निजी मेडिकल कॉलेज में गर्ल्स हॉस्टल के कमरे में सोमवार सुबह एमबीबीएस फर्स्ट ईयर की छात्रा का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। मेडिकल कॉलेज के सुपरीटेंडेंट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए मर्चूर भेज दिया है। सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या की वजह सामने नहीं आ सकी है।

टीकमगढ़, रीवा और सतना में नड्डा की सभाएं

भोपाल। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 23 अप्रैल को टीकमगढ़, रीवा व सतना जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वह जनसभा एवं स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सुबह 11 बजे टीकमगढ़ जिले के राजेंद्र पार्क में जनसभा करेंगे। दोपहर 1.30 बजे रीवा के एस.ए.एफ ग्राउंड में जनसभा एवं दोपहर 3 बजे सतना के सी.एम.ए ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करेंगे।

गुजरात से 'पहली जीत'...2 पर्चे खारिज, 7 ने छोड़ा मैदान

सूरत लोकसभा क्षेत्र के इतिहास में ये पहला मौका है, जब वहां पर चुनाव नहीं होगा

नतीजे आने से पहले ही 'खाता' खुला, बिना चुनाव लड़े ही भाजपा ने सूरत सीट जीत ली

देश की 543 सीटों पर हो रहे लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे चार जून को घोषित किए जाएंगे पर एक ऐसी भी लोकसभा सीट है, जहां इस बार बिना चुनाव के ही नतीजा आ गया। वहां से जीत किसी और को नहीं बल्कि सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी को मिली।

कांग्रेस उम्मीदवार के तीनों प्रस्तावक ऐनवक्त पर गायब, ऐसे ही डमी उम्मीदवार का भी परचा रद्द

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की 543 सीटों पर हो रहे लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे चार जून को घोषित किए जाएंगे पर एक ऐसी भी लोकसभा सीट है, जहां इस बार बिना चुनाव के ही नतीजा आ गया।

वहां से जीत किसी और को नहीं बल्कि सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी को मिली है। गुजरात की 26 लोकसभा सीटों में से एक सीट सूरत की है, जहां कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन कैंसल होने के बाद भाजपा ने निर्विरोध ही चुनाव जीत लिया। गुजरात की सभी 26 सीटों पर सात मई को वोटिंग होनी थी। 19 अप्रैल को नामांकन करने की आखिरी तारीख थी और फिर 22 अप्रैल तक नाम वापस लिए जा सकते थे। गुजरात की सूरत सीट से भाजपा के मुकेश दलाल ने पर्चा दाखिल किया था। वहीं, कांग्रेस की ओर से निलेश कुंभानी उम्मीदवार थे पर उनके साथ खेल हो गया। निलेश कुंभानी की उम्मीदवारी के लिए तीन प्रस्तावक थे।

बसपा के उम्मीदवार समेत सभी 7 अन्य उम्मीदवारों ने नामांकन वापस लिया

गुजरात की 26 लोकसभा सीटों में से एक सीट सूरत की, यहां से जीते भाजपा के मुकेश दलाल

बोले कांग्रेस उम्मीदवार के वकील- प्रस्तावक हुए किडनैप

प्रस्तावक जब कलेक्टर ऑफिस नहीं पहुंचे तो निर्वाचन अधिकारी सौरभ पारधी ने निलेश कुंभानी का नामांकन ही रद्द कर दिया। हालांकि, इस फैसले पर कांग्रेस के उम्मीदवार रहे निलेश कुंभानी के वकील ने सवाल भी उठाए और कहा कि हमारे प्रस्तावकों का अपहरण हुआ है और हस्ताक्षरों की जांच के बिना ही फॉर्म को रद्द करना गलत है। कहानी यहीं खत्म नहीं हुई है। कांग्रेस के एक वैकल्पिक उम्मीदवार भी थे सुरेश पडसाला लेकिन उनका भी नामांकन फॉर्म रद्द कर दिया गया और इस फॉर्म में भी वहीं गलतियां थीं, जो निलेश कुंभानी के साथ थीं। यानी कि सुरेश पडसाला के प्रस्तावकों के भी हस्ताक्षरों का मिलान नहीं हो पाया। तो इस तरह से कांग्रेस के दोनों उम्मीदवारों की उम्मीदवारी खत्म हो गई। लेकिन कहानी यहां भी खत्म नहीं होती है। इन दोनों के अलावा सूरत लोकसभा सीट से सात और भी उम्मीदवार थे। इनमें बहुजन समाज पार्टी से उम्मीदवार थे प्यारेलाल भारती, सरदार वल्लभभाई पटेल पार्टी से उम्मीदवार थे अब्दुल हामिद खान, ग्लोबल रिपब्लिकन पार्टी से थे ।

हम नहीं हैं निलेश कुंभानी के प्रस्तावक

इस बीच, कांग्रेस प्रत्याशी निलेश कुंभानी के तीनों प्रस्तावकों ने चुनाव आयोग में हलफनामा देकर कहा कि वो निलेश कुंभानी के प्रस्तावक हैं ही नहीं। जब आयोग के सामने ये बात आई तो आयोग की ओर से निलेश कुंभानी को प्रस्तावकों को चुनाव आयोग के सामने पेश होने के लिए कहा। निलेश कुंभानी वकील के साथ तो चुनाव आयोग पहुंच गए पर ऐन वक्त पर निलेश कुंभानी का कोई भी प्रस्तावक आयोग के सामने नहीं पहुंचा।

भोपाल में लगभग दो घंटे रहेंगे

प्रधानमंत्री मोदी का कल भोपाल में रोड शो, सागर हरदा में भी लेंगे सभाएं

- सागर से दलित वर्ग को साधने की कोशिश
- हरदा की दोनों विधानसभा सीटें हारी है भाजपा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अप्रैल को प्रदेश के व्यस्ततम दौरे पर आ रहे हैं। इस दिन वे भोपाल में भाजपा के आलोक शर्मा के समर्थन में डेढ़ किमी लंबा रोड शो करेंगे।

मोदी भोपाल में लगभग दो घंटे रहेंगे। वे सागर-हरदा में रैली के बाद आयोजित सभाओं को संबोधित करेंगे। सागर के जरिए वे बुंदेलखंड के दलितों को साधने की कोशिश करेंगे और हरदा में भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह भरेंगे।

बुंदेलखंड में 23 फीसदी अजा वर्ग का मतदाता

भाजपा की नजर बुंदेलखंड के 23 फीसदी अनुसूचित जाति वर्ग के मतदाताओं पर है। इसीलिए, लगातार यह चौथा चुनाव है जब प्रधानमंत्री मोदी सागर आ रहे हैं। वे 2014, 2019 और 2023 के चुनाव में भी सागर आ चुके हैं। 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री मोदी संत रविदास मंदिर की नींव रखने आए थे। इस क्षेत्र में संत रविदास जी के बड़ी संख्या में अनुयायी रहते हैं।

सागर से टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो के लिए प्रचार

दूसरे चरण में सागर सीट के लिए मतदान नहीं है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी यहां से दमोह, टीकमगढ़ और खजुराहो सीट के लिए प्रचार करेंगे। दमोह में भाजपा ने कांग्रेस से आए राहुल लोधी को टिकट दिया है। इनका मुकाबला उनके ही समाज के उनके रिश्तेदार कांग्रेस के तरवर लोधी से है। टीकमगढ़ में केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार और कांग्रेस के पंकज अहिरवार के बीच मुकाबला है। खजुराहो में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा चुनाव लड़ रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

नाबालिग रेप पीड़िता का 29 हफ्ते का गर्भ हटाने की इजाजत

इस प्रक्रिया का खर्च महाराष्ट्र सरकार उठाएगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने नाबालिग रेप पीड़िता के गर्भपात के मामले में अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने पीड़िता के 29 सप्ताह के गर्भ को हटाने की इजाजत दे दी है।कोर्ट ने कहा कि अगर पीड़िता इस गर्भ को जारी रखती है तो इससे उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि हमें बच्चों की सुरक्षा करनी होती है लेकिन कई मामले अपवाद के रूप में सामने आते हैं। अगर इस मामले में पीड़िता को गर्भ जारी रखने की इजाजत दी गई तो उनके लिए काफी परेशानी हो सकती है।

हांगकांग और सिंगापुर में बैन हो चुके

एफएसएसएआई ने एमडीएच और एवरेस्ट मसालों की शुरू की जांच

एफएसएसएआई कंपनी की अलग-अलग मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट से सैंपल्स को उठा रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हांगकांग और सिंगापुर में एमडीएच और एवरेस्ट के मसालों पर बैन लगने के बाद भारत में भी इस पर बहस शुरू हो गई है।इसके चलते भारत के फूड सेफ्टी रेग्युलेटर 'भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण' (एफएसएसएआई) ने इस मामले में नए सिरे से जांच शुरू की है। एमडीएच और एवरेस्ट के मसालों पर बैन लगने के बाद एफएसएसएआई अब भारत में इन मसालों के नए सैंपल की टेस्टिंग करेगा। इसके लिए एफएसएसएआई कंपनी की अलग-अलग मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट से सैंपल्स को उठा रही है।

मदुरै मीनाक्षी 'रथ महोत्सव' में उमड़े भक्त

हजारों श्रद्धालुओं ने खींचा रथ

चेन्नई/मदुरै। 12 अप्रैल से शुरू हुए तमिलनाडु में मदुरै चिथिराई थिरुविझा त्योहार धूमधाम से मनाया गया। सोमवार को मीनाक्षी - सुंदरेश्वर थेरोट्टम (रथ महोत्सव) का आयोजन हुआ, जिसमें सभी जाति धर्म के लोग भाग लिया। इसमें शिव-पार्वती, मीनाक्षी, करुप्पासामी आदि के साथ मीनाक्षी-सुंदरेश्वर जैसे देवताओं के दर्शन करने बड़ी संख्या में भक्त उमड़े। विशेष पोशाक में सुंदरेश्वर विदाई के साथ एक रथ में और देवी मीनाक्षी दूसरे रथ में सवार थीं। सुबह 5.15 बजे से 5.40 बजे के बीच रथ की विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद सुबह करीब साढ़े छह बजे हजारों श्रद्धालु रथ को खींचते नजर आए।

इंदौर से भोपाल आते समय सोनकच्छ के पास तबीयत बिगड़ी

मेडिकल चेकअप कराने वे शनिवार को वे इंदौर गई थीं

एआईजी प्रतिभा त्रिपाठी को आया हार्ट अटैक, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में पदस्थ असिस्टेंट इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (एआईजी) प्रतिभा त्रिपाठी की हार्ट अटैक से मौत हो गई।

वे इंदौर से हेल्थ चेकअप कराकर लौट रही थीं। इसी बीच उनकी देवास के सोनकच्छ के पास तबीयत बिगड़ गई। उनको तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। उनकी मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। प्रतिभा त्रिपाठी महिला सेल में पदस्थ थीं। वर्ष 2020 में प्रतिभा को कोरोना हुआ था। इसके बाद से ही उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता था।

पति दिल्ली में रहते हैं

प्रतिभा के पति डॉक्टर शिशिर पंडित दिल्ली में रहते हैं। वे मूल रूप से इंदौर के रहने वाले हैं। शिशिर पत्नी का चेकअप कराने के लिए इंदौर आए हुए थे। सोमवार को पत्नी को ड्रॉप करने भोपाल जा रहे थे। रास्ते में ही पत्नी की तबीयत बिगड़ गई थी। उनका मायका निवाड़ी जिले के थौना गांव में है। पिता का देहांत हो चुका है।

अयोध्या में अपने भव्य महल में बीती 22 जनवरी को विराजमान हुए थे श्री रामलला

राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि परकोटे में 6 और मंदिर बनाए जाएंगे

देश विदेश से आ रहे रामभक्त

मात्र 4 महीने में 1.5 करोड़ भक्तों ने किए श्री रामलला के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में प्रभु राम अपने भव्य महल में बीते 22 जनवरी को विराजमान हुए हैं। प्रभु राम के विराजमान होने के बाद देश-विदेश के राम भक्त धर्म नगरी अयोध्या पहुंचकर बालक राम का दर्शन पूजन कर रहे हैं। इसी बीच राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने राम मंदिर से जुड़ी अहम जानकारी राम भक्तों से साझा की है। राय ने बताया कि जब से प्रभु राम अपने भव्य महल में विराजमान हुए हैं तब से लेकर अभी तक 1.5 करोड़ राम भक्तों ने रामलला के दर्शन किए हैं।

तीर्थयात्रियों के पंजीकरण में टूटा 'रिकॉर्ड' सात दिन में 12.48 लाख पहुंचा आंकड़ा

देहरादून। चारधाम यात्रा के लिए इस बार तीर्थयात्रियों के पंजीकरण का रिकॉर्ड टूट रहा है। सात दिन में पंजीकरण की संख्या 12.48 लाख पहुंच गई, जबकि पिछले साल एक सप्ताह में लगभग चार लाख यात्रियों ने पंजीकरण किया था। पर्यटन विभाग ने चारधाम यात्रा में देश दुनिया से आने वाले तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए 15 अप्रैल से पंजीकरण शुरू किया था। रविवार को एक लाख से अधिक यात्रियों ने बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री व हेमकुंड साहिब की यात्रा के लिए पंजीकरण कराया। पर्यटन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार अब तक 12.48 लाख यात्री पंजीकरण करा चुके हैं। इसमें केदारनाथ के लिए 4,22,129, बदरीनाथ धाम के लिए 3,56,716, गंगोत्री धाम के लिए 2,31,983, यमुनोत्री धाम के लिए 2,19,619 औरहेमकुंड साहिब के लिए 17,684 यात्रियों ने पंजीकरण कराया है।



अमिताभ बच्चन ने अश्वत्थामा बन कमाए 18 करोड़ रुपए

मुंबई। कल्कि 2898 एडी ने रिलीज से पहले ही शोर मचा दिया है। अमिताभ बच्चन का अश्वत्थामा अवतार चर्चा से हटने का नाम ही नहीं ले रहा है। रविवार को कल्कि 2898 एडी का टीजर जारी किया गया। इसके साथ ही अमिताभ के किरदार से पर्दा उठा दिया गया। इसके साथ ही फिल्म और अमिताभ बच्चन 24 घंटे बाद भी खबरों में बने हुए हैं। कल्कि 2898 एडी के इस कुछ सेकंड के टीजर में अमिताभ अलग- अलग लुक दिखाए गए। इनमें उनका डी-एज्ड लुक सबसे ज्यादा चर्चा बटोर रहा है। कल्कि 2898 एडी की लागत के साथ- साथ स्टार कास्ट को भी मोटी फीस दी गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक बिग बी ने कल्कि 2898 एडी में अपने किरदार के लिए लगभग 18 करोड़ रुपए वसूले हैं।

लाइफ Style

मानुषी

बड़े मियां... के लिए खाना पड़ा नॉन वेज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्मों के लिए आपने एक्टर्स को अपने लुक्स और बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन करते देखा होगा, लेकिन मानुषी छिल्लर ने तो कुछ ऐसा किया जिसके बारे में उन्होंने कभी सोचा नहीं होगा। मानुषी जो हाल ही में फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में नजर आई हैं।

मानुषी ने बताया कि वह बचपन से वेजीटेरियन थीं और कभी नहीं सोचा कि वह नॉन वेज खाएंगी, लेकिन फिल्म बड़े मियां छोटे मियां ने उन्हें वेजिटेरियन से नॉनवेजिटेरियन बना दिया। मानुषी ने कहा, 'मैं हमेशा से वेजिटेरियन थी। मैंने हमेशा सोचा कि मैं कभी मीट नहीं खा पाऊंगी क्योंकि मैंने कभी खाया ही नहीं। इसके बाद आई बड़े मियां छोटे मियां। मैं किसी और फिल्म की शूटिंग कर रही थी और उस वक्त मुझे कोविड हो गया था।

मैं काफी डर गई थी कि क्योंकि मैं नहीं चाहती थी कि मेरा वजन कम हो क्योंकि मुझे इस फिल्म के लिए स्ट्रॉन्ग बनना था। मेरे पापा जो डॉक्टर हैं उन्होंने फिर मुझे मीट खाने को बोला।' मानुषी ने कहा, 'मैंने पापा से कहा कि कुछ ऐसा बनाओ जो चिकन जैसा ना लगे। वह टेबल पर बैठते थे और मुझे देखते थे। वह जबरदस्ती मुझे पूरा खाने को बोलते थे।' मानुषी ने आगे बताया कि कैसे इस ट्रांसफॉर्मेशन ने उनकी मदद भी की शूटिंग में। उन्होंने कहा, 'हमने फिल्म की शूटिंग जोर्डन, स्कॉटलैंड, लंदन और स्कॉटलैंड में शूटिंग की और कई जगह में तो वेजिटेरियन ऑप्शन भी नहीं था तो इस वजह से मीट मेरे लिए आसान सोर्स था प्रोटीन के लिए।'

हॉलीवुड मसाला

सिविल वॉर ने कमाए 92 करोड़

लॉस एंजिलिस। 12 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई डिस्टोपियन थ्रिलर 'सिविल वॉर' ने अमेरिकन बॉक्स ऑफिस पर बवाल मचा दिया है। फिल्म ने इसके बाद रिलीज हुईं नई फिल्मों को भी कलेक्शन में पीछे छोड़ दिया है, जिनमें हॉरर मूवी 'एबिगेल' भी शामिल है। कर्स्टन डंस्ट स्टारर फिल्म की रफ्तार पहले हफ्ते में कुछ धीमी रही थी, लेकिन दूसरे वीकेंड में फिल्म ने गति पकड़ी। रिपोर्ट के मुताबिक, नॉर्थ अमेरिका में सिविल वॉर नम्बर वन फिल्म बन गई है।

'मेट गोला' 2024 में हिस्सा नहीं लेंगी प्रियंका

लॉस एंजिलिस। ग्लोबल आइकॉन प्रियंका चोपड़ा अक्सर अपनी सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। वह कभी निक के साथ, तो कभी बेटी मालती के साथ तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। वहीं, कई बार वह अपनी आने वाली फिल्मों की अपडेट भी शेयर करती हैं। फिलहाल अब उनसे जुड़ी एक खबर सामने आई है, जिसे जानने के बाद उनके फैंस थोड़े निराश हो सकते हैं। दरअसल, प्रियंका चोपड़ा ने अपनी नई डॉक्यूमेंट्री फिल्म टाइगर के प्रमोशन के दौरान बताया कि इस साल वह सबसे बड़े फैशन कार्यक्रमों में से एक मेट गाला में नहीं शामिल होने वाली हैं। साथ ही उन्होंने इसके पीछे की वजह भी बताई।

बर्फीली वादियों के बीच कराया फोटोशूट

मुंबई। खूबसूरत अदाकारा श्रद्धा कपूर ने हाल ही में अपनी कुछ तस्वीरें फैंस के साथ शेयर की हैं, जिनमें वो बर्फ से ढंकी वादियों के बीच फोटोज क्लिक करवाती नजर आ रहीं हैं। श्रद्धा कपूर इन तस्वीरों में बेहद सिंपल लुक में दिखाई दे रहीं हैं। इस तस्वीर में श्रद्धा कपूर बर्फ से ढंके पहाड़ों के बीच कुछ ऐसे पोज देती हुई दिखाई दीं, जिन पर फैंस दिल हार बैठे हैं। वहीं इस दूसरी तस्वीर में श्रद्धा कपूर बैग टांगे पहाड़ों की सैर के लिए जाती हुई दिखाई दे रहीं हैं। एनिमल लवर श्रद्धा कपूर एक डॉगी के साथ कुछ ऐसे प्यार जताती हुई नजर आईं। श्रद्धा कपूर ने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए इन्हें कैप्शन दिया - किसकी मजाल है मुझे पहाड़ों से वापस ले जाए???। श्रद्धा कपूर की इन तस्वीरों पर उनके लाखों फैंस - ब्यूटीफुल लोकेशन, नेचर, परफेक्ट और इन तस्वीरों से प्यार हो गया

आज भी मम्मी से पिट जाते हैं विक्की

मुंबई। बॉलीवुड के हैंडसम एक्टर विक्की कौशल फिल्मों के अलावा पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियां बटोरते रहते हैं। ऑफस्क्रीन कटरीना कैफ के साथ उनकी जोड़ी जितनी पसंद की जाती है, फैमिली के साथ विक्की के बॉन्ड को भी उतना ही प्यार मिलता है। हाल ही में विक्की कौशल ने भाई सनी कौशल के साथ 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में शिरकत की। इस शो में दोनों भाइयों ने कॉमेडी पर ठहाके लगा कर मस्ती करने के साथ ही एक दूसरे की पोल भी खोली। इसी के साथ विक्की कौशल ने मजाक-मजाक में अपने पेरेंट्स के बारे में बात की। 'सैम बहादुर' एक्टर विक्की कौशल ने कपिल के कुछ फनी सवालों का जवाब देने के साथ ही बताया कि वह अपनी मां से बहुत मार खा चुके हैं। विक्की के इतना कहते ही सनी बताते हैं कि वह आज भी मार खाते हैं।

टीवी मसाला

उसने मुझे रात को 3 बजे घर बुलाया और फिर...'

मुंबई। 'बिग बॉस ओटीटी 2' फेम और झलक दिखला जा 11 की विनर मनीषा रानी आज एक जाना माना नाम हैं। मनीषा बिग बॉस के बाद काफी सुर्खियों में आ गई हैं। इस शो से उन्हें इंडस्ट्री में एक नई पहचान मिली है। मनीषा रानी ने हाल ही में अपना इंटरव्यू दिया। इस दौरान उन्होंने अपने स्ट्रगल के दिनों को याद करते हुए कई सारी बातें पर से पर्दा उठाया। इसी के साथ ही मनीषा ने बताया कि वो कास्टिंग काउच का शिकार हो चुकी हैं और वो भी बिग बॉस के नाम पर। मनीषा ने कहा, 'एक बार वो एक शख्स से मिली थी जिसने उन्हें बताया था कि वो बिग बॉस की टीम का है। 'मैं एक बार जब 4-5 दिनों के लिए अपने घर बिहार गई थी। उसी टाइम उसने मुझे फोन किया और बोला कि तुम अभी आ जाओ मुंबई। उसकी बात सुनने के बाद मैं तुरंत टिकट करा कर मुंबई आई की मेरा तो बिग बॉस होने वाला हे। एक बार जब उसने मुझे रात को तीन बजे कॉल किया और बोला कि मेरे घर आ जाओ। तो हमने उसको बोला कि हम घर तो नहीं आएंगे। इसके बाद वो मेरे पर चिल्लाने लगा। ये सब देखकर में बहुत रोई थी।'

शादी के 3 दिन पहले ही ससुराल जाने से घबराई आरती...

मुंबई। गोविंदा की भांजी और कृष्णा अभिषेक की बहन आरती सिंह जल्द ही दुल्हन बनने वाली हैं। आरती की शादी को लेकर इस वक्त घर में खुशियों का माहौल है। हाल ही में आरती की ब्राइडल शावर पार्टी ने हर किसी का ध्यान खींचा। इस पार्टी में आरती के साथ उनकी भाभी कश्मीरा शाह और भाई कृष्णा के अलावा इंडस्ट्री के कई फेमस चेहरे भी नजर आए। इसी बीच आरती ने एक तस्वीर शेयर कर खुद के नर्वस होने की बात कही है। आरती ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर एक अपनी एक फोटो शेयर की है। इस तस्वीर में मायका एक्ट्रेस नो मेकअप में नजर आ रही हैं और उनकी आंखों नम दिख रहे हैं। इस तस्वीर के साथ आरती ने कैप्शन में लिखा- 'नई शुरुआत। घबराई हुई और भावुक हूं।' इसके साथ आरती ने नजरबट्टू और हार्ट इमोजी भी शेयर की है।

'डेडपूल ऐंड वुलवरिन' का नया टीजर रिलीज

मुंबई। फिल्म 'डेडपूल ऐंड वुलवरिन' 26 जुलाई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में एमा कोरिन, मोरेना बेचरिन, रॉब डेलाने, लेस्ली उगम्स, करन सोन और मैथ्यू मैकफेडन अभिनय करते नजर आएंगे। इसका निर्देशन शॉन लेवी ने किया है। वहीं, शॉन लेवी, रेनॉल्ड्स और केविन फाइगी ने फिल्म का निर्माण किया है। 'डेडपूल ऐंड वुलवरिन' में रयान रेनॉल्ड्स डेडपूल का किरदार निभा रहे हैं। डेडपूल को लोग इसलिए पसंद करते हैं, क्योंकि उसके डायलॉग सुनकर मजा आ जाता है। वहीं, ह्यू जैकमैन वुलवरिन की भूमिका में नजर आएंगे। फैंस इन दोनों ही सुपरहीरो को देखने के लिए बेताब है। उनके लिए 26 जुलाई तक का इंतजार करना काफी मुश्किल है। बता दें कि 'डेडपूल' का पहला भाग साल 2016 में रिलीज हुआ था, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा था। वहीं, फिल्म का दूसरा भाग साल 2018 में रिलीज हुआ था।

पाक एक्ट्रेस हानिया को डेट कर रहे बादशाह

मुंबई। बॉलीवुड के मशहूर सिंगर और रैपर बादशाह अपने बेहतरीन गानों के लिए जाने जाते हैं। वहीं सिंगर इन दिनों लगातार अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। बीते काफी समय से बादशाह का नाम पाकिस्तानी एक्ट्रेस के साथ जोड़ा जा रहा है। वह एक्ट्रेस कोई और नहीं पाकिस्तानी की मशहूर अभिनेत्री हानिया आमिर हैं। हाल ही में दोनों को एक बार फिर से साथ में देखा गया है। हानिया ने बादशाह के साथ टाइम स्पेंड करने वाले मोमेंट भी शेयर किए हैं, जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहे हैं, जिसके बादशाह उनके लिए गाना गाते और दोनों एक दूसरे के साथ मस्ती करते नजर आ रहे हैं। एक्ट्रेस हानिया आमिर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बादशाह के साथ फोटो शेयर की हैं। उन्होंने लोकेशन में दुबई और कैप्शन में लिखा, 'चंडीगढ़ से रेस्क्यू आया।' इस पोस्ट को बादशाह ने भी इंस्टाग्राम स्टेटस पर शेयर किया है।

काजल पुलिसवाली बनकर करेंगी एनकाउंटर

मुंबई। सुपरस्टार कमल हासन की आने वाली फिल्म 'इंडियन 2' को लेकर आए दिन नए अपडेट सामने आ रहे हैं। इस फिल्म के जरिए अभिनेत्री काजल अग्रवाल भी लंबे समय के बाद चर्चा में आ गई हैं। वह एक बेटे को जन्म देने के बाद काम पर लौटी हैं। काजल अग्रवाल को मैटरनिटी ब्रेक के बाद पर्दे पर देखने के लिए दर्शक काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। वह 'इंडियन 2' के अलावा फिल्म 'सत्यभामा' को लेकर भी सुर्खियां बटोर रही हैं। अब इस फिल्म से जुड़ी एक खबर सामने आ रही है। काजल अग्रवाल के प्रशंसकों को उम्मीद है कि वह 'सत्यभामा' से धमाकेदार वापसी करेंगी।

लेटेस्ट लुक ने मचाया तहलका

मुंबई। बॉलीवुड की टैलेंटेड एक्ट्रेस तारा सुतारिया ने अपने करियर की शुरुआत फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2' से की थी। इस फिल्म के बाद से कई फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। अपने हर अवतार से वह फैंस का दिल जीत लेती हैं। हाल ही में तारा सुतारिया का लेटेस्ट लुक सामने आया है। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक हैरान करने वाली फोटो शेयर की है। इस फोटो में एक्ट्रेस अपनी दिलकश अदाओं से फैंस का दिल जीत रही हैं। ना सिर्फ उनकी ये फोटो वायरल हो रही है, बल्कि फैंस ने उनकी तुलना सीधी चांद से कर दी है।

शादियों में ही नहीं, मौत पर जाने के भी पैसे चार्ज करते हैं बॉलीवुड स्टार्स

अनुज साहनी ने बॉलीवुड के डार्क सीक्रेट के बारे में बात की

मुंबई। पूर्व बॉलीवुड अभिनेता और स्विस मिलिट्री वर्ल्डवाइड के एमडी अनुज साहनी ने मानव सुबोध के साथ मिलकर बिग स्मॉल टॉक नाओ शो में बॉलीवुड इंडस्ट्री के डार्क सीक्रेट का खुलासा किया है। उन्होंने जो बताया है उसपर यकीन करना काफी मुश्किल है। उनका कहना है कि बॉलीवुड के सितारे केवल पार्टियों, कॉन्सर्ट या शादियों में परफॉर्म करने के ही पैसे नहीं लेते, बल्कि वह अंतिम संस्कार में जाने के भी पैसे चार्ज करते हैं।

बॉलीवुड सितारे जहां पहुंचे वहां मीडिया खुद ब खुद पहुंच जाती है। फैंस स्टार्स को फिल्मों के अलावा जैसे पार्टियों में, बड़े-बड़े बिजनेसमैन की शादियों में, कॉन्सर्ट आदि में भी देखते हैं। इसके साथ ही अगर कोई मर जाता है तो उनके अंतिम संस्कार या प्रेयर मीट पर भी बॉलीवुड स्टार्स पहुंचते हैं। इसे लेकर अनुज साहनी ने बड़ा दावा किया है। उनका कहना है सितारे इसके लिए मोटी रकम चार्ज करते हैं।

वीडियो इंटरनेट पर वायरल

इसका वीडियो इंटरनेट पर वायरल भी हो रहा है। जिसमें अनुज कह रहे हैं,"पता ये लगा कि एक जो बड़े स्टार्स होते हैं उनकी एक इनकम शादियों से होती है। वो शादियों में जाते हैं और डांस करते हैं। एक इनकी इनकम होती है अंतिम संस्कार और तेरहवीं में जाने पर। इस बारे में लोगों को पता ही नहीं होता।"

शादियों में डांस का चार्ज 3 करोड़

सलमान खान, शाहरुख खान समेत कई बॉलीवुड स्टार्स को अंबानी की पार्टी में परफॉर्म करते हुए देखा जाता है। हालांकि अंबानी के प्रोग्राम में ये स्टार्स फ्री में परफॉर्म करते हैं, लेकिन पार्टियों या बड़ी शादियों में परफॉर्म करने के लिए अच्छी खासी फीस चार्ज करते हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो सलमान खान इस तरह के इवेंट्स के लिए 3 करोड़ लेते हैं। दीपिका पादुकोण इवेंट्स में परफॉर्म करने के 1.5 करोड़ चार्ज करती हैं और रणवीर सिंह 1.75 करोड़ लेते हैं। रणबीर कपूर की फीस 1.5 करोड़ है और आलिया भट्ट भी इतना ही चार्ज करती हैं। वरुण धवन 1 करोड़, कटरीना कैफ 50 लाख, सिद्धार्थ मल्होत्रा 50 लाख लेते हैं। वहीं बात अगर पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ की करें तो वह 3 लाख रुपये एक परफॉर्मेंस के लेते हैं।

जबलपुर में हर बूथ में 370 वोट बढ़ाने का लक्ष्य धराशायी

जबलपुर।

भारतीय जनता पार्टी अपने मजबूत संगठन के लिये जानी जाती है। बीते 20 सालों में यह देखा गया है कि भाजपा में संगठन जिसे जो काम देता है, वो उसे पूरी जिम्मेदारी से करता है। लेकिन इस लोकसभा चुनाव में यह परम्परा टूटते हुये नजर आई। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लक्ष्य दिया था हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाएंगे। चुनाव के पूर्व जबलपुर में पन्ना प्रभारी, त्रिदेव, शक्ती केन्द्र संयोजक, मंडल अध्यक्ष को उनके लक्ष्य दिये गये थे। उनके प्रशिक्षण के लिये स्वयं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आए थे। केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से लेकर आधा

दर्जन केन्द्राrय और प्रादेशिक मंत्रियों ने कई कई बार क्लास ली थी। लेकिन जबलपुर में मतदान के आंकड़ों ने भाजपा के तय को छुआ भी नहीं। जिससे अर्श से फर्श तक के पार्टी पदाधिकारियों की भूमिका सवालों में आ गई। अब बताया जा रहा है भारतीय जनता पार्टी कम मतदान को लेकर रिपोर्ट तैयार कर रही है। पन्ना प्रभारी से लेकर मंडल अध्यक्ष और पार्षद व विधायकों की भूमिका और जिम्मेदारी तय होगी। यहां उल्लेखनीय है कि जबलपुर जिलें में भाजपा के 7 विधायक हैं। जबकि नगर निगम सीमा में उनके 38 पार्षद हैं, इसी तरह जिला पंचायत और नगर पंचायतों में भी भाजपा का ही कब्जा हैं।

बढ़ने के बजाए घट गई...

यहां बता दें कि 19 अप्रैल को हुये मतदान में जबलपुर में 61 प्रतिशत मतदान हुआ था, जो पिछले चुनाव में 70 फीसदी के करीब मतदान हुआ। यहां यह बात भी ध्यान में रखने की है कि 2019 की तुलना में इस बार 1 लाख से अधिक मतदाता बढ़े थे। इस हिसाब से मतदान कम से कम 75 फीसदी होना था। लेकिन आंकड़ा मुश्किल से 61 प्रतिशत का तक पहुंचा।

कम मतदान को लेकर भाजपा बेचैन तैयार कर रही जिम्मेदारों की रिपोर्ट

भाजपा कार्यकर्ताओं को अवार्ड मिला, अधिकारियों के बेदाग करियर पर लगा दाग

मतदान करने के वीडियो मामलें में दो अधिकारी भोग रहे निलंबन की सजा

जबलपुर। भाजपा कार्यकर्ताओं की हरकत का शिकार जबलपुर के दो कर्तव्यनिष्ठ बन गये.. इस बार लोकसभा चुनाव के बाद यह चर्चा भी शहरवासियों में आम है। इन कार्यकर्ताओं पर हुई एफआईआर तो इनके राजनीतिक करियर में अवार्ड की तरह देखी जाएगी। लेकिन इनकी हरकत का शिकार जो दो अधिकारी हुए हैं, इससे उनके बेदाग करियर पर ब्लैक मार्प लग गया है। यह नेता तो अपनी एफआईआर को वाहवाही बताते घूमेंगे, लेकिन इन अधिकारियों के सीआर में हमेशा यह कार्यवाही नेगेटिव मार्प की तरह मौजूद रहेगी। इस बार जबलपुर में हुये लोकसभा चुनाव मतदान में यह भी चर्चा थी कि कार्यकर्ताओं की हरकत का शिकार दो ईमानदार अधिकारी बन गये। गौरतलब है कि मतदान वाले दिन कुछ भाजपा नेताओं ने वोट डालने के दौरान वोट डालते हुये गुपचुप तरीके से वीडिया बनाकर, वायरल किया था। जिसके बाद पूरे शहर में यह सवाल उठा की जब मतदान के दौरान मोबाईल का इस्तेमाल प्रतिबंधित था, तो ईवीएम मशीन की वोट डालते हुये वीडियो कैसे बाहर आई। जिला निवार्चन अधिकारी ने अगले दिन एक्शन लेते हुये दो भाजपा कार्यकर्ताओं पर एफआईआर के निर्देश दिये। साथ ही जिन मतदान केन्द्रों में वायरल वीडियो रिकार्ड होने के आरोप थे, उन मतदान केन्द्रों के अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया।

गुपचुप तरीके से बनाया वीडियो.......

गौरतलब है कि जबलपुर में मतदान के इतिहास में ऐसी हरकत किसी मतदाता या नेता ने कभी नहीं की थी। हर शहवासी इतना समझदार है कि उसे पता है कि वोट डालते हुये वीडियो तो दूर फोटो भी नहीं उतारी जाती। इसलिये मतदान केन्द्र पर तैनात किसी अधिकारी कर्मचारी को गुमान भी नहीं था कि कोई ऐसी हरकत कर सकता है। वहीं पोलिंग बूथ पर मोबाईल का इस्तेमाल प्रतिबंधित था, मोबाईल ले जाना नहीं। इसलिये अक्सर मतदाता मोबाईल लेकर वोट डालने आते है। वहीं जहांवीडियो बना वो मतदान केन्द्र में ईव्हीएम मशीन वाला एरिया था। ईव्हीएम मशीन को तीन तरफ से करीब 4 फीट की अस्थाई दिवार से कवर करके रखा जाता है। जिससे मतदाता के ऊपरी हिस्से के अलावा कुछ भी बाहर नहीं दिखता। बताया जा रहा है बूथ पर भीड़ न होने और ईव्हीएम ढकी होने का फायदा उठाते हुये नेताओं ने मशीन के पास पहुंचने के बाद मोबाईल निकाला और वीडियो बनाई और मोबाईल जेब में रखकर बाहर चले गये। उनके बनाए वीडियो का भी तब पता चला जब वीडियो वायरल हुआ।

करीब है रिटायरमेंट

बताया जाता है कि रानीदुर्गावती विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग के अधीक्षक पर निलंबन की गाज गिरी है। उनका रिटायरमेंट भी करीब है। वे रादुविवि के सबसे ईमानदार और बेदाग करियर वाले अफसरों में गिने जाते हैं। रादुविवि में उनके साथ काम करने वाले बताते हैं कि बीते 25 साल में जब भी भ्रष्टाचार की आग में विश्वविद्यालय झुलसा उक्त अधिकारी को विश्वविद्यालय की छवि बचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। गोपनीय शाखा जैसे संवेदनशील विभाग में लम्बे समय रहते हुये, उनपर कभी अनियमित्ता में शामिल होना तो दूर, अनियमित्ता के आरोप भी नहीं लगे। लेकिन लम्बा बेदाग सेवाकाल होने के बाद, रिटायमेंट के करीब दो भाजपा कार्यकर्ताओं की हरकत का वो बेवजह शिकार हो गये। वहीं दूसरी तरफ रादुविवि की परीक्षा का मुख्य जिम्मा गोपनीय शाखा का होता है। उनके निलंबन से रादुविवि का परीक्षा कार्य भी प्रभावित हो रहा है।

अभिलाषा खरे ने जीता मिसेस इंडिया लाइफ स्टाइल डिवा टाइटल

जबलपुर। कोलकता में इंडी रॉयल द्वारा आयोजित मिसेस इंडिया 2024 सीसन 9 में शहर की डॉ. अभिलाषा खरे (पीएचडी लॉ एवं सहायक प्रध्यापिका लॉ) ने मिसेस लाइफस्टाइल डिवा का टाइटल जीता। प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री एवं भारत की प्रथम मिसेस इंडिया डॉ. अदिति गोवित्रीकर द्वारा इनकी क्राउनिंग की गयी।

दण्ड दीक्षा संन्यास दिवस मनाया गया

जबलपुर। श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल में शंकराचार्य द्वय का दण्ड दीक्षा - संन्यास दिवस मनाया गया। ब्रह्मचारी चैतन्यानंद महाराज ने बताया कि परम पूज्य अनंत श्री विभूषित ज्योतिष पीठाधीश्वर एवं द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज ने से 22 वर्ष पूर्व चैत्र शुक्ल पक्ष त्रयोदशी को काशी के पुनीत धाम पर अपने दो सुयोग्य ब्रह्मचारी सदानंद महाराज एवं अविमुक्तेश्वरानंद महाराज को दण्ड संन्यास देकर के कमशः सदानंद सरस्वती एवं अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती नाम दिया था। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज को संन्यास दीक्षा दिए हुए 22 वर्ष पूर्ण हों गये। अत्यंत गौरव प्रसन्नता की बात है कि जब वह 21 वे वर्ष में प्रवेश किए तब वह ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य हो चुके। ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य के रूप में यह उनका दूसरा दंड संन्यास दिवस है अनंत श्री विभूषित ज्योतिष पीठाधीश्वर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज का यह 22 वां दण्ड संन्यास दिवस है। यहां श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में भक्तों ने बड़े हर्षेल्लास के साथ मनाया तथा इसी प्रकार से सनातन धर्म की सेवा करते रहे सदा सर्वदा धर्म के मार्ग पर चलते रहें और लोगों को सत प्रेरणा देते रहें। इसी भावना से हम सभी लोगों ने मिलकर भगवती बगलामुखी की उपासना अर्चना एवं महाआरती की तथा उनके दीर्घायु की मंगल कामना की। जहां नीता श्याम चौदाहा,राजा तिवारी,ऋषि अग्रवाल, पंकज दुबे, महेश पुरुस्वानी, मनोज सेन आदि उपस्थित रहे।

रैनबसेरा से उठी डोली तो भीग गये नैना

धूमधाम से किया दो कन्याओं का विवाह

मोक्ष ने असहाय और निराश्रित बालिकाओं को पहले अपनाया, अब माँ-पिता का धर्म निभाया

जबलपुर।

सोमवार को एक अनोखी शादी का नजारा देखने मिला जहां पर दो निराश्रित युवतियों को नया जीवन मिला है। बचपन से ही यह दोनों ही युवतियों के परिवार का कोई पता ठिकाना नहीं था जबलपुर में भटकते हुए लड़कियों का मोक्ष समाजसेवी संस्था से संपर्क हुआ मोक्ष मानव सेवा जन उत्थान समिति के सदस्यों ने बचपन से ही दोनों ही युवतियों का पालन पोषण किया और पढ़ाई लिखाई भी कराई। जब शादी की उम्र हुई तो दोनों युवतियों के लिए रिश्ते की खोज बीन भी शुरू हुई और कहते हैं न कि जोड़ियां ऊपर बनती हैं ऐसा ही हुआ शिवकुमारी और पूजा नाम की दोनों युवतियों के साथ शिवकुमारी का रिशता संदीप के साथ हुआ तो पूजा की जोड़ी रिंकू के साथ बनी दोनों ही लड़कियों का धूमधाम के साथ विवाह संपन्न हुआ।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज परिसर में संचालित निराश्रित आश्रय गृह के परिसर में संपन्न हुई इन शादियों में बड़ी तादाद में शहर वासी और गणमान्य जन पहुंचे और दोनों जोड़ों को सुखद दांपत्य जीवन के लिए भरपूर आशीर्वाद दिया। पूरे विधि विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वर और वधुओं ने एक दूसरे को

जयमाला पहनाई तो पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। सबसे दिलचस्प बात यह है कि बेसहारा और निराश्रित युवतियों की इस शादी में शहर के लोगों ने तो भरपूर मदद की। ही साथ ही इनके सहयोग के लिए विदेशों में रहने वाले लोगों ने भी अपने हाथ आगे बढ़ाए जिसके चलते जिंदगी की नई शुरुआत करने वाले दोनों जोड़ों को घर गृहस्थी का हर वह साजो सामान दिया गया जिसकी दरकार परिवार के लिए होती है असहाय बेटियों के लिए शहर वासियों का इस तरह का अपनापन देखकर दोनों ही दुल्हनें भी भावुक हुई उनका कहना है कि इस तरह की शादी की कल्पना हर किसी की होती है लेकिन उन्होंने कभी सोचा नहीं था कि इतनी भव्यता के साथ उनके हाथ पीले कराए जाएंगे।

मोक्ष ने दिया था आश्रय–

शहर की जानी मानी समाजसेवी संस्था मोक्ष के संस्थापक आशीष ठाकुर ने बताया कि दोनों ही बालिकाओं की उम्र महज 8 साल होगी जब वह भटकती हुई अलग अलग जगहों पर मिली थी। पहले उनकी सूचना प्रशासन को दी गई थी परंतु जब उनके परिवार का कोई सदस्य नहीं आया तो उनका इलाज से लेकर पढ़ाई-लिखाई तक का प्रबंध मोक्ष द्वारा किया गया। जब लड़कियां बड़ी हो गई तो उनके विवाह की चिंता जिस प्रकार मॉ बाप को होती है मुझे भी हुई और उनकी ही पसंद के लड़के देखे गये तथा उनका विवाह संपन्न हो रहा है।

नहीं आने देंगे कोई कमी–

आशीष ठाकुर ने बताया कि हर माँ बाप का सपना होता है कि उनकी बेटी अच्छे घरों में जाये। ऐसा ही सपना हमने भी देखा है, शादी के बाद भी उनका मायका मोक्ष है, और किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने देगे। हम बालिकाओं के हर सुख दुख में उनका साथ निभाएगे। आज वह हमसे विदा लेकर अपने नये घर में नव जीवन में प्रवेश करने जा रहीं है। इस बात की खुशी बहुत ज्यादा है।

संतो का मिला आर्शीवाद–

नेता जी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में जब विवाह की शहनाइयां बज रही थी, उस समय हर कोई मंत्रमुग्ध नजर आ रहा था। नरसिंह पीठाधीश्वर नरसिंह दास महाराज, ब्रम्हचारी चैतन्यानंद महाराज, व साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी का आर्शीवाद भी नवयुगल दम्पति को मिला। नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल में बैंड बाजे के साथ पहुँची दोनों निराश्रित बेटियों के दूल्हों की बारात देख कर मेडिकल में हर कोई मोक्ष संस्था के संस्थापक आशीष ठाकुर की तारीफ करता नजर आ रहा था और कई लोग दोनों निराश्रित बेटियों को अपना भरपूर आशीर्वाद दे कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर रहा था।

परिवार कल्याण एवं नियोजन का संदेश देने रैली निकाली

जबलपुर। परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत जिले में परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता एवं स्वीकारकर्ता बढ़ाने को लेकर एक रैली निकाली गई। यह रैली एल्गिन हॉस्पिटल से प्रारंभ हुई जो मालगोदाम चौक, एसपी ऑफिस से होते हुए नर्सिंग कॉलेज पहुंची, रैली में डॉ. जया श्रीवास्तव जिला स्वास्थ्य अधिकारी-2 जबलपुर के साथ सभी चिकित्सक, नर्सिंग प्रशिक्षणार्थी सम्मिलित रहे। रैली में संदेश दिया गया कि दो संतानों के बीच अंतराल रखने से जहां पहले बच्चें का बेहतन लालन पालन होता है वहीं दूसरा बच्चा भी स्वस्थ्य रहता है माँ का स्वस्थ्य भी सुरक्षित रहता है। रैली के माध्यम से बताया गया है कि परिवार नियोजन के अनेक उपाय है। जो मनचाहे उसे अपनाया जा सकता है जबकि स्थाई साधन पुरुष एवं महिला नसबंदी, उसके लिए महिला हितग्राही को 300 रुपए राशि दी जाती है।

अनूप जलोटा की भजन संध्या आज

जबलपुर। पाटन बायपास स्थित श्री चिंतामणि हनुमान जी के जन्मोत्सव पर विशाल भंडारा एवं महा आरती का आयोजन किया गया है एवं सुप्रसिद्ध भजन गायक अनूप जलोटा की भजन संध्या का आयोजन किया गया है। सभी श्रद्धालुओं से उपस्थित का आग्रह किया गया है।

अनाया ने शतरंज टूर्नामेन्ट में जीती चैंपियनशिप

जबलपुर। सेंट गेब्रियल हायर सेकेंडरी स्कूल में पहली कक्षा की छात्रा अनाया विश्वकर्मा ने चौथी स्वर्गीय गुलाबचंद कोष्टा मेमोरियल इंटर स्कूल वर्ल्ड की सबसे बड़ी संख्या में शतरंज टूर्नामेंट की चैंपियनशिप जीतकर अपने माता.पिता का नाम रोशन किया। अनाया विश्वकर्मा नर्सरी से यूकेजी तक की लड़कियों की श्रेणी में प्रथम रैंक हासिल की। यह टूर्नामेंट विगत दिवस सेंट गैब्रियल हायर सेकेंडरी स्कूल रांझी में आयोजित किया गया था। बच्ची के माता.पिता ने मुख्य आयोजक शुभम पारेता को बच्ची को सलाह देने और शतरंज के क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए सेंट गैब्रियल स्कूल प्रबंधन और बेला राजन को धन्यवाद दिया।

गेहूं उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण

जबलपुर। अपर कलेक्टर नाथूराम गौड ने पाटन के खरीदी केन्द्र नुनसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सर्वेयर से गेहूं की गुणवत्ता का परीक्षण कर किसानों से कहा कि वे साफ-सुधरा गेहूं लायें। साथ ही खरीदी केन्द्र में कृषकों के लिये पेयजल, टेंट आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा आज

जबलपुर। हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से प्रति माह की पूर्णिमा को निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा चैत्र पूर्णिमा 23 अप्रैल मंगलवार को प्रात 7:00 बजे से 429वी परिक्रमा संचालक भगवान श्री हनुमान जी महाराज की सूक्ष्म उपस्थिति में एवं संत महात्माओं के सानिध्य में 108 धुनों में हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए निकाली जाएगी, जो आश्रम से पंचवटी 64 योगिनी धुआंधार कल्याण तपोवन होते हुए लम्हेटा घाट पहुंचेगी, नाव द्वारा पारकर इमलिया न्यू भेड़ाघाट होते हुए सरस्वती घाट में नाव से पार कर हरे कृष्णा आश्रम में विशाल भंडारे के साथ समापन होगा, जहां बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण प्रसाद स्वरूप आश्रम में प्रदान किए जाएंगे। उपस्थिति की अपील नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल, योगाचार्य डा शिव शंकर पटेल, पं मनमोहन दुबे, श्याम मनोहर पटेल आदि ने की है।

स्टेशनों के पुर्नविकास कार्यों का निरीक्षण

महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने किया कोटा मंडल का दौरा

जबलपुर। मिशन ऱफ्तार एवं अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास हेतु अधोसरंचनात्मक कार्ये को गति प्रदान करने के लिए रेलवे प्रशासन कृत संकल्पित है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने कोटा मण्डल में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत के विश्वस्तरीय तर्ज पर अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं के साथ डकनिया तलाव एवं सवाई माधोपुर रेलवे स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण कर जायजा लिया। महाप्रबंधक श्रीमती बंदोपाध्याय ने पहले दिन गत दिवस को डकनिया स्टेशन के वर्त्तमान कार्य प्रगति का मंडल रेल प्रबंधक के माध्यम से पूर्व निर्धारित मॉडल एवं ले-आउट प्लान के अनुसार किए

जा रहे कार्य के सभी पहलुओं की जानकारी ली। सबंधित अधिकारियों द्वारा डकनिया स्टेशन पर हो रहे आधारभूत संरचनाओं के विकास की कार्ययोजना के संदर्भ में हो रहे कार्य की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया गया। निरीक्षण के दौरान जीएम ने स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं के बारे में मण्डल के संबंधित विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर जानकारी हासिल किया एवं निर्धारित मानकों के साथ समय पर गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है डकनिया तलाव रेलवे स्टेशन का विश्वस्तरीय तर्ज पर पुनर्विकास कार्य रूपये 111.18 करोड़ की लागत से तीव्रता के साथ किया जा रहा है। डकनिया स्टेशन का कार्य पूरा करने का निर्धारित लक्ष्य नवम्बर 2024 तय है। इस स्टेशन का पुनर्विकास कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त महाप्रबंधक ने निरीक्षण के दूसरे दिन रविवार को अमृत भारत स्टेशन योजना के सवाई माधोपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि सवाई माधोपुर स्टेशन का 38.86 करोड़ की लागत से कायाकल्प किया जा रहा है।

अनुतीर्ण छात्रों की कॉपियों का पुर्नमूल्यांकन नि:शुल्क किया जाए

जबलपुर। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की लापरवाही की वजह से अनुर्तीण कर दिए गए छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं का पुर्नमूल्यांकन निःशुल्क किया जाए। इस आशय की मांग को लेकर महाकौशल विधि छात्र संघ के संस्थापक सदस्य छात्र नेता रोहित कुरील ने कुलपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि विगत दिनो बीकॉम द्वितीय वर्ष के पूरक परिणाम घोषित हुए जिसमे (मेजर-1 कार्पोरेट एकाउंटिंग और एफसी (फाउण्डेशन कोर्स)) में अनेक छात्रो को अनुत्तीर्ण कर दिया। सभी छात्रो का कहना है कि उन्होने प्रश्न पत्र पूरा और सही हल किया था। उसके बावज़ूद भी उनको अनुत्तीर्ण कर दिया। वह सभी इस परिणाम से असंतुष्ट है और उनके पास यह अंतिम अवसर था। ज्ञापन में मांग की गई है कि छात्र आर्थिक संकट से जूझ रहे और पुर्नमूल्यांकन शुल्क देने में असमर्थ हैं। अतः ऐसे सभी छात्रों की कॉपियों का निःशुल्क पुर्नमूल्यांकन किया जाए। इस अवसर पर एड.अंकुश चौधरी, अभिरूप चंसोरिया,रॉबिन जैन, मोहित प्यासी, अभिषेक पटेल, इमरान खान , अरुण, अभिषेक, ख़ुशी यादव, मुस्कान, इशिका, पूजा उपस्थित रहे।

अधिकारियों की चाटुकारिता कर दलाली प्रथा को दे रहा बढ़ावा

चपरासी चला रहा कलेक्ट्रेट का कंट्रोल रूम!

हरिभूमि, जबलपुर। कलेक्ट्रेट में अपने मूल विभाग से हटकर पदस्थ हुए एक चपरासी ने खुद को जिले का कलेक्टर मानना ही शुरू कर दिया है। कोरोना काल के समय कलेक्ट्रेट में बनाए गए कंट्रोल रूम में तत्कालीन कलेक्टर ने इस चपरासी की चाटुकारिता से प्रभावित होकर इसे कंट्रोल रूम का प्रभारी बना दिया था।

वर्तमान में यह कंट्रोल रूम पूरी तरह से निष्क्रिय है और आम जनता के किसी कार्य का नहीं है। चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को उसकी क्षमता से अधिक जिम्मेदारी के दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। पूरे कलेक्ट्रेट में इसी बात की चर्चा है कि यह सिर्फ विभागों में फाइलों को आगे बढ़ने का कार्य करते हैं और इस वजह से दलाली प्रथा को बढ़ावा मिल रहा है। आश्चर्य की बात है कि यह वरिष्ठ अधिकारियों की नजर में आए बिना अपना कार्य करते हैं। दोपहर बाद से अपना दरबार लगाकर अन्य विभाग की कार्यों में रूचि देना और अपना उल्लू सीधा करना ही इनका मूल कार्य है।

मंच के नाम पर करता है नेतागिरी

खास बात यह हैं कि कंट्रोल रूम का प्रभारी बनकर चपरासी समाजिक मंच की नेतागिरी भी करता आ रहा है। जबकि सरकारी कर्मचारी सेवाकाल के दौरान किसी भी तरह की गतिविधियों में शामिल नहीं हो सकता है। हालांकि जिस मंच का गठन उसके द्वारा किया गया था उसका सरगना धोखाधड़ी के प्रकरण में विगत ढाई सालों से फरार चल रहा है। इतना ही नहीं नवागत अधिकारियों की पदस्थापना होते ही अपनी दुकानदारी चमकाने उनके स्वागत सत्कार में इनको महारथ हासिल है।

जनसंपर्क विभाग भी कर्मचारी से परेशान

प्रभारी का दायित्व देख रहे कर्मचारी से जबलपुर जिला जनसंपर्क के जिम्मेदार भी परेशान है। अधिकारी आपस में चर्चा कर रहे होते है तभी अपनी वाहवाही लूटने के चक्कर में उक्त कर्मचारी सोशल मीडिया में बनाए कलेक्ट्रेट कंट्रोल रूम ग्रुप्र में आधी अधूरी जानकारी डाल देता है। कहा जा रहा है कि सोशल मीडिया में वह भले ही सक्रिय रहता है लेकिन धरातल पर निष्क्रिय है।

जबलपुर। सोमवार रात निकले मां बड़ी खेरमाई हनुमानताल के जवारे जूलुस में दिखे श्रृद्धा के अनुपम नजारे।

सिहोरा में विशाल वाहन रैली आज, मंदिरों में पूजन-हवन-भण्डारे

जय हनुमान ज्ञान गुण सागर, जय कपीस ...

हरिभूमि सिहोरा।

जय हनुमान ज्ञान गुण सागर जय कपीस तिहु लोक उजागर .... पवन पुत्र अजंनी के लाल,संकट मोचक वीर हनुमान का जन्मोत्सव आज मंगलवार को सिहोरा-खितौला में आस्था के साथ धूमधाम से मनाया जायेगा।

इन मार्गों से निकलेगी वाहन रैली

हिन्दु उत्सव समिति के संयोजन में बाबाशाला कटरा मोहल्ला से प्रातः8.30 बजे से विशाल वाहन रैली प्रारम्भ होगी जो मझौली बाईपास, गढिया मोहल्ला, झंडा बाजार, स्टेट बैंक तिराहा, नया बस स्टेंड से वापस बाबाशाला वहां से कटरा मोहल्ला,झंडा बाजार, काल भैरव चौक, महावीर चौक, मैना कुआं से शिवमंदिर बाबाताल होते हुए पेट्रोल पंप तिराहा,खितौला बस स्टेंड, खितौला फाटक,उमरिया पान रोड,पर्वत वासनी माता मंदिर के पहले से मंझगवा बायपास,नृसिंह मंदिर, खितौला कालेज, रेलवे फाटक,खितौला बाजार,कृषि उपज मंडी रोड,पहरेवा,सिहोरा फोन लाइन,पुनः खितौला चौराहा, बाबाताल मंदिर से होकर पुराना बस स्टेंड में समापन पर भव्य आतिशबाजी, महाआरती, एंव विशाल भंडारे का आयोजन होगा

भगवा रंग में रंगा सिहोरा-खितौला

सिहोरा खितौला बैनर झंडो से भगवा रंग में रंगा नजर आ रहा है। वाहन रैली को लेकर बड़े बुजुर्ग से लेकर बच्चो तक में भारी उत्साह देखने मिल रहा है। सभी हनुमान भक्तों से वाहन रैली में पहुचने की अपील हिन्दु उत्सव समिति ने की है। रैली समापन स्थल पुराना बस स्टेंड को हनुमान भक्तों द्वारा भव्य आतिशबाजी भी की जायेगी । पुराना बस स्टेंड को भी भगवा झंडियों से सजाया गया है।

मंदिरो में आज जगह जगह भंडारे

हनुमान जन्मोत्सव पर आज जगह-जगह भण्डारे का आयोजन किया गया है।अखंड रामायण पाठ, हनुमान चालीसा का पाठ के साथ हनुमान मंदिर (रेल्वे स्टेशन खितौला) में 108 सुंदरकाण्ड पाठ और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है इसी तरह ज्वालामुखी मार्ग वार्ड क्रमांक 2 में नगर पालिका उपाध्यक्ष शारदा तिवारी द्वारा शिव हनुमान मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया है इसके अलावा पुराना बस स्टेण्ड तहसील कार्यालय के पास स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में पूजन अर्चन आरती भंडारे का आयोजन, सरावगी मोहल्ला, बाबाशाला, सिविल कोर्ट के सामने, हरियाणा गैरिज के सामने, सहित अन्य मंदिरो में सोमवार से ही अखण्ड मानस पाठ प्रांरभ हो गये है तथा पूजन हवन, कन्या भोजन के साथ विशाल भंडारे भी आयोजित किये जाएंगे जो दिनभर चलते रहेगें।

रैली में होगी पुष्प वर्षा

वाहन रैली मार्ग में जगह जगह मातृशक्ति द्वारा पुष्प वर्षा के अलावा खितौला बस स्टेंड में भी भक्तों द्वारा ठंडे ठंडे शरबद के साथ भव्य स्वागत किया जायेगा।

विष्णु बाराह मंदिर से श्रीराम जानकी मंदिर पहुंचेगी शोभा यात्रा

मझौली। हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर नगर के विभिन्न मंदिरों में अखंड रामायणपाठ का आयोजन किया गया है। त्यागी आश्रम सनी आश्रम पवन पुत्र आश्रम एवं वार्ड तीन कोस्टा मोहल्ला मझौली हनुमान जयंती के दिन मंगलवारको दोपहर 3:00 बजे से पवन पुत्र आश्रम इंद्राणा रोड मझौली से विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जो नगर के मुख्य मार्गसे होते हुए भगवान विष्णु बाराह मंदिर से श्री राम जानकी मंदिर पहुंचेगी एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड मझौली केद्धारा सभी भक्तगण शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की है।

उज्जैन के तर्ज पर जबलपुर व अन्य जिलों में कार्रवाई की मांग

स्कूल फीस वृद्धि व महंगी किताबें बेचने पर जुर्माना क्यों नहीं?

जबलपुर। बिना मंजूरी के फीस बढ़ाने और महंगी किताबें बेचने के मामलें में उज्जैन के कलेक्टर द्वारा जिला समिति के निर्णय के अनुसार तीन निजी स्कूलों पर दो लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। इस निर्णय का नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने स्वागत करते हुए जबलपुर, इंदौर, भोपाल आदि शहरों मे की है। मंच के मुताबिक जबलपुर में भी कई स्कूलों ने नियम विरुद्ध तरीके से फीस बढ़ाई है और महंगी कॉपी किताबें खरीदने के लिए दबाव बनाने के आरोपी में 55 स्कूलों को नोटिस जारी किया है। मंच के प्रातांध्यक्ष डॉ.पीजी नाजपांडे ने बताया कि कलेक्टर उज्जैन ने 18 अप्रैल 2024 को जारी जिला समिति के निर्णय के संबंध में नियमों का उल्लंघन करने के कारण 2 लाख रुपयों का जुर्माना ठोका है। उपभोक्ता मंच के मुताबिक कलेक्टर के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी उज्जैन द्वारा 15 अप्रैल 2024 को जारी जिला समिति के निर्णय के चार्ट के अनुसार 3 निजी स्कूलों पर 2 लाख रुपयों का जुर्माना लगाया गया है।

मंच ने मांग की है कि उज्जैन की तरह प्रदेश के अन्य जिलों में भी इस तरह की कार्रवाई की जानी चाहिए। जहां तक जबलपुर का सवाल है तो जबलपुर में किसी विशिष्ट दुकान से ही किताबें तथा कॉपियां खरीदने हेतु दबाव बनाने के आरोप पर 55 स्कूलों को नोटिस जारी किया गया है। 9 अप्रैल को किताबों के 5 दुकानों से लगभग 22 हजार किताबे जब्त की गई हैं क्योंकि इनमें आईएसबीएन (इंटरनेशल स्टेंडर्ड बुक नंबर) के संबंध में गड़बड़ियां पाई गई है। डॉ.नाजपांडे के मुताबिक जबलपुर, भोपाल, इंदौर आदि शहरों में निजी स्कूलों ने फीस तो बढ़ाई है, लेकिन यह जानकारी नियमानुसार शैक्षणिक सत्र शुरु होने के 90 दिनों के पूर्व में पोर्टल पर डाली नहीं है। यह नियमों का उल्लंघन है। इतनी अनियमितताएं होने के बावजूद भी जबलपुर में निजी स्कूलों तथा किताब दुकान संचालकों पर अभी तक ठोस कार्रवाईयां नहीं हुई हैं। केवल नोटिस जारी किए गए है।

भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन, नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन, पेंशनर समाज, डिप्लोमा इंजीनियर संघ, महिला समिति, किसान समिति आदि ने आयुक्त लोक शिक्षण एवं जबलपुर कलेक्टर से इस तरह की कार्रवाई जबलपुर में भी करने की मांग की गई। इन संगठनों ने सवाल उठाया है कि जब उज्जैन में नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माना लगाया गया तो जबलपुर में सिर्फ नोटिस जारी करके कर्त्तव्यों की इतिश्री कर ली गई....? इस संबंध में विभिन्न संगठनों द्वारा सोमवार की शाम 4 बजे जिला कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

कृषि अधिकारियों ने किया कीटनाशक एवं खाद-बीज विक्रय प्रतिष्ठानों का निरीक्षण

जबलपुर। ग्रीष्मकालीन मूँग एवं उड़द की फसल लेने वाले किसानों को गुणवत्तापूर्ण कीटनाशक एवं खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा सोमवार को शहपुरा विकासखंड के कीटनाशक एवं खाद-बीज विक्रय प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। नुविभागीय अधिकारी कृषि पाटन डॉ इंदिरा त्रिपाठी के नेतृत्व किये गये निरीक्षण के दौरान विक्रय प्रतिष्ठानों से वैध कीटनाशकों के सम्बन्ध में रिकार्ड की जानकारी प्राप्त की गई। विक्रेताओं को रिकार्ड संधारित करने निर्देशित किया एवं एवं सही दाम पर विक्रय किये जाने कि हिदायत भी दी गई।

निरीक्षण में आदित्य कृषि केंद्र भेडाघाट, तक्ष कृषि केंद्र भेडाघाट, सार्थक सहायता कृषि सेवा केंद्र शहपुरा, पुनीत कृषि केंद्र शहपुरा में बिना प्रिंसिपल सर्टिफिकेट के कीटनाशक का भण्डारण पाये जाने पर विक्रय को प्रतिबंधित करते हुये कारण बताओ नोटिस जारी किया गया एवं तीन दिवस के अन्दर जबाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। जवाब संतोष पूर्ण नहीं होने पर वरिष्ठ कार्यालय को लायसेंस निलंबन की कार्यवाही हेतु प्रकरण भेजे जाने की चेतावनी दी गई। कृषि अधिकारियों ने चण्डोक मशीनिरी शहपुरा, श्रीराम कृषि केंद्र, कमलेश कृषि केंद्र चरगंवा का भी निरीक्षण किया जहां रिकार्ड सही पाये गये।निरीक्षण में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी शहपुरा मेघा अग्रवाल एवं एग्रीकल्चर एक्सटेंशन ऑफिसर एस के परतेती, मुस्कान गायकवाड़, निधि भलावी उपस्थित थे। अनुविभागीय अधिकारी कृषि पाटन डॉ. इंदिरा त्रिपाठी ने किसानों से अपील की है कि कृषि आदान के क्रय करते समय विक्रेता से पक्का बिल अवश्य लें। विक्रेता के द्वारा बिल न देने से या निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर इसकी लिखित शिकायत करें। जिससे संबंधित पर त्वरित कार्यवाही की जा सके।

सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

जबलपुर। विजयनगर थाना अतंर्गत खुड़ावल नाला के बाजू में सिहोरा के पास सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। विजयनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार हद्दुआ बंधा थाना सिहोरा निवासी 24 वर्षीय सतीश चौधरी को गत 3.45 बजे खुड़ावल नाला के बाजू में थाना सिहोरा के पास सड़क दुर्घटना में घायल होने से उपचार के लिए मेडीजोन अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार दौरान गत 21 अप्रैल की शाम लगभग 7.30 बजे सतीश चौधरी की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

संभागायुक्त ने ज्ञानाश्रय पर दिया लेक्चर

तेजी से बढ़ रहा है रसायन उद्योगः कमिश्नर

श्रीमती स्वाति वर्मा ने की विद्यार्थियों से चर्चा

जबलपुर। कमिश्नर अभय कुमार वर्मा ने ज्ञानाश्रय निःशुल्क कोचिंग क्लासेस में युवाओं को मार्गदर्शन करते हुये कहा कि रसायन उद्योग में ओर्गनिक और इन ओर्गनिक उद्योग तेजी से बढ़ रहा है। मानव जीवन में रसायन का महत्व बढ़ने से रसायन उद्योग में भी बढोत्तरी हो रही है। जैसे पैट्रोकैमिकल उद्योग, प्लास्टिक उद्योग, कोस्मेटिक प्रोडक्ट्स, कलर, डाई, फार्मास्यूटिकल्स उद्योग इत्यादि है। उन्होंने कहा कि भारत में पहला कैमिकल प्लांट 1901 में कोलकाता में खोला गया। देश में वर्तमान समय में रसायन उद्योग की संख्या लगभग 900 के करीब है। जिसमें कुल 23 तेल रिफाइनरी है। जिसमें मध्यप्रदेश के बीना में भारत पेट्रोलियम कॉपरेशन लिमिटेड द्वारा संचालित है। इसी तरह असम के डिगबोई, ओडिशा के पारादीप में जामनगर, भटिंडा आदि में स्थित है। जबकि फार्मास्यूटिकल्स उद्योग जो कि हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, सिक्किम आदि में फल-फूल रहा है। इनके लिए कौशल युक्त युवाओं, सरकार की नीतियों के कारण, फोरीन डायरेक्ट इनवेस्टमेंट में सौ प्रतिशत के साथ भारत में कोई भी विदेशी भी सीधा भारत में निवेश कर सकता है। भारत में फार्मास्यूटिकल्स उद्योग की संख्या 7500 से अधिक है। जिसमें सरकारी क्षेत्र के 20 है। जो कि बम्बई, पुणे ,नासिक, अहमदाबाद, बड़ोदरा में स्थित है। इसी के साथ कमिश्नर अभय वर्मा ने ओटो मोबाईल इंडस्ट्री, कॉटेज इंडस्ट्री, एग्रो बेस्ड इंडस्ट्री, शुगर इंडस्ट्री, मेगा फूड पार्क, ग्रीन फील्ड, ब्राउन फील्ड आदि को विस्तार से बताया। साथ ही क्लास के अंत में अभ्यर्थियों के साथ अपना जन्मदिन भी मनाया। इस दौरान आयुक्त श्री वर्मा की पत्नी श्रीमती स्वाति वर्मा ने छात्र छात्राओं से चर्चा की और नियमित ईमानदारी से पढ़ने की सलाह दी। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में छात्र छात्राओं से विस्तार से चर्चा की।

गेंहू खरीदी के लिये जिला उपार्जन समिति की बैठक सम्पन्न

जबलपुर। कलेक्टर दीपक सक्सेरना की अध्यक्षता में जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्यज पर गेंहू उपार्जन का कार्य सुचारू रूप से किये जाने के लिये सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश दिया गया।उन्होंने कहा कि सभी प्रतिदिन उपार्जन केन्द्रों का भ्रमण कर कृषको की समस्याओं का निराकरण कर कृषको को उपार्जन केन्द्री पर अपनी उपज विक्रय किये जाने के लिये प्रोत्सायहित करें। समस्तक खरीदी केन्द्ठ पर अनिवार्यतः उपज अपग्रेडेशन पर लगने वाले 20 रूपये प्रतिक्विंटल लेबर व्यकय की दर का बैनर लगवाना तथा उपार्जन केन्द्र पर लगे सभी सर्वेयर को निर्देशित किया गया कि एफएक्यू गुणवत्ता के मापदण्ड अनुसार किसानवार जानकारी संधारित की जावे एवं उपार्जन केन्द्रों पर कृषको की सुविधा के लिये समस्तद भौतिक सुविधाएं उपलब्धा कराना सुनिश्चित करें।

खेत में नरवाई जलाने पर प्रकरण दर्ज

जबलपुर। कटंगी थाना अतंर्गत ग्राम हरदुआ में खेत में नरवाइ जलाने के आदेश का उल्लंघन करने वालें एक आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बताया गया है कि आरोपी द्वारा नरवाई जलाने पर बाजू से लगे खेत में रखी नरवाई, 60 प्लास्टिक की पाईप और केबल वायर जलकर खाक हो गई। कटंगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम हरदुआ निवासी 34 वर्षीय उपेंद्र यादव की ग्राम हरदुआ में एक जमीन है उस जमीन में गेहूं की फसल बोयी थी जिसकी कटाई हो चुकी थी जिसकी नरवाई खेत में रखी हुई थी। वहीं खेत में बोर के पास 60 प्लास्टिक के पाईप रखे थे तथा बोर में 1100 फिट की केबल वायर लगी हुई थी। दोपहर लगभग 12.30 बजे ग्राम पड़रिया ब्यौहारी का भईयालाल रजकने अपने खेत की नरवाई में आग लगाया, जिससे आग कई खेतों में फैलते हुए उसे बोर वाले खेत में आग लग गई, खेत की नरवाई तथा खेत में रखे 60 प्लास्टिक के पाईप एवं बोर में लगी केबल वायर पूरी तरह जलकर खाक हो गई। जिससे उपेंद्र यादव को लगभग 50 हजार रुपए का नुकसान हो गया। कलेक्टर द्वारा पूर्व में पराली न जलाने हेतु आदेश पारित किया गया था इसके बावजूद बिना सुरक्षा के इंतजाम करते हुए भईयालाल रजक ने नरवाई जलाकर आदेश का उल्लंघन किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 435, 427, 188 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

मप्र कांग्रेस परिवहन प्रकोष्ठ के 29 लोकसभा प्रभारी घोषित

जबलपुर। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के परिवहन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सिंह पांधे ने प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार एवं प्रकोष्ठ प्रभारी जेपी धनोपिया की सहमति से मध्य प्रदेश के 29क्यू लोकसभा प्रभारियों की नियुक्ति की है सभी प्रभारियों को तत्काल अपने प्रभार लोकसभा क्षेत्र पहुंचकर कार्यक्रम करने दिशा निर्देश दिए हैं, जबलपुर शहर से प्रभारी पराजू यशोधरन सह प्रभारी रवि कोस्टा, दमोह से राजेश सिंह सह प्रभारी शरद परिहार, इंदौर से प्रभारी जसवीर सिंह खनुजा सह प्रभारी देवेन्द्र सिंह रुपल, टीकमगढ से रईस खान सह प्रभारी सतीश दुबे, खजुराहो से मोहम्मद रज्जाक सह प्रभारी विराट पांडे, शहडोल से करतार सिंह सह प्रभारी अशोक बजाज, भोपाल से प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू सह प्रभारी एस के संतानी, रतलाम से नितिन हसीजा सह प्रभारी कमलेश मोदी, सागर से अमित यादव सह प्रभारी सुनील साहू,मंदसौर से हेमंत गुर्जर सह प्रभारी सरबजीत सिंह खनूजा, रीवा से रजनीश पांडे सह प्रभारी से सिद्धार्थ कुशवाहा बालाघाट सिवनी से प्रभारी पूरन सिंह सह प्रभारी एजाज अहमद, छिंदवाड़ा से प्रभारी मनीष गुरुनानी सह प्रभारी विकास और गड़े, मंडला से डी एस पटेल प्रकाश पटेल, धार से श्री प्रभारी गणेश खेर सह प्रभारी नूर मोहम्मद, खरगोन से प्रभारी महेश सोदानी सह प्रभारी जसवीर सिंह मारवाह, खंडवा से प्रभारी मोहम्मद रफीक सह प्रभारी शकील अहमद, शहडोल से प्रभारी करतार सिंह सह प्रभारी अशोक बजाज, बैतूल से सैयद अहमद अली दिग्विजय परमार, मंदसौर से हेमंत गुर्जर सह प्रभारी सर्वजीत खनूजा, उज्जैन से अजय छाबरा सह प्रभारी आसिफ खान, मुरैना से प्रभारी प्रमोद शर्मा सह प्रभारी अमित कुमार जैन, भिंड से रईस खान सह प्रभारी मेवा सिंह, ग्वालियर से मुख्य प्रभारी राजीव मोदी से सह प्रभारी गणेश विश्वकर्मा, गुना से प्रभारी मनमोहन कुशवाहा सह प्रभारी रितेश कुशवाहा, सतना से प्रभारी सिद्धार्थ दीक्षित सह प्रभारी शैलइंद्र पुरानिक, सीधी से प्रभारी से महेंद्र प्रताप सिंह सह प्रभारी प्रदीप सिंह, खजुराहो से प्रभारी मोहम्मद रजाक सह प्रभारी विराट पांडे, होशंगाबाद से प्रभारी सुरेंद्र पाल भाटिया सह प्रभारी प्रभारी हरभजन सिंह सलूजा, राजगढ़ से प्रभारी श्री वाजिद अली खोकर सह प्रभारी कल्याण सिंह वर्मा, देवास प्रभारी गुरमीत सिंह भाटिया सह प्रभारी राजेन्द्र बेदी, विदिशा से प्रभारी मनोज यादव सह प्रभारी राजेंद्र पाल सिंह, टीकमगढ़ से प्रभारी रईस खान सह प्रभारी सतीश दुबे, इन सभी प्रभारी एवं सह प्रभारीओं को परिवहन प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष नरेंद्र सिंह पांधे ने निर्देशित किया है कि अपने-अपने प्रभार क्षेत्र में जाकर मतदाताओं से मिले और ट्रांसपोर्टर ट्रक ओनर से मिले उनकी समस्याएं सुनें और उन्हें इस बात के लिए प्रेरित करें कि कांग्रेस की सरकार आने पर आपकी जो परेशानी है उसे कांग्रेस सरकार दूर करने का काम करेगी आने वाले समय में आम मतदाताओं से अपने प्रभार क्षेत्र के लोगों से निवेदन करें कि कांग्रेस के पक्ष में वोट करें और कांग्रेस की सरकार देश में बढ़ती हुई महंगाई और भ्रष्टाचार को रोकने का प्रयास करेगी।

कु. किरणजोत कौर सैनी- महानद्दा रोड निवासी श्री रजिन्दर सिंह सैनी की पुत्री कु. किरणजोत कौर सैनी (13) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

श्री कृष्ण कुमार गुप्ता- जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री कृष्ण कुमार गुप्ता (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री राम सहाय- असाटी कॉलोनी माढ़ोताल निवासी श्री राम सहाय (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

श्री शंकर लाल विश्वकर्मा- छुई खदान अंचल नगर मुखर्जी वार्ड निवासी श्री शंकर लाल विश्वकर्मा (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री कृष्ण कांत निगम- गोरखपुर थाने के सामने निवासी श्री कृष्ण कांत निगम (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती सरस्वती बाई चौधरी- मदार टेकरी शंकर चौक निवासी श्री राधेलाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती सरस्वती बाई चौधरी (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती भारती ठाकुर- गोरखपुर निवासी श्री केएस ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती भारती ठाकुर (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती गुलाब बाई कोरी- सिंधी कैंप खटीक मोहल्ला निवासी श्री ताराचंद कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती गुलाब बाई कोरी (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री परसराम तिवारी- आमनपुर मदनमहल निवासी श्री परसराम तिवारी (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री राजेंद्र ठाकुर- नई बस्ती कांचघर निवासी श्री राजेंद्र ठाकुर (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती हूबराजी- आईटीआई माढ़ोताल निवासी श्रीमती हूबराजी (97) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री अमर ठाकुर- गोकलपुर निवासी श्री गुलाब सिंह ठाकुर के पुत्र श्री अमर ठाकुर (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री लोकेश कोरी- छापर शिवाजी नगर रामपुर निवासी श्री मगरू कोरी के पुत्र श्री लोकेश कोरी (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री विकास चौरसिया- दुर्गा कॉलोनी शीतलामाई घमापुर निवासी श्री शिवचरण चौरसिया के पुत्र श्री विकास चौरसिया (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री लक्ष्मण दास जिज्ञासी- गली नं. 2 भल्ला कॉलोनी रेतनाका ललपुर रोड निवासी श्री लक्ष्मण दास जिज्ञासी (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती दुजिया बाई- करियापाथर आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री गफलू प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती दुजिया बाई(110) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती सुकंती बाई बंशकार- प्रेमसागर निवासी श्री फग्गू लाल बंशकार की धर्मपत्नी श्रीमती सुकंती बाई बंशकार (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

फिक्स साइज:-	8x4 से.मी.	ब्लैक&व्हाईट	300/-
फिक्स साइज:-	8x4 से.मी.	रंगीन	400/-
फिक्स साइज	10x8 से.मी.	रंगीन	1000/-

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

खबर संक्षेप

सोना कॉमस्टार ने मेक्सिको में नया संयंत्र किया शुरू

नई दिल्ली। वाहनों के कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी सोना बीएलडब्ल्यू प्रिसिजन फोर्जिंग्स (सोना कॉमस्टार) ने सोमवार को कहा कि उसने मेक्सिको में एक नया कारखाना चालू किया है। उत्तरी अमेरिका में बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए समाधानों की बढ़ती मांग को पूरा करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

एस्कॉर्ट्स कुबोटा एक मई से बढ़ाएगी ट्रैक्टरों की कीमत

नई दिल्ली। कृषि संबंधी मशीन व निर्माण उपकरण बनाने वाली कंपनी एस्कॉर्ट्स कुबोटा एक मई से अपने ट्रैक्टरों की कीमतें बढ़ाएगी। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि कृषि-मशीनरी व्यवसाय प्रभाग एक मई 2024 से ट्रैक्टरों की कीमतों में वृद्धि करेगा। कीमतों में बढ़ोतरी मॉडल/वेरिएंट और भौगोलिक क्षेत्रों के अनुसार अलग-अलग होगी।

सूरज एस्टेट डेवलपर्स ने मुंबई में खरीदी जमीन



नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी सूरज एस्टेट डेवलपर्स लिमिटेड ने एक परियोजना के निर्माण के लिए मुंबई में 33 करोड़ रुपये में 1,073 वर्ग मीटर जमीन खरीदी है। उसने ''33.10 करोड़ रुपये की कुल कीमत पर मुंबई के माहिम (पश्चिम) में लेडी जमशेदजी रोड पर 1,073.42 वर्ग मीटर के 'फ्रीहोल्ड' भूखंड का अधिग्रहण किया है।

रुपया सात पैसे की तेजी के साथ 83.37 प्रति डॉलर

मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में तेजी के रुख के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया सोमवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले सात पैसे की तेजी के साथ 83.37 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने के कारण भी रुपये को समर्थन मिला।

जोमैटो ने शुल्क बढ़ाकर प्रति ऑर्डर पांच रुपए किया

नई दिल्ली। होटल से खाना ऑर्डर की सुविधा देने वाला 'ऑनलाइन' मंच जोमैटो ने चुनिंदा बाजारों में अपने शुल्क को 25 प्रतिशत बढ़ाकर चार रुपये से पांच रुपये प्रति ऑर्डर कर दिया है। शहरी फूड डिलिवरी सर्विस 'इंटरसिटी लीजेंड्स' को भी रोक दिया है। यह एक कारोबारी कदम है जिन्हें हम समय-समय पर विभिन्न कारकों के आधार पर लेते हैं।'

रिलायंस जियो के लाभ में 13 फीसदी का इजाफा

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी रिलायंस जियो का एकल आधार पर शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2023-24 की मार्च तिमाही में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 5,337 करोड़ रुपये रहा। कंपनी की परिचालन आय चौथी तिमाही में 11 प्रतिशत बढ़कर 25,959 करोड़ रुपये रही। रिलायंस जियो ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 13.16 प्रतिशत बढ़कर 5,337 करोड़ रुपये रहा जो इससे वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में 4,716 करोड़ रुपये था।

बढ़ती गर्मी और जलवायु परिवर्तन से महंगी हो सकती है 'भोजन की थाली'!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में खुदरा महंगाई में भले ही नरमी आने लगी है, लेकिन आम लोगों की परेशानियां इसके बाद भी बढ़ सकती हैं। आम लोगों को आने वाले दिनों में भोजन की थाली के लिए ज्यादा दाम चुकाना पड़ सकता है। इसका कारण बढ़ती गर्मियां और जलवायु परिवर्तन है। दरअसल जलवायु परिवर्तन का असर अब प्रत्यक्ष दिखने लगा है। हर साल गर्मियां पहले की तुलना में ज्यादा पड़ रही हैं। इस बार मौसम विभाग ने मानसून के सामान्य रहने की भविष्यवाणी की है, लेकिन उससे पहले लोगों को प्रचंड गर्मियों का सामना करना पड़ रहा है। देश के कई इलाकों में अप्रैल महीने में ही हीटवेव का प्रकोप दिख रहा है। भारतीय मौसम विभाग ने कहा भी है कि इस साल अप्रैल से जून के बीच एक्सट्रीम हीटवेव वाले दिनों की संख्या 10-20 से ज्यादा रह सकती है। यह पिछले साल की तुलना में लगभग डबल है।

- हर साल गर्मियां पहले की तुलना में ज्यादा पड़ रही हैं

भोजन की थाली के लिए ज्यादा दाम चुकाना पड़ सकता है

गेहूं से लेकर मछली तक जोखिम

इस तरह की प्रचंड गर्मियों से सिर्फ इंसानों के शरीर पर ही असर नहीं होगा, बल्कि खाने-पीने की चीजों पर भी असर दिख सकता है। एक रिपोर्ट में विशेषज्ञों के हवाले से कहा गया है कि एक्सट्रीम हीट वेव के चलते गेहूं जैसे जरूरी अनाज के साथ-साथ कॉफी और डेयरी, यहां तक कि हिलसा मछली तक की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। आपूर्ति प्रभावित होने से बाजार में इनकी उपलब्धता पर असर होगा, जो सीधे भोजन की थाली पर असर दिखाएगा।

इतना कम हो सकता है गेहूं का उत्पादन

रिपोर्ट में अनचार्टेड वाटर्स की एक रिसर्च का हवाला दिया गया है। रिसर्च का कहना है कि प्रचंड गर्मियों के बाद अधिक सर्दियां पड़ने से महत्वपूर्ण उत्पादक राज्यों में गेहूं की उपज पर 20 फीसदी तक असर हो सकता है। इससे ओवरऑल गेहूं के उत्पादन में 5 से 10 फीसदी की कमी आ सकती है। इसका कारण है कि सर्दियां देर तक पड़ने से गेहूं की बुवाई में देरी होती है और उसके बाद जल्दी गर्मियों के जोर पकड़ने से फसल तैयार होने से पहले पकने लग जाते हैं।

भारत के लिए अधिक गंभीर स्थिति

रिसर्च के अनुसार, इसी तरह का असर सब्जियों से लेकर दालों की फसलों पर दिख सकता है। यहां तक कि एक्स्ट्रीम वेदर से मछलियों पर भी असर हो सकता है और लोगों की सुबह की कॉफी महंगी हो सकती है। कुल मिलाकर कह सकते हैं कि अगर इसी तरह से जलवायु परिवर्तन का असर होता रहा और मौसम के चक्र पर प्रभाव पड़ता रहा तो आने वाले दिनों में भूख मिटाना बड़ी चुनौती बन सकती है। खासकर भारत जैसे देशों में स्थिति गंभीर हो सकती है, जहां अभी करीब 80 करोड़ लोगों को सरकारी खाद्यान्न योजना का सहारा लेना पड़ रहा है।

एमडीएच और एवरेस्ट के चार उत्पादों पर लगाया प्रतिबंध

सिंगापुर, हांगकांग में कुछ मसाला उत्पादों पर लगे प्रतिबंध की जांच कर रहा मसाला बोर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय मसाला बोर्ड ने सोमवार को कहा कि वह हांगकांग और सिंगापुर की तरफ से भारतीय ब्रांड एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसाला-मिश्रित उत्पादों की बिक्री पर लगाए गए प्रतिबंधों की जांच कर रहा है।

कथित तौर पर स्वीकार्य सीमा से अधिक कीटनाशक 'एथिलीन ऑक्साइड' होने से इन पर पाबंदी लगाई गई है। हांगकांग के खाद्य सुरक्षा नियामक ने उपभोक्ताओं से इन मसाला उत्पादों को न खरीदने और व्यापारियों को नहीं बेचने के लिए कहा है। वहीं सिंगापुर खाद्य एजेंसी ने उत्पादों को वापस लेने का निर्देश दिया है।

32 हजार करोड़ का मसाला किया था निर्यात

वर्ष 2022-23 में देश ने करीब 32,000 करोड़ रुपये का मसाला निर्यात किया था। हांगकांग के खाद्य सुरक्षा केंद्र (सीएफएस) ने पांच अप्रैल को कहा था कि दो भारतीय ब्रांडों के कई डिब्बाबंद मसाला-मिश्रण उत्पादों के नमूनों में कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड पाया गया है।

भारत दुनिया का सबसे बड़ा मसाला उत्पादक

भारतीय मसाला बोर्ड की निदेशक एबी रेमा श्री ने कहा, 'हम इस मामले को देख रहे हैं। हम इस पर काम कर रहे हैं।' इस संदर्भ में टिप्पणी के लिए कंपनियों से तत्काल संपर्क नहीं किया जा सका। भारत दुनिया का सबसे बड़ा मसालों का उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक है।

- स्वीकार्य सीमा से अधिक कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड मिला
- हांगकांग के खाद्य सुरक्षा नियामक ने व्यापारियों को नहीं बेचने कहा
- सिंगापुर खाद्य एजेंसी ने उत्पादों को वापस लेने का निर्देश दिया

परीक्षण में मिला कीटनाशक

सीएफएस के प्रवक्ता ने कहा, 'परीक्षण के नतीजों से पता चला कि नमूनों में कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड मौजूद था।' सीएफएस ने संबंधित विक्रेताओं को इन अनियमितताओं के बारे में सूचित कर दिया है और उन्हें बिक्री रोकने और प्रभावित उत्पादों को हटाने का निर्देश दिया है।

उत्पाद को इस्तेमाल न करने की सलाह

इस बीच, हांगकांग खाद्य प्राधिकरण ने लोगों को इन उत्पादों का इस्तेमाल न करने की सलाह दी है। इसके अलावा प्रभावित उत्पादों का उपयोग या बिक्री तुरंत बंद करने का निर्देश कारोबारों को भी दिया गया। सीएफएस ने अपने नियमित खाद्य निगरानी कार्यक्रम के तहत परीक्षण के लिए सिम शा सुई में तीन खुदरा दुकानों से नमूने एकत्र किए थे।

मामले की जांच चल रही

इन उत्पादों में एमडीएच का मद्रास करी पाउडर, एवरेस्ट फिश करी मसाला, एमडीएच सांभर मसाला, मिश्रित मसाला पाउडर, एमडीएच करी पाउडर मिश्रित मसाला पाउडर शामिल हैं। सीएफएस ने कहा कि इस मामले में जांच चल रही है।

अधिकतम 50 हजार डॉलर का जुर्माना व जेल

सीएफएस ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति स्वीकृत सीमा से अधिक कीटनाशक वाले खाद्य पदार्थ बेचता है, तो दोषी पाए जाने पर अधिकतम 50,000 डॉलर का जुर्माना और छह महीने की कैद हो सकती है। हांगकांग के बाद सिंगापुर फूड एजेंसी (एसएफए) ने भी भारत से आयातित 'एवरेस्ट फिश करी मसाला' को वापस मंगाने का आदेश दिया और यह वापसी जारी है।

आयातकों ने उत्पाद वापस मंगाना शुरू किया

सीएफएस के निर्देश के बाद संबंधित वितरकों और आयातकों ने प्रभावित उत्पादों को वापस मंगाना शुरू कर दिया है। सीएफएस ने कहा कि इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर ने 'एथिलीन ऑक्साइड' को समूह-1 कार्सिनोजेन के रूप में वर्गीकृत किया है।

छोटे निर्यातकों ने शुल्क माफी योजना को सितंबर तक जारी रखने की मांग की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कई छोटे निर्यातकों ने निर्यात दायित्व में चूक के एकमुश्त निपटान वाली शुल्क माफी योजना को सितंबर तक जारी रखने का सरकार से अनुरोध किया है। एक उद्योग निकाय ने सोमवार को यह जानकारी दी।

- छोटे निर्यातक योजना का लाभ नहीं उठा पा रहे
- अंतिम तिथि 31 मार्च, 2024 को समाप्त हो गई

लुधियाना स्थित हैंड टूल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम स्तर के उद्यमों (एमएसएमई) को 45 दिनों के भीतर भुगतान करने का अपना दायित्व पूरा करने के कारण कई छोटे निर्यातक इस योजना का लाभ नहीं उठा पाए हैं। वित्त अधिनियम 2023 के माध्यम से पेश किए गए आयकर अधिनियम की धारा 43बी (एच) के अनुसार, यदि कोई बड़ी कंपनी एमएसएमई को 45 दिनों के भीतर भुगतान नहीं करती है तो वह उस खर्च को अपनी कर-योग्य आय में से नहीं घटा सकती है। ऐसा होने पर उसे अधिक कर देना पड़ेगा। रल्हन ने कहा, 'इसकी वजह से हमने इकाइयों को भुगतान करने के लिए अपने पैसे का इस्तेमाल किया और कई लोग माफी योजना के तहत आवेदन नहीं कर पाए।

वाणिज्य मंत्रालय को भेजेंगे पत्र

नई विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) में, निर्यातकों के लिए अग्रिम और ईपीसीजी (पूंजीगत वस्तुओं के लिए निर्यात प्रोत्साहन) लाइसेंस धारकों द्वारा निर्यात दायित्व में चूक के एकमुश्त निपटान के लिए योजना की घोषणा की गई थी। रल्हन ने कहा कि वे जल्द ही इस संबंध में वाणिज्य मंत्रालय को पत्र भेजेंगे।

सेंसेक्स ने 560 अंकों की छलांग लगाई, निफ्टी 22,300 के पार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- कच्चे तेल की कीमतों में कमी का पड़ा असर
- विदेशी निवेशकों ने की जम कर खरीदारी

एशियाई और यूरोपीय बाजारों में तेजी, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और विदेशी निवेशकों की खरीदारी आने से सोमवार को घरेलू मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी करीब एक प्रतिशत तक उछलकर बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 560.29 अंक यानी 0.77 प्रतिशत चढ़कर 73,648.62 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 679.47 अंक बढ़कर 73,767.80 पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 189.40 अंक यानी 0.86 प्रतिशत बढ़कर 22,336.40 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, विप्रो, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एशियन पेंट्स के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ, एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। एचडीएफसी सिक्योरिज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, 'भू-राजनीतिक तनाव के नरम पड़ने से सोमवार को अधिकांश वैश्विक बाजारों में तेजी का माहौल रहा।' एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में रहे जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट निचले स्तर पर बंद हुआ।

दो दिन की तेजी से निवेशकों को 4.97 लाख करोड़ का लाभ

शेयर बाजार में दो दिन से तेजी का सिलसिला रहने से निवेशकों की संपत्ति 4.97 लाख करोड़ रुपये बढ़ गयी। इस तेजी के साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,97,442.93 करोड़ रुपये बढ़कर 3,97,86,490.93 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

घरेलू हवाई यातायात नए मुकाम पर



नई दिल्ली। घरेलू हवाई यातायात रविवार को नए मुकाम पर पहुंच गया। उस दिन रिकॉर्ड 4,71,751 यात्रियों ने हवाई सफर किया। आधिकारिक आंकड़ों से यह बात सामने आई है। रविवार को हवाई यातायात कोविड-पूर्व की औसत संख्या 3,98,579 यात्रियों से 14 प्रतिशत अधिक रहा। नागर विमानन मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, घरेलू हवाई यात्रियों की कुल संख्या 21 अप्रैल (रविवार) को 4,71,751 रही जबकि इस दौरान कुल 6,128 उड़ानें संचालित की गईं। यह संख्या 21 अप्रैल, 2023 को दर्ज किए गए 4,28,389 यात्रियों और 5,899 उड़ानों के घरेलू हवाई यातायात से अधिक है। मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत का घरेलू विमानन क्षेत्र 'हर दिन एक नई ऊंचाई पर' पहुंच रहा है। मंत्रालय ने कहा, 'भारत में घरेलू विमानन में अभूतपूर्व वृद्धि देखी जा रही है।

- कंपनी का लाभ 28 .01 रुपए प्रति शेयर रहा

रिलायंस इंडस्ट्रीज का लाभ 18,951 करोड़ पर स्थिर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विविध कारोबार में सक्रिय रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में 18,951 करोड़ रुपये रहा। तेल एवं पेट्रोकेमिकल व्यवसाय सुधरने और दूरसंचार एवं खुदरा कारोबारों में रफ्तार कायम रहने के बावजूद शुद्ध लाभ लगभग स्थिर रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने सोमवार को शेयर बाजार को जनवरी-मार्च, 2024 तिमाही के नतीजों की सूचना दी। इसके मुताबिक, मार्च तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 18,951 करोड़ रुपये यानी 28.01 रुपये प्रति शेयर रहा, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 19,299 करोड़ रुपये यानी 28.52 रुपये प्रति शेयर था। तेल की कीमतें ऊंची रहने से कंपनी का परिचालन राजस्व आलोच्य तिमाही में 11 प्रतिशत बढ़कर 2.64 लाख करोड़ रुपये हो गया। वहीं, पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में रिलायंस ने 69,621 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड शुद्ध लाभ कमाया जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 66,702 करोड़ रुपये रहा था। इसके साथ ही रिलायंस इंडस्ट्रीज पिछले वित्त वर्ष में 10 लाख करोड़ रुपये का कारोबार करने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई। समीक्षाधीन वर्ष में कंपनी का कारोबार 2.6 प्रतिशत बढ़कर 10 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 9.74 लाख करोड़ रुपये था।

पेटीएम ने देश में बने साउंडबाक्स पेश किए...

नई दिल्ली। पेटीएम ने सोमवार को यूपीआई और क्रेडिट कार्ड से यूपीआई भुगतान के लिए भारत में बने दो साउंडबॉक्स पेश किए। पेटीएम के संस्थापक और सीईओ विजय शेखर शर्मा ने कहा कि उन्नत साउंडबॉक्स बेहतर ध्वनि गुणवत्ता और बैटरी लाइफ से लैस हैं। ये साउंडबॉक्स भारतीय परिस्थितियों के लिए के लिहाज से तैयार किये गये हैं। शर्मा ने कहा कि देश में भारी शोर वाले वातावरण के मद्देनजर इन मिश्रित साउंडबॉक्स की जरूरत महसूस की गई।

चांदी रिकॉर्ड स्तर से नीचे आई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में तनाव घटने के बीच कमजोर वैश्विक रुख होने के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोना और चांदी की कीमतें रिकॉर्ड स्तर से नीचे आ गई। सोने के भाव में 450 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट आई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा कि वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के कारण दिल्ली में सोना 450 रुपये की गिरावट के साथ 73,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। शुक्रवार को सोना 74,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसी तरह, चांदी की कीमत भी 1,100 रुपये लुढ़ककर 85,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। इसका पिछला बंद भाव 86,600 रुपये प्रति किलोग्राम था।



- ईरान-इजराइल तनाव घटने से सोना 450 रुपए घटा
- चांदी 1100 रुपए लुढ़क कर 85,500 रुपए किलो

'दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 73,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा। यह पिछले बंद भाव से 450 रुपये कम है।' अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,365 डॉलर प्रति औंस पर रहा जो पिछले बंद भाव से 26 डॉलर नीचे है।

जून के अनुबंध में चांदी की कीमत घटी

चांदी भी गिरावट के साथ 27.95 डॉलर प्रति औंस पर रही। पिछले सत्र में यह 28.66 डॉलर प्रति औंस पर रही थी। इस बीच, एमसीएक्स के वायदा कारोबार में सोना 888 रुपये गिरकर 71,918 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। सबसे अधिक कारोबार वाला जून अनुबंध दिन के कारोबार में 71,704 रुपये प्रति 10 ग्राम के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया।

सीबीआई, आईओसी, बीओएम, यूको बैंक और पंजाब एंड सिंध बैंक में होगी हिस्सेदारी कम

सरकार पांच सरकारी बैंकों में हिस्सेदारी बेचने की तैयारी में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के 5 बैंकों में अपनी हिस्सेदारी घटाने की तैयारी शुरू कर दी है। वित्त वर्ष 2017 से 2022 के बीच सरकार ने इन सभी बैंकों में काफी पूंजी डाली थी।

- एमपीएस नियम का पालन करने के लिए अगस्त 2024 तक का समय दिया गया

इसके चलते बैंकों की बड़ी हिस्सेदारी सरकार के पास है। सरकार विनिवेश करके इन बैंकों का एनपीए कम करने की कोशिश करेगी ताकि इनकी बैलेंस शीट सुधारी जा सके। सरकार जल्द ही सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, यूको बैंक और पंजाब एंड सिंध बैंक में अपनी हिस्सेदारी कम कर सकती है। इस विनिवेश के जरिए सरकार मिनिमम पब्लिक शेयरहोल्डिंग के नियम का भी पालन सुनिश्चित कर सकेगी।

4 बैंकों में 90 फीसदी से भी ज्यादा है सरकार की हिस्सेदारी

पंजाब एंड सिंध बैंक में सरकार की हिस्सेदारी 98.25 फीसदी, इंडियन ओवरसीज बैंक में 96.38 फीसदी, यूको बैंक में 95.39 फीसदी और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में 93.08 फीसदी है। हाल ही में यूनियन बैंक ने क्यूआईपी के जरिए लगभग 3000 हजार करोड़ रुपये जुटाए थे। अब बैंक में पब्लिक होल्डिंग 25.24 फीसदी हो चुकी है।

मार्केट वैल्यू बढ़ाने में मदद मिलेगी : सरकार ने इन सभी बैंकों को सूचित कर दिया है कि वह एमपीएस नियम का पालन करने के लिए इक्विटी बेचने की तैयारी करें। इससे इन बैंकों को अपनी मार्केट वैल्यू भी बढ़ाने में मदद मिलेगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एमपीएस न हासिल करने से मार्केट में गलत संदेश जाता है। इसलिए सरकार इस फैसले को टालेगी नहीं।

पब्लिक होल्डिंग : फिलहाल पंजाब एंड सिंध बैंक में पब्लिक होल्डिंग 1.75 फीसदी, इंडियन ओवरसीज बैंक में 3.62 फीसदी, यूको बैंक में 4.61 फीसदी, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में 6.92 फीसदी और बैंक ऑफ महाराष्ट्र में 13.54 फीसदी है।

एमपीएस नियम की डेडलाइन अगस्त, 2024

मार्केट रेगुलेटर सेबी के नियमों के अनुसार, किसी भी कंपनी को लिस्टिंग के 3 साल के अंदर मिनिमम पब्लिक शेयरहोल्डिंग 25 फीसदी करनी होती है। सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट दी है कि इन सभी 5 बैंकों के लिए एमपीएस नियम का पालन करने के लिए अगस्त, 2024 तक अक समय है। इसलिए सरकार इससे पहले ही इन बैंकों में अपनी हिस्सेदारी घटा सकती है।

इफको इस सप्ताह नैनो यूरिया प्लस का उत्पादन करेगी शुरू

नई दिल्ली। देश की प्रमुख सहकारी संस्था इफको ने सोमवार को कहा कि वह इस सप्ताह 'नैनो यूरिया प्लस' उर्वरक का उत्पादन शुरू करेगी और इसकी वाणिज्यिक बिक्री एक मई से शुरु होगी। नैनो यूरिया प्लस नैनो यूरिया का एक नया संस्करण है। यह महत्वपूर्ण विकास चरणों में फसल की नाइट्रोजन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए है। फिलहाल, इफको वजन के अनुसार 1-5 प्रतिशत नाइट्रोजन सामग्री के साथ 'नैनो यूरिया' प्रदान करता है। हालांकि, नैनो यूरिया प्लस उर्वरक में वजन के हिसाब से 16 प्रतिशत नाइट्रोजन सामग्री होती है।

चिंतन

सूरत में निर्विरोध निर्वाचन लोकतंत्र पर खतरा नहीं

अठारहवीं लोकसभा के चल रहे मतदान की प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही भाजपा के खाते में एक सीट आ गई है। गुजरात की सूरत लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया है। इस सीट से कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन रद हो गया था, जबकि बाकी बचे आठ उम्मीदवारों ने अपना नामांकन नाम वापसी की आखिरी तारीख तक वापस ले लिया था। रविवार को निर्वाचन अधिकारी ने सूरत सीट से कांग्रेस उम्मीदवार नीलेश कुम्भाणी का नामांकन प्रस्तावकों के हस्ताक्षर में प्रथम दृष्टया विसंगति होने के बाद रद कर दिया था। हालांकि नामांकन रद होने को लेकर देश में राजनीति तेज है, कांग्रेस निर्वाचन आयोग पर बेहद आक्रामक है। कांग्रेस ने नामांकन रद के खिलाफ अदालत जाने की बात कही है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि 'यह बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के संविधान को खत्म करने की दिशा में बढ़ाया गया एक और कदम है।' उन्होंने कटाक्ष किया कि 'तानाशाही की असली 'सूरत' एक बार फिर देश के सामने है।' इस बीच सूरत की डीएम ने सफाई दी है कि कांग्रेस उम्मीदवार के पर्चे पर हस्ताक्षर करने वाले गवाहों को समय से पेश होने को कहा गया था, पर कांग्रेस के उम्मीदवार ने आदेश का पालन नहीं किया। समय सीमा समाप्त होने के बाद ही चुनाव आयोग ने निर्विरोध निर्वाचन का निर्णय लिया। दिलचस्प है कि कांग्रेस के नामांकन रद होने के तकनीकी कारण रहे, लेकिन बाकी बचे आठ प्रत्याशियों ने आखिर अपना नामांकन वापस क्यों ले लिया? क्या वे सब किसी दबाव में थे? या डम्मी उम्मीदवार थे? बचे प्रत्याशियों ने चुनाव लड़े क्यों नहीं? यह चिंतनीय है। नाम वापस लेने वालों में बसपा उम्मीदवार भी हैं। क्या बसपा के पास जवाब है कि उसके उम्मीदवार ने ऐसा क्यों किया? अच्छा होता वहां मुकाबला होता, जनता को अपने मतदान का अवसर मिलता। चुनाव आयोग को ऐसी सूरत से बचने के लिए कानूनी तौर पर कोई प्रावधान करना चाहिए, जिसमें मतदान के अधिकार से जनता वंचित न हो। क्या पता मतदाताओं का फैसला क्या होता? और आजकल तो नोटा विकल्प है, इसलिए एक प्रत्याशी की स्थिति में भी मतदान तो कराया ही जा सकता है। एक दशक पहले तक नोटा विकल्प नहीं था, पर अब है। लगता है चुनाव आयोग ने मतदान के नोटा समेत विभिन्न विकल्पों पर विचार ही नहीं किया। प्रत्याशी बनाम नोटा चुनाव तो हो ही सकते थे। कांग्रेस का आरोप कि लोकतंत्र खतरे में है, जो सरासर अनर्गल है। यह पहली बार नहीं है कि लोकसभा में उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हों। मुकेश दलाल बीते 12 साल में लोकसभा चुनाव में निर्विरोध जीत हासिल करने वाले पहले उम्मीदवार हैं। अरुणाचल प्रदेश में अभी विधानसभा चुनावों में भाजपा के 10 उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। 1951 से अब तक हुए संसदीय चुनाव में कम से कम 34 अन्य उम्मीदवारों को निर्विरोध जीत हासिल हुई थी। सपा की डिंपल यादव को 2012 में कन्नौज लोकसभा सीट के उपचुनाव में निर्विरोध जीत मिली थी। आम चुनाव में निर्विरोध जीत हासिल करने वालों में वाई.बी. चव्हाण, फारूक अब्दुल्ला, हरेकृष्ण महताब, टीटी कृष्णामाचारी, पीएम सईद और एससी जमीर शामिल हैं। अब तक कांग्रेस पार्टी के सबसे अधिक उम्मीदवारों ने लोकसभा चुनाव में निर्विरोध जीत हासिल की है। निर्विरोध निर्वाचन लोकतंत्र के खतरा नहीं है।

विश्लेषण
विवेक शुक्ला

दक्षिण में मजबूत होती भाजपा

भाजपा ने दक्षिण का किला फतेह करने के लिए इस बार अपने दो बेहद तेज–तर्रार मुख्यमंत्रियों क्रमशः योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के साथ-साथ यह दोनों भी दक्षिण भारत में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने में अहम रोल निभाने जा रहे हैं। कर्नाटक में भाजपा की पैठ मजबूत है। तमिलनाडु में एड़ी चोटी एक कर रही है। करले में भाजपा तेजी से अपनी पकड़ मजबूत कर रही है। अमित शाह खुद वहां मेहनत कर रहे हैं। तेलंगाना में पार्टी ने काफी कोशिश की है, स्थानीय नेतृत्व खड़ा किया है। आंध्रप्रदेश में भाजपा व टीडीपी प पवन कल्याण की पार्टी में गठबंधन है। यह विनिंग गठबंधन है।

पिछली 19 अप्रैल को तमिलनाडु की सभी 39 लोकसभा सीटों के लिए मतदान हो गया। तमिलनाडु में हिन्दू आबादी 87 फीसदी से अधिक है। इधर भाजपा को इस बार बेहतर प्रदर्शन करने का भरोसा है। भाजपा कोयंबटूर और कन्याकुमारी को छोड़कर राज्य में कहीं कोई बड़ी पकड़ नहीं बना सकी है। जानने वाले जानते हैं कि तमिलनाडु में भाजपा मजबूत नहीं हुई, इसका सबसे बड़ा कारण राज्य में नेतृत्व का अभाव रहा। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने इस धारणा को बदल दिया है और फिर पूर्व आईपीएस अधिकारी के. अन्नामलाई को तमिलनाडु का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद द्रविड़ पार्टी के प्रभुत्व वाले दक्षिणी राज्य में भाजपा की संभावनाएं काफी बढ़ गई हैं। अन्नामलाई राज्य में पार्टी के लिए जमीन तैयार करने में काफी हद तक सफल भी हुए हैं।

नरेन्द्र मोदी और अमित शाह लगातार अन्नामलाई के नेतृत्व को अपना समर्थन देते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य के सघन दौरे किए। उनकी सभाओं में भारी जनसमूह उमड़ा। उन्हें सुना गया। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी जनता को विस्तार से दी। भाजपा को इस बार तमिलनाडु में मछुआरों, महिलाओं तथा समाज के अन्य वर्गों से वोट मिले हैं। भाजपा मतदाताओं के सामने भ्रष्टाचार और वंशवादी राजनीति के मुद्दों को लेकर गई। अन्नामलाई ने पूरे राज्य की पदयात्रा करके भाजपा के लिए माहौल बनाया। सात महीने की लंबी यात्रा का समापन स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। कोयंबटूर से खुद अन्नामलाई चुनावी मैदान में थे। अमित शाह का दावा है कि 4 जून को देश तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में भी चौंकाने वाले नतीजे देगी। दक्षिण भारत में लोकसभा की कुल मिलाकर 130 सीटें हैं। इसमें तमिलनाडु (39), कर्नाटक (28), आंध्रप्रदेश (25), तेलंगाना (17), केरल (20) और पुदुचेरी (1) शामिल हैं।

भाजपा ने दक्षिण का किला फतेह करने के लिए इस बार अपने दो बेहद तेज–तर्रार मुख्यमंत्रियों क्रमशः योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी है। यह दोनों ही अपने कुशल नेतृत्व के चलते उत्तर प्रदेश और गोवा को विकास की बुलंदियों पर लेकर जा रहे हैं। प्रमोद सावंत कर्नाटक में भाजपा के उम्मीदवारों के पक्ष में कैंपन कर रहे हैं। वे कर्नाटक में अपना भाषण कन्नड़ में देते हैं। योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत की अखिल भारतीय छवि बन चुकी हैं। योगी आदित्यनाथ पूर्व में कर्नाटक में कैंपन करते रहे हैं। उन्हें कर्नाटक का युवा, मेहनतकश और महिलाएं बहुत ध्यान से सुनती हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश को देश के सबसे विकसित होते राज्य की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। अगर बात प्रमोद सावंत की करें तो वे गोवा की स्थापित छवि को बदल रहे हैं। वे चाहते हैं कि गोवा को उसके समुद्री तटों, गिरिजाघरों के अलावा उसके समृद्ध अतीत के रूप में भी जाना जाए। गोवा को लेकर एक खास तरह की धारणा बना दी गई है, जबकि सच्चाई यह है कि गोवा सनातन भूमि है। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने पर्यटन संग आध्यात्मिक राष्ट्रवाद से गोवा को

विकसित बनाने का संकल्प लिया है। बेशक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के साथ-साथ यह दोनों भी दक्षिण भारत में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने में अहम रोल निभाने जा रहे हैं। बात कर्नाटक की करें तो यहां पर भाजपा बड़ी मौजूदगी है। भाजपा ने पहली बार 2008 में कर्नाटक में अपनी उपस्थिति दर्ज की थी। भाजपा तटीय कर्नाटक क्षेत्र में मजबूत है। कर्नाटक में भाजपा के मजबूत होने का एक और कारण जाति है। कर्नाटक में लिंगायत और ब्राह्मण हमेशा भाजपा का समर्थन करते हैं, जबकि वोक्कालिगा, दलित और अल्पसंख्यक या तो कांग्रेस या जनता दल (सेक्युलर) को वोट देते हैं। कर्नाटक वास्तव में भाजपा के लिए एक गढ़ है। यह भारत के दक्षिण में एक ऐसा राज्य है जहां भाजपा अपनी राजनीतिक पैठ बनाने में अकेले सक्षम है।

केरल में 54 फीसदी आबादी हिंदू है। यह दक्षिण भारत का एकमात्र राज्य है जहां किसी भी एक दल को अकेले राज्य विधानसभा में पूर्ण बहुमत नहीं मिलता। केरल का चुनाव गठबंधन से ही जीता जाता है। कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट है तो कम्युनिस्ट पार्टियों के नेतृत्व वाला लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट। भाजपा केरल में अपनी जगह बनाने में लगी है। भाजपा के खिलाफ केरल में यह प्रचार किया गया है कि यह हिंदी पार्टी है। स्थानीय स्तर पर भाजपा कैडर धार्मिक उन्मादियों से लड़ रहे हैं। केरल में ईसाई समुदाय तेजी से भाजपा की ओर आ रहा हैं। केरल का ईसाई समुदाय कैथोलिक और गैर कैथोलिक के बीच विभाजित है। कैथोलिक वेटिकन के साथ पूरी तरह नहीं जुड़े हैं। केरल में मोटे तौर पर 8 प्रमुख ईसाई समुदाय हैं । सबसे दिलचस्प बात यह है कि प्रत्येक ईसाई समुदाय के बीच दूसरे के साथ प्रतिद्वंद्विता है। ऑर्थोडॉक्स और जैकोबाइट के बीच लड़ाई सर्वोच्च न्यायालय तक पहुँच चुकी है। वहाँ कोई भी एक पार्टी पूरे ईसाइयों का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकती और अधिकांश ईसाई ऐतिहासिक रूप से कम्युनिस्ट विरोधी हैं।

कैथोलिकों के भीतर कुछ समुदायों ने धीरे-धीरे भाजपा को एक संभावित विकल्प के रूप में तलाशना शुरू कर दिया है। ईसाई समुदाय परंपरागत रूप से राजनीतिक शक्ति समीकरणों में एक प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं। वे लंबे समय तक सत्ता से बाहर रहना बर्दाश्त नहीं कर सकते, इसलिए उनसे तालमेल बिठा रहे हैं जिनके पास शक्ति है। पादरी वर्ग के कई सदस्य माकपा से मिले अपमानों को दृढ़ता से याद करते हैं और अपना भविष्य भाजपा के साथ देखते हैं। इस मामले में गृह मंत्री अमित शाह की सक्रियता देखेने लायक है, वह लगातार इन पादरियों के साथ बने हुए हैं। उनकी विशेष भूमिका केरल में भाजपा के लिए वरदान साबित हो सकती है।

इस बीच, 2019 के लोकसभा चुनाव में केरल में लगभग क्लीन स्वीप करने वाली कांग्रेस को इस बार सीपीएम और भाजपा दोनों तरफ से चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। दोनों की कांग्रेस के वोटबैंक पर नजर है। सीपीएम जहां कांग्रेस के मुस्लिम वोटबैंक में सेंध लगाने की कोशिश कर रही है, वहीं भाजपा ईसाई मतदाताओं को साधने में जी-जान लगा रही है। दोतरफा चुनौतियों से निपटने के लिए कांग्रेस संभल-संभल कर कदम बढ़ा रही है। 2019 में केरल में कांग्रेस अपने सहयोगियों के साथ 19 सीटें जीतने में सफल रही थी। सत्तारूढ़ सीपीएम के खाते में सिर्फ एक सीट आई थी। लोकसभा की 20 सीटों वाले केरल में भाजपा अभी तक खाता नहीं खोल पाई है। केरल में मुस्लिम 28 फीसदी और ईसाई लगभग 18 फीसदी हैं।

बहरहाल तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भाजपा दक्षिण भारत में बड़ी सफलता हासिल करने का ख्वाब देख रही है। अगर उसका ख्वाब सच हुआ तो उसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति के साथ-साथ योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को भी श्रेय देना होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

पहला चरण
योगेश सोनी

कम वोटिंग चिंताजनक, मतदान प्रतिशत बढ़ाने की जरूरत

चुनावों का महासंग्राम जारी है। पहले चरण की वोटिंग भी हो चुकी है जिसमें पहले की अपेक्षा कम वोटिंग हुई है। पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग हुई। सभी सीटों पर 62.37 फीसदी मतदान हुआ। सबसे ज्यादा वोटिंग लक्षद्वीप में 83.88 फीसदी हुई, उसके बाद त्रिपुरा में 80.17 फीसदी हुई। पश्चिम बंगाल में 77.57 प्रतिशत, मेघालय में 74.21 प्रतिशत, पुडुचेरी में 73.50 प्रतिशत और असम में 72.10 प्रतिशत मतदान हुआ। अगर 2019 में हुए मतदान के पहले चरण से तुलना की जाए तो इस बार पहले फेज में कम वोटिंग हुई है। वर्ष 2019 में पहले चरण में करीब 66 फीसदी वोटिंग हुई थी। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की चर्चा करें तो आठ सीटों पर लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 60.59 प्रतिशत मतदान हुआ। वर्ष 2019 के मुकाबले पहले चरण की इन सीटों पर करीब 5.9 फीसदी कम वोट पड़े हैं। अपेक्षाकृत कम मतदान की वजह से नतीजों को लेकर सियासी दलों की धुकधुकी भी बढ़ गई है। हालांकि इसके अलावा भी हर जगह के आंकड़े बताने के लिए हैं लेकिन सवाल सवाल यह है कि आखिर जिस ऊर्जा से साथ पक्ष-विपक्ष चुनाव प्रचार कर रहा है उस स्तर पर लोग वोट डालने में रुचि क्यों नहीं ले रहे? इसके पीछे हर किसी की अलग-अलग मंशा या वजह हो सकती है लेकिन जनता का लोकतंत्र के इतने बडे महापर्व में अपनी भागीदारी न निभाना लोकतंत्र के गलत संदेश देने जैसे है।

बीते कई वर्षों से हम समझ व देख रहे हैं कि हमारे एक वोट की कीमत है लेकिन न जाने हम इसको किस आधार पर हल्के में ले लेते हैं। स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है कि जितना लोग सोशल मीडिया पर अपनी जागरूकता दिखाते हैं उतनी हकीकत में नही। तमाम लोग अपना समर्थन अपनी-अपनी पसंदीदा पार्टी व नेता को खुलेआम देते हैं लेकिन उसका फायदा नेता या आपको तभी तो मिलेगा जब उसके लिए वोट डालकर अपनी शक्तियों का प्रयोग करेगें। एक आंकड़े के अनुसार देश में 18 साल की उम्र पूरी करने वाले युवाओं में से महज 38% ने 2024 के चुनावों के लिए खुद को मतदाता के रूप में रजिस्टर्ड कराया है।राजनीतिक विशेषज्ञ इस घटनाक्रम से चिंतित हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या युवाओं की लोकतंत्र में रुचि खत्म हो गई है? या वह वोट डालना व्यर्थ मानने लगे।उत्तर प्रदेश बिहार व दिल्ली में, हाल ही में 18 साल पूरा करने वाले युवाओं में से 25% से भी कम ने खुद को मतदाता के रूप में रजिस्टर्ड कराया है। यह संख्या बिहार 17% के साथ सबसे कम है, लेकिन राजनीतिक रूप से सक्रिय महाराष्ट्र की स्थिति भी 22% वोटर रजिस्ट्रेशन के साथ बहुत बेहतर नहीं है। वोट वाले दिन की छुट्टी को वह एंजॉय करना चाहते हैं और उनको लगता है कि वोट डालना तो बुजुर्गों व खाली लोगों का काम हैं। लेकिन युवा बहुत बड़ी गलतफहमी में हैं चूंकि वह यह नही समझ पा रहे कि एक तथ्यहीन भविष्य का निर्माण कर रहे हैं।

आज वह अपने वोट की कीमत नही समझ रहे तो आने वाले समय में आने वाली पीढ़ी के लिए भी इसकी गंभीरता खत्म कर देंगे। हम इस बात को जानते हैं कि भारत युवाओं का देश हैं और सबसे ज्यादा युवा भी हमारे यहां ही हैं। पूरा जिंदगी पड़ी होती है मौज-मस्ती के लिए लिए मात्र एक घंटा निकाल कर वोट डालना उनको बहुत भारी लगता है।युवा चर्चा तो ऐसे करते हैं मानो वह अपनी पूर्ण रूप से स्थिति दर्ज कराएंगे लेकिन चुनाव वाले दिन बिल्कुल गायब हो जाते हैं। अब से दशकभर पूर्व भी जो युवा पहली बार वोट डालते थे वह वोटिंग वाले दिन को बहुत उत्साहित तरीके से जीते थे और उनको लगता था यह दिन उनके लिए बेहद विशेष हैं, लेकिन अब धीरे-धीरे रफ्तार कम होने लगी जो लोकतंत्र के लिए घातक है। दरअसल अब दौर बिना किसी की गुणवत्ता की जांच के आधार पर चल पड़ा और भेड़चाल का ट्रेंड ज्यादा है। यदि किसी ने कॉलेज या ऑफिस में कह दिया वह तो चुनाव वाले दिन बाहर जा रहा है तो अधिकतर लोग उसको ही फॉलो करने लगते हैं और अपने वोट को व्यर्थ करने में बिल्कुल भी नही हिचकिचाते। जितनी ऊर्जा कॉलेज या अन्य किसी भी तरह के चुनाव में देखने को मिलती है उतनी उपस्थिति वह चुनावों में दर्ज नही करवा पा रहे। देखा जा रहा है कि चुनाव पहले से ज्यादा रोमांचक होते जा रहा है जिसका सबसे बडा कारण सोशल मीडिया माना जाता है चूंकि हर छोटी व बड़ी घटना तुरंत आपके मोबाइल पर आ जाती है कि जिससे किसी भी पार्टी व नेता का घटना अनुसार सकारात्मक व नकारात्मक तस्वीर बन जाती है। यदि आप देश के भविष्य के लिए जागरूक हैं तो यह बहुत जरूरी है कि मतदान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लें।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

प्रेम व स्नेह के साथ मार्गदर्शन करती हैं मां जगदंबा

संकलित
दर्शन

इस जगत की प्रत्येक वस्तु, चर या अचर का मूल स्रोत एक निगूढ़ शक्ति है, जो तर्क और बुद्धि की सीमा के परे है! कोई पूछे कि यह शक्ति स्त्रीलिंग है या पुंल्लिंग, तो उत्तर के स्त्रीलिंग होने की संभावना अधिक है। जैसे एक नए जीवन को गढ़ने के लिए सहनशीलता, धैर्य, करुणा और क्षमता एक मां में ही होती है, वैसे ही विश्वमातृत्व की अनंत शक्ति ही इतने महत एवं विशाल जगत को जन्म दे सकती है। नवरात्र में, पहले तीन दिन दुर्गा देवी की उपासना की जाती है, फिर अगले तीन दिन लक्ष्मी देवी की और अंतिम के तीन दिन सरस्वती देवी की! देवी के ये तीन रूप क्रमशः तीन गुणों के प्रतीक हैं-तमोगुण, रजोगुण और सतोगुण। यहां हम आश्चर्य में पड़ सकते हैं कि दुर्गा देवी तम की प्रतीक क्यों? भौतिक जगत में रहते हुए थोड़े-बहुत तमोगुण की भी आवश्यकता होती है। तमस पर्याप्त न हो तो हम ठीक से सो भी नहीं पाएंगे। आज कितने लोग अनिद्रा से ग्रस्त नींद की गोलियों के आदी हैं? क्यों उन्हें ठीक से नींद नहीं आती? क्योंकि उनके शरीर में तमस की कमी है। अतः वे अपने शरीर में कृत्रिम रूप से तमस का निर्माण करते हैं! बीच के तीन दिन, देवी की पूजा लक्ष्मी रूप में होती है-रजोगुण के रूप में, जिसकी आवश्यकता किसी भी कार्य को करने में होती है। पैसा कमाना हो, चाहे कोई इच्छा पूरी करनी हो। शरीर में अत्यधिक या अति न्यून रजोगुण होना भी समस्याएं खड़ी करता है। अत्यधिक रजोगुण होगा तो ठीक से सोच भी नहीं सकते और शांति-विश्रांति भी दूर रहती है! फिर तनाव, चिंता और उच्च रक्तचाप हो जाता है।

कर्ण की युद्ध में धर्म-नीति निष्ठा

संकलित
प्रेरणा

कर्ण कौरवों की सेना में होते हुए भी महान धर्मनिष्ठ योद्धा थे। भगवान श्रीकृष्ण तक उनकी प्रशंसा करते थे। महाभारत युद्ध में कर्ण ने अर्जुन को मार गिराने की प्रतिज्ञा की थी। उसे सफल बनाने के लिए खंडव वन के महासर्प अश्वसेन ने इसे उपयुक्त अवसर समझा। अर्जुन से वह शत्रुता तो रखता था, पर काटने का अवसर नहीं मिलता था। वह बाण बनकर कर्ण के तरकस में जा घुसा। अश्वसेन वाला बाण भी चला, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने वस्तुस्थिति को समझा और रथ-घोड़े जमीन पर बिठा दिए। बाण मुकुट काटता हुआ ऊपर से निकल गया। असफलता पर अश्वसेन प्रकट हुआ और कर्ण से बोलाः अबकी बार अधिक सावधानी से बाण चलाना। इस पर कर्ण को भारी आश्चर्य हुआ। उसने उस कालसर्प से पूछाः आप कौन हैं? सर्प ने कहाः अर्जुन ने एक बार खण्डव वन में आग लगाकर मेरे परिवार को मार दिया था। इसलिए उसीका प्रतिशोध लेने के लिए मैं व्याकुल रहता हूँ। उस तक पहुँचने का अवसर न मिलने पर आपके तरकस में बाण के रूप में आया हूँ। कर्ण ने उसकी सहायता के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए वापस लौट जाने के लिए कहाः भद्र, मुझे अपने ही पुरुषार्थ से नीति युद्ध लड़ने दीजिए। आपकी अनीतियुक्त सहायता लेकर जीतने से तो हारना अच्छा है। कालसर्प कर्ण की नीति-निष्ठा को सराहता हुआ वापस लौट गया। उसने कहाः कर्ण तुम्हारी यह धर्मनिष्ठा ही सत्य है, जिसमें अनीतियुक्त पूर्वाग्रह को छद्म की कहीं स्थान नहीं।

सटाका

आज की पाती

सर्वकल्याण के पथ पर चले थे भगवान महावीर स्वामी

भगवान महावीर का कुण्डलपुर में महाराज सिद्धार्थ के घर–आँगन में पुण्यवती माता त्रिशला की कुक्षी से जन्म हुआ। भगवान महावीर के जन्म से पूर्व स्थितियाँ थीं, वे सचमुच अत्यन्त दयनीय थीं। हिंसा, असत्य, शोषण, जातिवाद, पंथवाद आदि के दुश्चक्रों से हर व्यक्ति आहत था। भगवान महावीर के अवतरण से आहत जन–मानस को पर्याप्त राहत मिली। वे धर्म के दैदीप्यमान दिवाकर के रूप में इस धरा पर उदित हुए। उन्होंने सम्पूर्ण संसार में इस तरह का दिव्य आलोक प्रदान किया कि अज्ञान और अविवेक का जो चतुर्दिक अंधकार परिव्याप्त था, वह समाप्त हो गया। वातावरण में एक नई चेतना का संचार हुआ। महावीर सचमुच महावीर थे। उनकी करूणा अथाह थी। *– कांतिलाल मांडोत, सूरत*

ट्रेंड

प्रेरणा मिलेगी

भारत को फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने डी गुकेश पर गर्व है। टोरंटो में हुए टूर्नामेंट में गुकेश की उपलब्धि उनकी असाधारण प्रतिभा द्योतक है। उनके असाधारण प्रदर्शन और शीर्ष तक के सफर से लाखों को प्रेरणा मिलेगी।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

जश्न मनाएं

मैं और जिल जैन धर्म के लोगों को महावीर जयंती की शुभकामनाएं देते हैं। आइए आज हम सब मिलकर महावीर स्वामी के मूल्यों को अपनाएं और प्यार, खुशी फैलाकर उनका जश्न मनाएं।
-जो बाइडन, अमेरिकी राष्ट्रपति

प्रधानमंत्री चुप क्यों

उन्हें एक सीधे से सवाल का जवाब भी देना चाहिए। 1951 से हर दस साल के बाद जनगणना होती है। इसे 2021 में कराया जाना चाहिए था लेकिन आज तक किया नहीं गया। इस पर प्रधानमंत्री चुप क्यों हैं?
-जयराम रमेश, कांग्रेस नेता

सीएए मूल्यों के खिलाफ



दुनिया के किसी भी सभ्य देश ने नागरिकता का आधार धर्म को नहीं बनाया है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार का विवादित नागरिकता (संशोधन) कानून (सीएए) देश के धर्मनिरपेक्ष मूल्यों के खिलाफ है।
-पिनराई विजयन, मुख्यमंत्री, केरल

करंट अफेयर

चिकित्सा उत्पाद क्षेत्र में भारत की भूमिका अद्वितीय

अमेरिका के खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) के प्रमुख ने हर साल आयोजित किये जाने वाले भारत–अमेरिका बायोफार्मा एवं स्वास्थ्य देखभाल शिखर सम्मेलन से पहले कहा कि चिकित्सा उत्पाद क्षेत्र में भारत की भूमिका एक अद्वितीय अवसर और एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का प्रतिनिधित्व करती है। भारत–अमेरिका बायोफार्मा एवं स्वास्थ्य देखभाल शिखर सम्मेलन इस सप्ताह के अंत तक बोस्टन में आयोजित किया जाएगा। 'यूएसए इंडिया चैंबर ऑफ कॉमर्स' द्वारा आयोजित दोनों देशों के इस वार्षिक सम्मेलन के 18वें संस्करण में एफडीए के प्रमुख डॉ. रॉबर्ट कैलिफ मुख्य वक्ताओं में से एक होंगे। 'यूएसए इंडिया चैंबर ऑफ कॉमर्स' ने रविवार को एक बयान में बताया कि एक दिवसीय शिखर सम्मेलन के दौरान डॉ. कैलिफ पिछले साल सितंबर में की गई भारत की अपनी महत्वपूर्ण यात्रा के बारे में जानकारी साझा करेंगे। डॉ. कैलिफ ने कहा, 'मैंने हाल में भारत का दौरा किया था, जिसका प्रमुख उद्देश्य हमारे देशों और शेष विश्व के लिए जरूरी चिकित्सा उत्पादों को विकसित करना और उनकी उपलब्धता को बढ़ाने के लिए हमारे सामूहिक प्रयासों को मजबूत करना है।'

ऑफ बीट

डेंगू से निपटने एक नया समाधान होगा कारगर

जलवायु परिवर्तन के चलते मौसम में आए बदलाव के कारण मच्छर जानलेवा बीमारियां फैला रहे हैं। एक बैक्टीरिया आधारित समाधान इससे निपटने में अहम साबित हो सकता है। डेंगू के बुखार के कारण दुनियाभर में लोगों की मौतें हो रही हैं तथा जलवायु परिवर्तन इस स्थिति को और बदतर बना रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने 2023 में 80 से अधिक देशों में डेंगू के 50 लाख से अधिक मामले और 5,000 से अधिक मौतें दर्ज कीं जो कि रिकॉर्ड रखने से लेकर अब तक का सबसे गर्म साल रहा। करीब 80 प्रतिशत यानी 41 लाख मामले अमेरिका में और ब्राजील में 16 लाख से अधिक मामले आए। आश्चर्यजनक रूप से ब्राजील में इस साल महज तीन महीनों में ही यह आंकड़ा पार हो गया है। इन चौंका देने वाले आंकड़ों का मतलब है कि मच्छर जनित बीमारियों के खिलाफ लड़ाई तेज हो रही है। लेकिन इस लड़ाई में हमारे स्वास्थ्य की रक्षा के लिए कुछ हथियारों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इंडोनेशिया में सरकार पांच शहरों में डेंगू के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए बैक्टीरिया की एक प्रजाति वोल्बाचिया के साथ मच्छरों के उपयोग से संबंधित एक कार्यक्रम चला रही है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

दीवाली का पहला दीया...होली का पहला रंग भारत के रक्षकों के नाम हो

एजेंसी ▶▶ लद्दाख

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को लद्दाख में सियाचिन ग्लेशियर के कुमार पोस्ट पर तैनात सशस्त्र बल के जवानों के साथ बातचीत की। राजनाथ सिंह ने कहा कि मेरे अनुसार दीपावली का पहला दीया, होली का पहला रंग भारत के रक्षकों के नाम होना चाहिए। हमारे सैनिकों के साथ होना चाहिए। उन्होंने सियाचिन बेस कैंप में युद्ध स्मारक पर बहादुरों को पुष्पांजलि अर्पित की। रक्षा मंत्री का इस साल होली पर लद्दाख जाने का कार्यक्रम था लेकिन खराब मौसम के चलते स्थगित हो गया था।

1 सियाचिन बेस कैंप में युद्ध स्मारक पर बहादुरों को पुष्पांजलि अर्पित की

2 सियाचिन की धरती राष्ट्रीय संप्रभुता और दृढ़ता का एक मूर्त प्रतीक

3 लद्दाख पहुंचे रक्षा मंत्री जवानों से मिले

4 यह जगह है भारतीय पराक्रम का मंदिर

पर्व-त्योहार पहले सियाचिन की चोटियों पर मनाएं

राजनाथ सिंह ने कहा कि हम सब जानते है भारत में परम्परा है कि हमारे यहां कोई शुभ अवसर आता है उसकी शुरुआत हम अपने आराध्य की पूजा-अर्चना के साथ करते हैं। उन्होंने कहा कि पर्व-त्योहार पहले सियाचिन की चोटियों पर मनाए जाने चाहिए। राजस्थान के तपते रेगिस्तान में मनाए जाने चाहिए, हिन्द महासागर की गहराई में स्थित पनडुब्बी में जवानों के साथ मनाए जाने चाहिए।

यह शौर्य और पराक्रम की राजधानी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सियाचिन को भारत के शौर्य और पराक्रम की राजधानी कहा। सिंह ने सियाचिन ग्लेशियर के कुमार पोस्ट पर तैनात सशस्त्र बल के जवानों से बातचीत की। राजनाथ सिंह ने कहा आप दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर पर जिस तरह से देश की रक्षा करते हैं उसके लिए मैं आपको बधाई देता हूं। यह हमारे राष्ट्रीय संकल्प का प्रतिनिधित्व करता है। हमारी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली है, मुंबई हमारी आर्थिक राजधानी है और हमारी तकनीकी राजधानी बेंगलुरु है। सियाचिन भारत के शौर्य और पराक्रम की राजधानी है।

खबर संक्षेप

इजराइल सैन्य खुफिया प्रमुख ने दिया इस्तीफा

तेल अवीव। इजराइली सेना ने सोमवार को कहा कि उसके खुफिया कोर के प्रमुख ने हमास के पिछले साल 7 अक्टूबर के हमले को लेकर इस्तीफा दे दिया है। सैन्य खुफिया प्रमुख अहरोन हलीवा हमास के हमले संबंधी विफलता को लेकर पद छोड़ने वाले पहले वरिष्ठ इजराइली अधिकारी हैं। हलीवा ने कहा था कि उस हमले को नहीं रोक पाए थे।

अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन जाएंगे चीन

वाशिंगटन। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन 24 से 26 अप्रैल तक चीन की यात्रा पर रहेंगे। ब्लिंकन चीनी अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए मिलेंगे। मध्य पूर्व संकट, यूक्रेन के खिलाफ रूस का युद्ध, क्रॉस-स्ट्रेट मुद्दे और साउथ चाइना सी पर भी मुलाकात होगी। इस मुलाकात से किसी भी मुद्दे का समाधान नहीं निकलेगा।

बाल्टीमोर बंदरगाह जाने खोला अस्थायी चैनल

बाल्टीमोर। बाल्टीमोर बंदरगाह तक नौकाओं के आने और जाने के लिए एक तीसरा अस्थायी चैनल खोला गया है। फ्रांसिस स्काट ब्रिज का एक हिस्सा ढह जाने से बंदरगाह तक पहुंच में अवरोध उत्पन्न हो गया था। ब्रिज के ढह गए भागों को पुनर्निर्माण से पहले बचाने का प्रयास जारी है। ढह गए ब्रिज के उत्तर-पूर्व में स्थित वैकल्पिक चैनल व्यावसायिक रूप से जहाजों के लिए खोला गया है।

बाइडेन ने महावीर जयंती की दी बधाई

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने महावीर जयंती के अवसर पर जैन धर्म के लोगों को शुभकामनाएं दीं। बाइडन ऐसा करने वाले वह पहले अमेरिकी राष्ट्रपति बन गए हैं। बाइडेन ने कहा कि मैं और जिल जैन धर्म के लोगों को शुभकामनाएं देते हैं। आइए आज हम महावीर स्वामी के मूल्यों को अपनाएं और प्यार, खुशी एवं सद्भाव फैलाकर उनका जश्न मनाएं।

ईरानी राष्ट्रपति के बयान पर पाकिस्तान ने बोला था सफेद झूठ

पाक के झूठ का पर्दाफाश, ईरानी राष्ट्रपति रायसी ने कश्मीर का नाम तक नहीं लिया

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी पाकिस्तान के शीर्ष नेतृत्व से मिलने के लिए तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर सोमवार को इस्लामाबाद पहुंचे हैं।

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी सोमवार को पाक के तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने इस्लामाबाद में पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात की है। पाक ने अपने संयुक्त बयान में दावा किया है कि ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने कश्मीर के मुद्दे पर पाक के रूख का समर्थन किया है।

हालांकि, सच्चाई यह है कि मीडिया के साथ अपने बातचीत के दौरान रायसी ने एक बार भी कश्मीर का नाम नहीं लिया। पाक के इस झूठ का खुलासा खुद कई वरिष्ठ पाकिस्तानी पत्रकारों ने किया है। उन्होंने कहा है कि ईरानी राष्ट्रपति ने अपने पूरे बयान में एक बार भी कश्मीर का नाम नहीं लिया।

दोनों देशों के संबंधों को सुधारने पर देंगे जोर

- *पाकिस्तान बोला- ईरानी राष्ट्रपति ने कश्मीर मुद्दे का समर्थन किया*
- *इस झूठ का खुलासा वहां के कई वरिष्ठ पाकिस्तानी पत्रकारों ने किया*
- *इजराइल से तनाव के बीच पाकिस्तान पहुंचे ईरानी राष्ट्रपति*

पाक ने क्या कहा?

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने दौरे पर आए ईरान के राष्ट्रपति के समक्ष कश्मीर मुद्दा उठाया। कश्मीर मुद्दे का समर्थन करने के लिए ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी को धन्यवाद भी दिया। ईरान के राष्ट्रपति ने गाजा पट्टी पर कहा कि उनका देश उत्पीड़न के खिलाफ सभी यूएनएससी प्रस्तावों के साथ है। ईरानी राष्ट्रपति रायसी और पीएम शहबाज आतंकवाद को खत्म करने के लिए संयुक्त प्रयासों पर सहमत हुए।

अमेरिकी सैन्य अड्डे पर इराक ने दागे 5 रॉकेट

इराक के जुम्मर शहर से उत्तरपूर्वी सीरिया में अमेरिकी सैन्य अड्डे की ओर कम से कम 5 रॉकेट दागे गए। अमेरिकी सेना के खिलाफ फरवरी की शुरुआत के बाद ये पहला हमला है, जब इराक में ईरानी समर्थित समूहों ने अमेरिकी सैनिकों के खिलाफ अपने हमले रोक दिए थे। यह हमला इराकी प्रधान मंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी के अमेरिका की यात्रा से लौटने और व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात के एक दिन बाद हुआ है। एक छोटे ट्रक के पीछे लगा एक रॉकेट लॉन्चर सीरिया के सीमावर्ती शहर जुम्मर में तैनात किया गया था। जिस समय विमान आसमान में थे, उसी समय विस्फोट के साथ ट्रक में आग लग गई।

यात्रा पर अमेरिका की नजर

ईरान के राष्ट्रपति रायसी पाकिस्तान की 3 दिवसीय आधिकारिक यात्रा को लेकर विदेशी मीडिया भी नजर बनाए हुए है। पाकिस्तान के रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि ईरान-इजराइल तनाव के बीच रायसी की इस यात्रा पर संयुक्त राज्य अमेरिका की भी नजर है।

क्या 18 अरब डॉलर का जुर्माना करेंगे माफ?

ईरान और पाकिस्तान एक गैस पाइपलाइन बिछा रहे हैं और ईरान अपने हिस्से का काम पूरा कर चुका है, लेकिन पाक अमेरिका के डर से उस डील से दूर रहा है। गैस पाइपलाइन प्रोजेक्ट को पाक ने सालों तक लटकाए रखा और जब ईरान ने पाक पर प्रोजेक्ट पर देरी वरतने पर 18 अरब डॉलर जुर्माना लगाने की धमकी दी, तो उसने आनाकानी करते हुए प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए अमेरिका की इजाजत मांगी। लेकिन, ईरान-इजराइल संघर्ष के बाद इस मसले पर कोई खास काम नहीं हो पाया। इस मसले पर दोनों देशों में बातचीत हो सकती है।

एनआईए ने की बड़ी कार्रवाई

ड्रोन से हथियार गिराने के मामले में श्रीनगर में 9 स्थानों पर मारे छापे

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू कश्मीर में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की है। एएनआई ने आतंकवाद से जुड़े एक मामले में श्रीनगर में 9 स्थानों पर छापा मारा है। ये कार्रवाई ड्रोन से हथियार गिराने के मामले में की गई है। पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए जम्मू में हथियार भिजवाए गए थे, जिसका इस्तेमाल आतंकी वारदातों के लिए किया जा रहा था। इस पूरे मामले में एनआईए इस वक्त 9 जगहों पर छापेमारी कर रही है। एनआईए के अधिकारियों ने पुलिस और सीआरपीएफ के साथ मिलकर छापेमारी शुरू की।

कई ट्रांसपोर्टर्स पर कसा शिकंजा

अशंका है कि यह एक बड़ा गठजोड़ है जिसमें कई सारे ट्रांसपोर्टर हैं जो जम्मू कश्मीर में काम करते हैं। इनमें उनका नाम भी सामने आ रहा है। इसके अलावा कई सारे आतंकवादी संगठनों से जुड़े लोग भी हैं जिनका नाम सामने आ रहा है। यही कारण है कि एनआईए नौ जगह पर छापेमारी की कार्रवाई लगातार कर रही है।

स्लीपर सेल को कर रहे थे एक्टिव

जम्मू कश्मीर के अंदर कई सारे आतंकवादी संगठन अपने स्लीपर सेल को एक्टिव करने की कोशिश करने में लगे हैं। यह समय इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि इस समय में देश में लोकसभा चुनाव भी चल रहा है। ऐसे में एनआईए की यह छापेमारी बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इस दौरान एनआईए ने कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया है जिनसे पूछताछ जारी है।

93 में से 66 सीटों पर जमाया कब्जा

मालदीव के आम चुनाव में चीन समर्थक मुइज्जू की बड़ी जीत

एजेंसी ▶▶ माले

मालदीव में संसदीय चुनाव के नतीजे में चीन समर्थक राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) ने करीब दो तिहाई बहुमत के साथ शानदार जीत हासिल की है। इस चुनाव को देश के राष्ट्रपति मुइज्जू के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिनकी नीतियों पर मालदीव में प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रहे भारत और चीन की नजर रहती है। कुल 93 सीटों में से मुइज्जू की पार्टी को 66 सीटों पर जीत मिली हैं। इसके आलावा 6 सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवारों की भी जीत हुई है। मालदीव में रविवार को चुनाव हुआ था।

भारत को झटका...मालदीव के चुनाव में मुइज्जू की पार्टी की जीत को भारत के लिए झटका माना जा रहा है। मुइज्जू चीन के समर्थन में लगातार बयान देते रहे हैं। अभी उनका संसद में बहुमत नहीं होने के कारण मुइज्जू के लिए नए कानून बनाने में दिक्कतें पेश आ रही थीं। मालदीव में चुनाव के लिए कुल 2,07,693 लोगों ने मतदान किया। इस बार कुल 72.96 प्रतिशत मतदान हुआ।

प्रशिक्षण 2 मई से होगा शुरू

केरल के 80 हजार शिक्षक लेंगे 'एआई' का प्रशिक्षण

एजेंसी ▶▶ केरल

केरल सरकार शिक्षकों के लिए 3 दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) प्रशिक्षण 2 मई से आयोजित करने जा रही है। केरल इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड टेक्नोलॉजी फॉर एजुकेशन द्वारा प्रशिक्षण का लक्ष्य कक्षा 8 से 12 के 80,000 शिक्षकों को अगस्त तक एआई विशेषज्ञता से लैस कर सशक्त बनाना है। उन्हें पीडीएफ, इमेज और वीडियो में जटिल दस्तावेजों को सरल बनाने और संक्षिप्त सारांश के लिए एआई टूल का उपयोग सिखाया जाएगा।

शिक्षक एआई से सीखेंगे डेटा विजुअलाइजेशन



डेटा विजुअलाइजेशन के माध्यम से शिक्षक विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने वाली तालिकाओं, ग्राफ और चार्ट को बनाने और अनुकूलित करने के साथ-साथ प्रस्तुतियां और एनिमेशन बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करना सीखेंगे।

अब चीन-पाक की खैर नहीं

मिसाइलों से लैस होगा 'जगुआर'

नई दिल्ली। भारतीय वायु सेना अपने जगुआर लड़ाकू विमानों को नई पीढ़ी की घातक मिसाइलों से लैस करने जा रही है। भारतीय जगुआर अमेरिकी एफ-35 वाली मिसाइलों से लैस होगा। ये मिसाइलें क्लोज कॉम्बेट के दौरान दुश्मन के लड़ाकू विमान पर भारी पड़ेंगी। भारत वर्तमान में बड़ी संख्या में जगुआर विमानों को ऑपरेट करता है। भारतीय वायु सेना अपने 1970 के दशक के सेपेकैट जगुआर लड़ाकू विमान को नया जीवन देने के बाद उन्हें नई पीढ़ी की क्लोज कॉम्बैट मिसाइलों के साथ लैस करने पर विचार कर रही है। जगुआर भारतीय वायु सेना का डीप पेनिट्रेशन स्ट्राइक एयरक्राफ्ट है। राफेल के पहले तक यह परमाणु हमला करने में सक्षम भारत का एकमात्र एयरक्राफ्ट था।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फैयाज की हैवानियत का हुआ बड़ा खुलासा

30 सेकंड में नेहा पर 14 वार, गला काटने की भी कोशिश की

एजेंसी ▶▶ हुबली

कर्नाटक के हुबली में नेहा हिरेमथ की हत्या का मामला गरमाता जा रहा है। अब नेहा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आने से फैयाज की हैवानियत का खुलासा हुआ है। उसे केवल 30 सेकंड में 14 बार चाकू मारा गया था, पुलिस सूत्रों ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। आरोपी फैयाज ने नेहा की छाती और गर्दन पर चाकू मारा था। नेहा की गर्दन पर कई बार वार किए गए और इसी कारण उसकी नसें कट गईं, जिससे बड़ी मात्रा में खून बह गया, जिससे नेहा ने दम तोड़ दिया।

आरोपी फैयाज ने नेहा को बड़ी बेरहमी से मारा था। उसने छाती और गर्दन पर चाकू मारा था। नेहा की गर्दन पर कई बार वार किए गए।

खास बातें

- 18 अप्रैल को कॉलेज परिसर में पूर्व सहपाठी फैयाज ने की थी हत्या
- कट गई थी खून की नसें, खून बहने से हो गई थी मौत

नेहा हीरेमथ हत्या मामले की सीबीआई जांच की मांग

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नेहा हीरेमथ हत्या मामले में सीबीआई जांच की मांग की। उन्होंने नेहा हिरेमथ के घर पहुंच कर परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मैंने नेहा के पिता से जो सुना और उनकी मां ने जो बताया वह अंदर तक झकझोर कर देने वाला है।

धर्म परिवर्तन का दबाव

नेहा हिरेमथ हुबली के बीवीबी कॉलेज में एमसीए की पढ़ाई कर रही थी। उसकी हत्या प्रेमी फैयाज कोंडिकोप्पा ने की थी। दोनों बीसीए में साथ पढ़ते थे और दोस्त थे। नेहा के पिता ने कहा कि आरोपी कई सालों से उनकी बेटी का धर्म परिवर्तन कराना चाहता था।

छाती और पेट पर हमला किया

पुलिस सूत्रों ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि पहले नेहा की छाती और पेट पर हमला किया, लेकिन जैसे ही वह गिर गई, फैयाज ने उसके पूरे शरीर पर लगातार चाकू से वार करना शुरू कर दिया। आरोपी ने उसका गला काटने की भी कोशिश की थी।

सिलेंडर फटने से कांस्टेबल की मौत

मुजफ्फरपुर स्टेशन पर खड़ी ट्रेन में अचानक लग गई आग

एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरपुर

मुजफ्फरपुर जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर 5 पर बड़ा हादसा हुआ है। यहां वलसाड एक्सप्रेस ट्रेन में आग लग गई। इस दौरान ट्रेन में लगी आग को बुझाने के चक्कर में एक आरपीएफ जवान की मौत हो गई। छोटे फायर सिलेंडर में ब्लास्ट होने की वजह से आरपीएफ जवान विनोद कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद जंक्शन पर हड़कंप मच गया। वलसाड एक्सप्रेस सोमवार की सुबह साढ़े छह बजे मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन पर आई थी। कुछ देर बाद ट्रेन की एस-8 बोगी के शौचालय में आग लपटें निकलने लगीं। कांस्टेबल विनोद कुमार आरा नगर क्षेत्र के रहने वाले थे। आरपीएफ जवान विनोद कुमार भी आग पर काबू पाने के लिए पहुंचे। उन्होंने फायर सिलेंडर से आग पर काबू पाने की कोशिश पाने लगे। एक फायर सिलेंडर खत्म हो गया, लेकिन आग की लपटें कम नहीं हुई। इसी बीच उन्होंने दूसरे फायर सिलेंडर से आग पर काबू पाने की कोशिश की।

अंजनी पुत्र महाबली पवनसुत हनुमान का जन्मोत्सव आज

श्रीराम भक्त हनुमान के जन्मोत्सव पर होंगे विविध आयोजन , शोभायात्रा निकलेगी: धार्मिक अनुष्ठानों एवं भंडारों की धूम

जबलपुर। अंजनी पुत्र पवनसुत हनुमान का जन्मोत्सव मंगलवार 23 अप्रैल को शहर में पूरी श्रृद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर नगर के हनुमान मंदिरों में विविध धार्मिक अनुष्ठान, भंडारे के अलावा जागरण के आयोजन भी किए गए। हनुमान जन्मोत्सव पर अत्याधिक भक्ति भाव से लोग पूजन-पाठ, हवन, कीर्तन करने हनुमान मंदिर पहुंचेगे। नगर के अति प्राचीन और स्वयं सिद्धपीठ मां नर्मदा के पावन तट के किनारे स्थित श्री रामलला मंदिर में सवा लाख नारियलों का हवन किया जाएगा। हनुमान जन्मोत्सव पर होने वाले आयोजनों की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। हनुमान भक्त देर रात तक मंदिरों की साफ-सफाई, धुलाई और साज-सज्जा में व्यस्त रहे। बुधवार की शाम से ही हनुमान मंदिरों में अखण्ड रामायण पाठ के आयोजन प्रारंभ हो गए थे। बहुत से मंदिरों से धर्म जागरण रैलियां भी हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर निकाली गई। इस बार हनुमान जन्मोत्सव मंगलवार को पड़ने से हनुमान जन्मोत्सव का महत्व दुगुना हो गया।

शोभायात्रा आज

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आज 23 अप्रैल मंगलवार को गोविंदगंज रामलीला प्रांगण स्थित अति प्राचीन कटरा महावीर मंदिर से सुबह 9 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो मिलौनीगंज, सराफा, निवाड़गंज, दीक्षितपुरा होते हुये छोटे फुहारा पहुंचेगी। शोभायात्रा में राम दरबार, बाल स्वरूप हनुमान, दुर्गाजी आदि की झांकियां होगी। शोभायात्रा के उपरांत पूजन पाठ, भंडारा व शाम 5 बजे से भजन संगीत का कार्यक्रम आयोजित है।

सवा लाख नारियलों का हवन होगा

श्री रामलला मंदिर गौरीघाट में हनुमान जन्मोत्सव पर विविध धार्मिक आयोजनों के साथ धूमधाम से मनाई जाएगी। यहां वर्ष में एक बार गर्भ गृह से श्री हनुमान लला को आम जनता के दर्शनार्थ बाहर निकाला जाएगा वहीं अर्जी के रुप में मनोकामना पूर्ण करने प्रतिस्थापित किये जाने वाले नारियलों का हवन होगा। मंदिर के व्यवस्थापक आचार्य प्रमोद तिवारी ने बताया कि मंदिर में सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला प्रारंभ होगा, अखंड रामायण पाठ प्रारंभ हो चुका है। सवा लाख नारियलों का हवन किया जाएगा साथ ही अभिषेक-पूजन और भंडारे का आयोजन भी होगा।

भक्ति ज्ञान-गंगा कार्यक्रम

रानीताल चौक स्थित श्री संकटमोचन सिद्धपीठ में शाम 6 बजे से विशिष्ठ भक्ति ज्ञानगंगा का आयोजन किया गया है। इसके साथ हनुमान जी का रुद्राभिषेक, हवन, पूजन, हनुमान चालीसा का पाठ और भंडारे का आयोजन किया गया है।

बड़े महावीर मंदिर में महाआरती

बड़े फुहारे के निकट अति प्राचीन बड़े महावीर मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हवन-पूजन का कार्यक्रम होगा और सांयकाल महाबली बड़े महावीर की महाआरती की जाएगी। यहां दिन भर प्रसाद का वितरण होगा और अगले दिन और रात्रि में भंडारे के साथ ही सांस्कृतिक आयोजन भी होंगे।

अधारताल से शोभायात्रा

श्री प्राचीन बडे हनुमान मंदिर अधारताल में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर परिसर में दो दिवसीय अखण्ड श्री रामचरित मानस पाठ का आयोजन पूर्व संध्या पर प्रारंभ हुआ। हवन, पूजन महाआरती प्रसाद वितरण एवं भंडारा के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। सायं 5.30 बजे श्री हनुमान जन्मोत्सव पर शोभायात्रा गोहलपुर हनुमान मंदिर से प्रारंभ होगी। जिसका समापन प्राचीन बड़े हनुमान मंदिर में होगा।

पंचमुखी हनुमान मंदिर शिवनगर

श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर शिवनगर में श्री हनुमान जन्मोत्सव पर आज सुबह 10 बजे से सुंदरकाण्ड पाठ, दोपहर 1 बजे हवन पूजन, दोपहर 3 बजे विशाल भंडारा और शाम 7 बजे महाआरती होगी।

सिद्धपीठ आगासौद में आयोजन

निकटवर्ती श्री सिद्धपीठ हनुमान मंदिर परिसर आगासौद पाटन मार्ग जबलपुर में हनुमान जन्मोत्सव पर 22 अप्रैल को अखण्ड मानसपाठ का आयोजन एवं 23 अप्रैल को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की श्रृंखला में हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर भव्य झंडा वंदन शोभायात्रा सुबह 8 बे से पाटन रोड टिमरी से चलकर आगासौद मंदिर तक पहुंचेगी। सुबह 11 बजे हवन, पूजन, महाआरती, कन्या भोज एवं विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया है इसके बाद क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन, हनुमान चालीसा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति आयोजित है। मंदिर के पुजारी व्यवस्थापक प्रकाश सिंह ने उपस्थिति की अपील की है।

हाईकोर्ट हनुमान मंदिर में 51 किलो का भोग

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय परिसर स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में सुबह 8 बजे से सामूहिक सुंदर कांड, हनुमान चालीसा होगा। 9.30 बजे हवन के उपरांत 51 किलो लड्डुओं का भोग अर्पित किया जाएगा। सुबह दस बजे विशाल आरती और प्रसाद वितरण होगा।

चढ़ेगा एक टन के महा लड्डू

उपनगरीय क्षेत्र गढ़ा के पचमठा परिसर के हनुमान मंदिर में इस वर्ष भी श्री हनुमत लला को 1 टन के महा लड्डू प्रसादम का विशेष भोग अर्पित किया जाएगा। जिसे नागपुर के हलवाईयों ने तैयार किया हैं। हनुमान जन्म महोत्सव 23 अप्रैल को सुबह 6 बजे अभिषेक, सुंदरकांड और हवन का आयोजन होगा। रात 9 बजे हनुमत लला को छप्पन भोग अर्पित कर सभी की सुख समृद्धि की कामना के लिए महा आरती का विशेष आयोजन होगा। 1 टन के महा लड्डू प्रसादम महा लड्डू प्रसादम का वितरण 23 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से किया जाएगा। बीते वर्ष भी समिति ने हनुमान जी को एक टन का महा लड्डू प्रसादम अर्पित किया था। जिसका प्रसाद स्थानीय और देशभर के भक्तों में वितरित हुआ था।

राम मंदिर मदन महल में श्री हनुमत जन्मोत्सव

श्री राम मंदिर मदनमहल में संकट मोचन श्री रामभक्त वीर हनुमान जी का जन्मोत्सव 23 अप्रैल दिन मंगलवार को धूमधाम से मनाया जायेगा। इसी क्रम में प्रात- 10:00 बजे श्री सुन्दरकांड का पाठ, 11:30:- बजे भजन कीर्तन, 12 बजे श्री हनुमान जी की आरती, 12:30 बजे से कामायनी म्युजिकल ग्रुप के विजय जोगलेकर एडं पार्टी द्वारा भजनो की प्रस्तुति, तत्पश्चात प्रभु का प्रसाद (भंडारा) होगा। उपस्थिति का आग्रह पं राम कुशल पांडे,गुलशन मखीजा, रमेश शर्मा, मनोज शर्मा, मनीष पोपली , शैलू कपूर पवन मरवाह आदि ने किया हैं।

रिज़ल्ट की बाट जोह रहे विद्यार्थी

ग्रीष्मकालीन अवकाश के पहले पांचवीं आठवीं का परिणाम घोषित किया जाए

जबलपुर। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया की पांचवीं, आठवीं की परीक्षा समाप्त हुए लगभग एक माह गुज़र चुका है परंतु राज्य शिक्षा केन्द्र के द्वारा आज दिनांक तक पांचवी और आठवीं का परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किया गया है। एक तरफ 01 मई से ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रारम्भ हो जाएगा, ऐसे में अवकाश के दरम्यान यदि रिजल्ट घोषित किया जाता है तो उस समय बच्चे ज्यादातर बाहर होंगे। ऐसे में शिक्षकों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा, वहीं दूसरी तरफ पालक और विद्यार्थी दोनों ही चिंतित है और स्कूलों के चक्कर काट रहे हैं और उनमें रोष व्याप्त है। संघ ने आगे बताया की एक तरफ नया सत्र प्रारंभ होकर अब ग्रीष्मकालीन अवकाश होने जा रहा है ऐसे में यदि परीक्षा परिणाम घोषित करने में और देरी होती है तो विद्यार्थियों का नुकसान होगा और उन्हें अगली कक्षा में प्रवेश लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। अतः राज्य शिक्षा केन्द्र को ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रारम्भ होने से पहले पांचवी और आठवीं का रिजल्ट अतिशीघ्र घोषित करना चाहिए। संघ के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्ररहीम, दिनेश गोंड, राकेश श्रीवास, हेमंत ठाकरे, गुडविन चार्ल्स, विनोद सिंह,संतोष चौरसिया, अफरोज खान, सुनील झरिया, नीरज मरावी, नेतराम, रवि जैन, विनय रामज़े, आशीष कोरी आदि ने आयुक्त राज्य शिक्षा केंद्र से मांग की है की पांचवीं और आठवीं का परीक्षा परिणाम अतिशीघ्र घोषित किया जाए।

प्राकृतिक, जैविक खेती के लिए सस्ती, प्रभावशाली तकनीक का विकास करना आवश्यक : डॉ. एसके चौधरी

जबलपुर। भारतीय कृषक अनुसंधान परिषद खरपतवार अनुसंधान निदेशालय जबलपुर ने 22 अप्रेल को अपना 36वां स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. एसके चौधरी उप महानिदेशक भाकृअनुप नई दिल्ली ने अपने उद्बोधन में निदेशालय को उसकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी और किसानों तथा अन्य हितधारकों के लाभ के लिए खरपतवार के खतरे का प्रबंधन करने के लिए अनुसंधान कार्य की प्रशंसा की। उन्होंने प्राकृतिक और जैविक खेती के लिए सस्ती, प्रभावशाली और समय की बचत करने वाली खरपतवार नियंत्रण की तकनीक के विकास पर जोर दिया। इसके पूर्व उन्होंने अनुसंधान प्रक्षेत्र का भ्रमण किया एवं नवनिर्मित ओओसी इकाई का उद्घाटन किया। इस अवसर पर डॉ. एके सिंह कुलपति एवं निदेशक भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली ने अपने विशिष्ट उद्बोधन में धान की सीधी बुआई में खरपतवार की बहुत बड़ी समस्या के बारे में उल्लेख किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. पीके मिश्र, कुलपति जनेकृविवि ने हरा चना में होने वाली खरपतवार के कारण पशुओं में होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्या से अवगत कराया। डॉ. जेएस मिश्र निदेशक भाकृअनुप डीडब्ल्यूआर ने सभी गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि निदेशालय ने बाजरा और प्राकृतिक खेती के साथ ही जलवायु परिवर्तन परिदृश्य के तहत खरपतवार प्रबंधन पर काम किया है। कार्यक्रम के दौरान निदेशालय ने प्रगतिशील किसानों को उनकी उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत किया। इस दौरान डॉ. सुनील कुमार मेरठ, डॉ. एसआरके सिंह जबलपुर, डॉ. एके विश्वकर्मा जबलपुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम हाइब्रिड मोड (भौतिक और आभासी दोनों) में आयोजित किया गया था। अंत में डॉ. पीके सिंह प्रधान वैज्ञानिक और कार्यक्रम समन्वयक ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. योगिता धरडे वरिष्ठ वैज्ञानिक ने किया।

पीड़ित मानवता के लिए किया रक्तदान

जबलपुर। अक्सर ये देखा गया है कि गर्मी में रक्तदान शिविरों का आयोजन बहुत कम होता है, फलस्वरूप सरकारी ब्लड बैंकों में रक्त की कमी आ जाती है, इसी कमी को पूरा करने के लिए रेडक्रॉस एवं अन्य समाजसेवी संस्थाएं युवाओं को प्रेरित करती हैं कि आगे आकर समाज को अपना योगदान दें। इसी तारतम्य में 22 अप्रेल को मदन महल स्थित टच स्टोन कंपनी में उसके 17वें स्थापना दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर लगाया गया, जिसमें कंपनी के कर्मचारियों और अधिकारियों ने रक्तदान कर अपनी सहभागिता दी। शिविर का संचालन रेडक्रॉस के आजीवन सदस्य रमेश नायडू ने किया। शिविर को सफल बनाने में कंपनी के आनंद नागवंशी, भूपेन्द्र पटेल, ज्ञानेश्वर रजक, अनिल गुप्ता, हर्ष चौरसिया, ऋषभ साहू, रोहित गुप्ता, आशीष राठौर, अमित रजक, विमल पटेल का विशेष योगदान रहा, एकत्रित रक्त शासकीय एलगिन ब्लड बैंक की टीम ने संग्रहित किया।

परिवार कल्याण कार्यक्रम

मिशन परिवार विकास पखवाड़ा के अंतर्गत रैली निकाली

जबलपुर। मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन आदेश के तहत परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में परिवार नियोजन की सेवाओं के प्रति जागरूकता एवं स्वीकारकर्ता बढ़ाने हेतु प्रति वर्ष अप्रेल माह में मिशन परिवार विकास पखवाड़ा मनाया जाता है ताकि जन समुदाय में परिवार नियोजन के स्थाई एवं अस्थाई साधनों के संबंध में जागरूकता लाई जा सके। वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत सरकार के दिशा निर्देश अनुसार जिले में मिशन परिवार विकास पखवाडे का आयोजन 11 से 25 अप्रेल 2024 तक किया जाना है। अतः परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत मिशन परिवार विकास पखवाडा अंतर्गत संस्था से दिनांक 22 अप्रेल 2024 को रैली निकाली गई। उक्त रैली में डॉ. जया श्रवास्तव जिला स्वास्थ्य अधिकारी-2 जबलपुर के साथ संस्था के सभी चिकित्सक, नर्सिंग प्रशिक्षणार्थी सम्मिलित हुए।

जबलपुर मोटर्स पार्ट्स के चुनाव में राम अवतार शारदा को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया

जबलपुर।

जबलपुर मोटर्स पार्ट्स डीवस वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव अगामी दो वर्ष के लिये 21 अप्रैल 2024 दिन रविवार को होटल विगं विग में सम्पन्न हुए, सीनियर नाइप मुख्य चुनाव में राजेश चंडोक जीद प्रेसिडत (महामेशन चैम्बूस कामस अधिकारी के रूप में उपस्थित होकर सर्व सम्मति को निर्विरोध राम अवतार शारदा को पुनः दो वर्ष के लिये अध्यक्ष निर्वाचित किया गया, जिसका प्रस्ताव सतपाल गुलाटी पश्व समर्थन राजेन्द्रर छाबडा द्वारा और अन्य नाम मागो जिससे से अध्यक्ष पद के ने शारदा जी को एकमत से सभी ने समर्थन दिया, आम सहमति से चुनाव अधिकारी ने शारदा जी को अध्यक्ष घोषित किया, मंच का संचालन डॉ जय रोहाणी ने किया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से ओपी पौरोजी, एमयस काहाली, गुरमीत छाबडा, दीपक नागपाल, भुपेन्द्र टेटेजा, आबशीप तनजा, दिलीप वर्मा, अमरजीत तलुजा, प्रमोद गुलाटी, आशुतोष अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

साप्ताहिक हनुमान चालीसा पाठ आज

जबलपुर। संगीतमय हनुमान चालीसा समिति विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल महाकोशल प्रांत प्रचार प्रसार विभाग द्वारा 23 अप्रेल मंगलवार को चौरसिया मार्केट धनवंतरी नगर चौराहा में साप्ताहिक हनुमान चालीसा पाठ शाम 07 बजे से आयोजित है। इस 251वें अमृत महोत्सव पर 251 दीपों से महाआरती, भगवान श्रीराम, हनुमानजी एवं भारत माता की आरती, हनुमानजी की जीवंत झांकी का परिवार सहित दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह आयोजकों ने किया है।

परिवार कल्याण एवं नियोजन का संदेश देने रैली निकाली

जबलपुर। परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत जिले में परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाने को लेकर एक रैली निकाली गई। यह रैली एल्गिन हॉस्पिटल से प्रारंभ हुई जो मालगोदाम चौक, एसपी ऑफिस से होते हुए नर्सिंग कॉलेज पहुंची, रैली में डॉ. जया श्रीवास्तव जिला स्वास्थ्य अधिकारी-2 जबलपुर के साथ सभी चिकित्सक, नर्सिंग प्रशिक्षणार्थी सम्मिलित रहे। रैली में संदेश दिया गया कि दो संतानों के बीच अंतराल रखने से जहां पहले बच्चें का बेहतन लालन पालन होता है वहीं दूसरा बच्चा भी स्वस्थ्य रहता है माँ का स्वस्थ्य भी सुरक्षित रहता है।

नाम सुधार सूचना

मैं रामवीर सिंह सोलंकी आयु 77 वर्ष आत्मज स्व.श्री राम अवतार सिंह निवासी एम-16, सैनिक सोसायटी रोड, शारदा कॉलोनी, शक्ति नगर, जबलपुर (म.प्र.) शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ, मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हू । मैं JC-184701N Sub. H / Capt. Ramvir Singh Solanki दिनांक 30.10.1995 को सेवा से सेवानिवृत्त हुआ था । मेरी पत्नि का नाम निशा (NISSA) मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज है। मेरी पत्नि के समस्त दस्तावेजों में मेरी पत्नि का नाम निशा सोलंकी (NISHA SOLANKI) दर्ज है जो सत्य एवं सही है। मेरे सेना के सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नि का नाम निशा (NISSA) को विलोपित करते हुए सही नाम निशा सोलंकी (NISHA SOLANKI) दर्ज किया जाये ।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं लक्ष्मी नारायण डेहरिया पिता श्री विश्वनाथ सिंह डेहरिया निवासी-ग्राम कारीरात तहसील व जिला सिवनी, म.प्र. 480661 का स्थायी निवासी हूँ। मेरे पिताजी का वास्तविक नाम विश्वनाथ सिंह डेहरिया है, परंतु मेरी अंकसूची में सिर्फ विश्वनाथ सिंह लिखा है जबकि दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति हैं एवं पूर्ण रूप से सत्य है। साथ ही मेरा आधारकार्ड में नाम लक्ष्मी नारायण डेहरिया एवं अंकसूची में नाम केवल लक्ष्मी नारायण लिखा गया है, जबकि दोनों नाम एक ही हैं। मेरा सही नाम लक्ष्मी नारायण डेहरिया है, मेरे अन्य सभी दस्तावेज भी लक्ष्मी नारायण डेहरिया नाम से ही है। अतः भविष्य में शासकीय अशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मुझे लक्ष्मी नारायण डेहरिया नाम से ही जाना जावे।

जिलहरी घाट में श्रमदान कर सिंगल यूज प्लास्टिक जन-जागरूकता अभियान चलाया

जबलपुर। स्वच्छ भारत मिशन एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत एवं नगर निगम आयुक्त श्रीमति प्रीति यादव के निर्देशानुसार जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज संभाग क्र. 03 वार्ड क्रमांक 08 ग्वारीघाट वार्ड स्थान जिलहरी घाट में श्रमदान एवं जन-जागरूकता अभियान चलाया गया एवं आम नागरिकों, दुकानदारों, राहगीरों को आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में जबलपुर को नंबर 1 बनाने एवं जबलपुर को स्वच्छ बनाये रखने का आव्हान कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इन गतिविधियों में सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक सुश्री मोनिका तुमराम, स्वास्थ्य निरीक्षक अमन चौरसिया, नगर निगम की IEC टीम की उपस्थिति में जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें घाट में साफ-सफाई रखने एवं सभी उपस्थित नागरिकों को दुकान एवं घर से निकलने वाले कचरे को नगर निगम की कचरे वाली गाड़ी में ही देने के लिए आग्रह किया गया। साथ ही सिंगल यूज़ प्लास्टिक एवं प्रतिबंधित पोलीथिन उपयोग करने से होने वाली गंभीर बीमारियों के बारे में जानकारी देकर स्वच्छता के लिए जागरूक एवं प्रेरित किया। रहवासी क्षेत्रों के आम नागरिकों, आस-पास के दुकानदारों को घर एवं दुकान में बनाये जाने वाले सेप्टिक टैंक को सही तरीके से न बनाने एवं उसे हर तीन साल में साफ नहीं करवाने से होने वाले खतरे एवं बीमारियों से अवगत करवाया गया। सेप्टिक टेंक के बारे में समझाते हुए उन्हें बताया गया कि हमेशा सेप्टिक टैंक बनवाते समय दो चैम्बर एवं एक सोक पिट बनवाना चाहिए, हमेशा सफाई हेतु नगर निगम का टोल फ्री नंबर 14420 पर काल कर ही सेप्टिक टेंक की सफाई करवानी चाहिये।

स्काउट एवं गाइड रेल यात्रियों को पिला रहे हैं ठंडा पेयजल

जबलपुर। मंडल के विभिन्न स्टेशनों में रेल यात्रियों को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न प्रयास किया जा रहे हैं जिसके तहत स्टेशन पर रेलवे के सहयोगी संगठनों तथा स्वयं सेवी संस्थाओ द्वारा पेय जल वितरण का कार्य किया जा रहा हैं। अपर मंडल रेल प्रबंधक तथा स्काउट एवं गाइड के मुख्य आयुक्त संजय कुमार सिंह, जिला आयुक्त सुबोध विश्वकर्मा वरि मंडल कार्मिक अधिकारी जबल, सहायक जिला आयुक्त एवम डीसीएम नितेश सोने एवं सहायक जिला आयुक्त शची पति नन्दन सहायक कार्मिक अधिकारी जबल के निर्देशन में आज से तेज गर्मी के दिनों में रेलवे स्टेशनों पर बढ़ती गर्मी के चलते यात्रियों को निशुल्क शीतल जल प्रदान करने हेतु स्काउट सदस्यो के द्वारा अभियान चलाया जा रहा। इस अभियान के अंतर्गत स्टेशन पर ठंडा पानी एकत्रित करके यात्री गाड़ियों के सामान्य श्रेणी एवं अन्य कोचों के सामने स्काउट गाइड के सदस्यों द्वारा यात्रियों को शुद्ध पेयजल उनके पात्रों में भरकर दिया जाता है।

CHANGE OF NAME

I, ARMY NO JC- 389458P SUB LOKENDRA SINGH BHADORIA S/O SHRI DASHRATH SINGH BHADORIA of unit MB AREA SIG COY, JABALPUR (M.P.) I have change name of my SON from BHUPENDRA SINGH (name per my army service record) to BHUPENDRA SINGH BHADORIA (name as per my SON, AADHAR CARD and 10th Board Marksheet vide affidavit dated 20/04/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).

CORRECT NAME
BHUPENDRA SINGH BHADORIA
INCORRECT NAME
BHUPENDRA SINGH

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग
क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/07
दिनांक:- 22/03/2024

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती पूनम मंगवानी पति स्व. श्री ईश्वर मंगवानी ने मकान नं. 314 से 315 का भाग वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती क्षेत्रफल 443.25 व.फु. प्रथम तल 325.5 व.फु. द्वितीय तल 325.5 व.फु. तृतीय तल 325.5 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग
क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/08
दिनांक:- 22/03/2024

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुनीता मंगवानी पति श्री मुरलीधर मंगवानी ने मकान नं. 314 से 316 का भाग वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती क्षेत्रफल 414.81 व.फु. प्रथम तल 304.19 व.फु. द्वितीय तल 304.19 व.फु. तृतीय तल 304.19 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

बुजुर्गों की सुधरेगी सेहत, अब 65 की उम्र पार भी ले सकेंगे बीमा की नई पॉलिसी

बीमा नियामक इडराई ने स्वास्थ्य बीमा उत्पाद पर हटाया आयु प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

खास खबर

बाजार को व्यापक बनाने और स्वास्थ्य देखभाल खर्चों से पर्याप्त सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीमा नियामक इरडाई ने स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी खरीदने वाले व्यक्तियों के लिए 65 वर्ष की आयु सीमा हटा दी है। स्वास्थ्य बीमा योजनाओं को खरीदने पर अधिकतम आयु प्रतिबंध को समाप्त करके भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडाई) का लक्ष्य एक अधिक समावेशी और सुलभ स्वास्थ्य देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना है। पहले के दिशानिर्देशों के अनुसार, व्यक्तियों को केवल 65 वर्ष की आयु तक नई बीमा पॉलिसी खरीदने की अनुमति थी। हालांकि, एक अप्रैल से प्रभावी हुए हालिया संशोधन के साथ किसी भी उम्र का कोई भी व्यक्ति नई बीमा पॉलिसी खरीदने के लिए पात्र है। हालिया गजट अधिसूचना में इरडाई ने कहा, बीमाकर्ता यह सुनिश्चित करेंगे कि वे सभी आयु समूहों की जरूरतों को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य बीमा उत्पादों की पेशकश करें। बीमाकर्ता विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों, बच्चों, मातृत्व और सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्दिष्ट किसी भी अन्य समूह के लिए उत्पाद डिजाइन कर सकते हैं।

आयुर्वेद, होम्यापैथी में ऐसा लाभ

आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी जैसी प्रणालियों के तहत उपचार को बिना किसी सीमा के बीमा राशि का कवरेज मिलेगा। अधिसूचना में कहा गया कि लाभ-आधारित बीमा वाले पॉलिसीधारक विभिन्न बीमाकर्ताओं के साथ लचीलेपन और विकल्पों को बढ़ाते हुए कई दावे दायर कर सकते हैं।

किश्तों में प्रीमियम

अधिसूचना के अनुसार, बीमाकर्ताओं को पॉलिसीधारकों की सुविधा के लिए किश्तों में प्रीमियम भुगतान की पेशकश करने की अनुमति है। यात्रा पॉलिसियां केवल सामान्य और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं द्वारा ही पेश की जा सकती हैं। इसमें कहा गया है कि आयुष उपचार कवरेज पर कोई सीमा नहीं है।

कैंसर-एड्स वाले भी करा सकेंगे इंश्योरेंस

अपने सर्कुलर में इरडाई ने बीमा कंपनियों को पहले से किसी भी प्रकार की चिकित्सीय स्थिति वाले व्यक्तियों को हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसियां देने का आदेश भी दिया गया है। इसमें बीमा कंपनियों को कैंसर, हार्ट और एड्स जैसी गंभीर बीमारियों वाले मरीजों को पॉलिसी जारी करने से मना करने से भी प्रतिबंधित किया गया है। सर्कुलर के अनुसार, इरडा ने हेल्थ इंश्योरेंस वेटिंग पीरियड को भी 48 महीने के बजाय घटकर 36 महीने कर दिया है।

रतन टाटा को सम्मानजनक 'कीस मानवतावादी सम्मान 2021' प्रदान किया

मुंबई। प्रसिद्ध उद्योगपति और परोपकारी, टाटा समूह के चेयरमैन एमेरिटस रतन टाटा को सोमवार को प्रतिष्ठित कीस मानवतावादी सम्मान 2021 से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार समारोह मुंबई में उनके निजी आवास पर आयोजित किया गया था जिसमें उन्हें कीट-कीस-कीम्स के संस्थापक एवं कंधमाल लोकसभा सांसद महान शिक्षाविद प्रो.अच्युत सामंत द्वारा सम्मानित किया गया। यह सामाजिक विकास और अनुकरणीय कॉर्पोरेट नेतृत्व के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की एक महत्वपूर्ण मान्यता है। इस समारोह में टाटा समूह के अध्यक्ष एन.चंद्रशेखरन और तीन बार के ग्रैमी पुरस्कार विजेता रिकी केज सहित अन्य लोग उपस्थित थे। यह पुरस्कार कीट और कीस के संस्थापक डॉ.अच्युत सामंत द्वारा प्रदान किया गया। आमतौर पर प्रशंसा स्वीकार करने में संकोच करने वाले रतन टाटा, कीस मानवतावादी सम्मान के महत्व को पहचानते हुए, डॉ. अच्युत सामंत के व्यक्तिगत अनुरोध के बाद इस पुरस्कार को स्वीकार करने के लिए सहमत हुए। इस पुरस्कार की घोषणा 2021 में की गई थी, लेकिन तब कोविड महामारी के कारण यह पुरस्कार रतन टाटा प्राप्त करने में असमर्थ थे। इस अवसर पर अपने उदगार व्यक्त करते हुए रतन टाटा ने कहा "मैं यह सम्मान पाकर बेहद खुश हूं। यह मेरे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण क्षण है।'' डॉ. सामंत ने कहा, ''रतन टाटा भारत में एक सम्मानित नाम है, और वह वास्तव में एक अच्छे इंसान हैं। आज उन्हें इस सम्मान से सम्मानित करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। रतन टाटा के सामाजिक कार्य और नेतृत्व ने मुझे बचपन से ही प्रभावित किया है। मेरे पिता टाटा कंपनी के कर्मचारी थे। तब से, मैं रतन टाटा का सम्मान करता हूं और उन्हें पसंद करता हूं, जब मैं सिर्फ चार साल का था, मेरे पिता की एक ट्रेन दुर्घटना में मृत्यु हो गई।" 2008 में डॉ. अच्युत सामंता द्वारा शुरू किया गया, कीस मानवतावादी सम्मान कीट और कीस का सर्वोच्च सम्मान है जो दुनिया भर में मानवीय कार्यों की भावना को मूर्त रूप देने वाले व्यक्तियों और संगठनों को मान्यता देने के लिए समर्पित है। इस प्रतिष्ठित सम्मान के पिछले प्राप्तकर्ताओं में वैश्विक नेताओं का एक विविध समूह, नोबेल पुरस्कार विजेता और विभिन्न क्षेत्रों के उल्लेखनीय व्यक्ति शामिल हैं, जो इस पुरस्कार की व्यापक अंतरराष्ट्रीय अपील और सम्मान को प्रदर्शित करते हैं। इस अवसर पर कीस के लगभग 40,000 छात्रों ने रतन टाटा के स्वस्थ, लंबे और रोग मुक्त जीवन की कामना की।

बस पलटी, चुनाव ड्यूटी से लौट रहे 12 जवान घायल

जगदलपुर। दंतेवाड़ा के फरसपाल में चुनाव ड्यूटी के बाद लौट रहे एमपी सशस्त्र बल के जवानों की बस कोड़ेनार थाना क्षेत्र के पाराकोट के करीब पलटने से सवार 12 जवान घायल हो गए। तोकापाल स्वास्थ्य केन्द्र में 5 जवानों को प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया, जबकि 7 जवान को बेहतर उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जिस समय हादसा हुआ, उस दौरान बस में 30 से अधिक जवान सवार थे। घटना की जानकारी लगते ही चित्रकोट विधायक विनायक गोयल मेकाज पहुंचकर सभी घायल जवानों से चर्चा कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और डाक्टरों को बेहतर उपचार के निर्देश दिए। मध्यप्रदेश के ग्वालियर स्थित सेकंड बटालियन सशस्त्र बल के जवानों की चुनाव ड्यूटी दंतेवाड़ा के फरसपाल में लगी थी।

एयरटेल ने पेश किया दुनिया घूमने वाले ग्राहकों के लिए किफ़ायती इंटरनेशनल रोमिंग पैक

पैक मात्र रु 133 प्रतिदिन से शुरू, विदेश में उपलब्ध लोकल सिम से भी सस्ता

नई दिल्ली।

भारत के प्रमुख टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक, भारती एयरटेल ने विदेश यात्रा करने वाले ग्राहकों के लिए किफ़ायती अंतरराष्ट्रीय रोमिंग पैक पेश किए हैं। नए पैक में 184 देशों तक पहुंच शामिल है और इनका टैरिफ रु 133 प्रतिदिन से शुरू होता है, जो इन्हें विदेशों में मिलने वाले लोकल सिम की तुलना में भी काफी किफ़ायती विकल्प प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, इन पैक्स के साथ बेहतर डेटा बेनिफिट्स, उड़ान के दौरान इन-फ्लाइट कनेक्टिविटी और 24x7 कॉन्टैक्ट सेंटर सपोर्ट उपलब्ध होता है। इन सुविधाओं को यथासंभव सुविधाजनक बनाने के लिए, एयरटेल ने यह भी सुनिश्चित किया है कि इन 184 देशों की यात्रा करने वाले ग्राहकों को अब विभिन्न देशों के लिए अलग-अलग पैक लेने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें केवल अपने यात्रा की अवधि चुननी होगी और एक ही पैक के माध्यम से वे दुनिया में कहीं भी बिना किसी रुकावट के कनेक्टिविटी का आनंद ले सकते हैं। अमित त्रिपाठीए डायरेक्टर कस्टमर एक्सपीरियंस एंड मार्केटिंग, भारती एयरटेल ने बताया कि एयरटेल में हमारा मिशन ग्राहकों की समस्याओं को हल करना और अधिक सुविधा प्रदान करना है। हमें किफ़ायती और सरल इंटरनेशनल रोमिंग पैक लॉन्च करते हुए खुशी हो रही है जो दुनिया में कहीं भी यात्रा करने वाले ग्राहकों को बिना किसी रुकावट के रोमिंग सुविधा प्रदान करेंगे।

हाईकोर्ट में गुहार: संग्रहण केंद्रों से नहीं हो रहा धान का उठाव

प्रबंधकों और प्रभारियों ने दायर की याचिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

संग्रहण केन्द्रों से धान का उठाव नहीं हो रहा है। इससे होने वाले शार्टेज व अन्य नुकसान के लिए सीधे केंद्र प्रभारी व कर्मचारियों को जिम्मेदार माना जाता है और कार्रवाई होती है। इसके खिलाफ पहली बार संग्रहण केंद्रों के प्रबंधकों व प्रभारियों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि संग्रहण केंद्र से धान का उठाव और परिवहन सही तरीके से नहीं हो रहा है। बारिश होने पर भी धान खराब होता है। इस पर हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से पूछा कि आप को इससे क्या दिक्कत है। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता ने कहा हमारे पास धान रखने के लिए शेड नहीं है। बारिश में सड़कर धान खराब होता है और इसके लिए हमारे खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाता है। इस पर कोर्ट ने मौखिक रूप से कहा कि प्रतिवर्ष इस मामले में सहकारी समितियों के खिलाफ 200 मुकदमा दर्ज होता है।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम से मांगा जवाब

कोर्ट ने सीधे सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम को नोटिस जारी कर प्रदेश के सभी जिलों में पैडी प्रोक्योरमेंट स्कीम 2023-2024 के अनुसार धान का उठाव व परिवहन की स्थिति के संबंध में शपथ पत्र के साथ जवाब मांगा है। कोर्ट ने स्कीम का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई इसकी भी जानकारी मांगी है। याचिका में एक सप्ताह बाद सुनवाई होगी।

यूजीसी नेट में हुए दो बड़े बदलाव, इसी साल से होंगे लागू

4-वर्षीय स्नातक डिग्री वाले भी दे सकेंगे यूजीसी नेट परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

यूजीसी नेट एग्जाम 2024 पर बड़ी खबर आई है। नेट एग्जाम में दो बड़े बदलाव किए गए हैं। ये दोनों बदलाव इसी बार की जून 2024 यूजीसी नेट परीक्षा से लागू किए जा रहे हैं। चार वर्षीय स्नातक डिग्री वाले छात्र अब सीधे राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) में शामिल होने के साथ ही पीएचडी भी कर सकते हैं। यूजीसी के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने यह जानकारी दी। जूनियर रिसर्च फेलोशिप के साथ या उसके बिना पीएचडी करने के लिए अभ्यर्थियों को अपने चार साल के स्नातक पाठ्यक्रम में न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड की आवश्यकता होगी। अब तक, नेट के लिए अभ्यर्थी को न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री की आवश्यकता होती थी। कुमार ने बताया, चार साल की स्नातक डिग्री वाले अभ्यर्थी अब सीधे पीएचडी कर सकते हैं और नेट परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। ऐसे उम्मीदवारों को जिस भी विषय में वे पीएचडी करना चाहते हैं, उसमें करने की अनुमति होगी, भले ही उन्होंने किसी भी विषय में चार वर्षीय स्नातक डिग्री प्राप्त की हो। यूजीसी अध्यक्ष ने कहा, चार साल या आठ सेमेस्टर के स्नातक डिग्री कार्यक्रम में उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों के पास कुल मिलाकर न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक या इसके समकक्ष ग्रेड प्राप्त होना चाहिए।' उन्होंने कहा कि यूजीसी द्वारा समय-समय पर लिए गए निर्णय के अनुसार अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर), दिव्यांग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और कुछ अन्य श्रेणियों के उम्मीदवारों के लिए पांच प्रतिशत अंक या इसके समकक्ष ग्रेड की छूट दी जा सकती है।

यूजीसी नेट की प्रमुख तिथियां

ऑनलाइन आवेदन शुरू	-	21 अप्रैल
आवेदन की अंतिम तिथि	-	10 मई
आवेदन शुल्क की अंतिम तिथि	-	12 मई 2024
आवेदन में ऑनलाइन संशोधन की तिथियां	-	13 से 15 मई
एग्जाम सिटी स्लिप और एडमिट कार्ड तिथि	-	बाद में जारी होगी
यूजीसी नेट 2024 परीक्षा की तिथि	-	16 जून 2024

ये दो बड़े बदलाव

पहला

कैंडिडेट जो चार साल का ग्रेजुएशन या 8 सेमेस्टर का यूजी कोर्स कर रहे हैं और वो अपने आखिरी साल में पढ़ रहे हैं या अंतिम सेमेस्टर में हैं, तो उन्हें भी यूजीसी नेट 2024 जून एग्जाम के लिए योग्य माना जाएगा। ऐसे उम्मीदवार भी जून 2024 नेट एग्जाम के लिए अप्लाई कर सकते हैं।

दूसरा

जो कैंडिडेट 4 चार साल का ग्रेजुएशन कर रहे हैं, उन्हें ये छूट दी जाएगी कि वे किसी भी विषय में नेट की परीक्षा दे सकते हैं। यानी उनके लिए सिर्फ उसी सब्जेक्ट में नेट एग्जाम देने की बाध्यता नहीं होगी जिसमें उन्होंने ग्रेजुएशन किया है। हालांकि कैंडिडेट को नेट एग्जाम सब्जेक्ट में से वह विषय चुनना होगा, जिसमें वह आगे पीएचडी करना चाहते हैं।

राशिफल

मेष — किसी विदेशी कारोबार के लिए भाग-दौड़ बढ़ सकती है। विदेश यात्रा लाभप्रद रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

वृष — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। लाभ के मौके मिलेंगे।

मिथुन — मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। सुखद समाचार मिलेगा।

कर्क — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। तरक्की के योग हैं।

सिंह — बातचीत में संयत रहें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

कन्या — नौकरी के लिए साक्षात्करादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा।

तुला — शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें।

वृश्चिक — मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

धनु — मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

मकर — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। पिता का साथ मिलेगा। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आए के नए स्रोत बनेंगे।

कुंभ — किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं। निवेश लाभप्रद रहेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

मीन — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। परिश्रम अधिक रहेगा। किसी रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। किसी प्रापर्टी में निवेश कर सकते हैं।

कार और ट्रक की टक्कर में तीन भाइयों समेत नौ की मौत

एक साथ निकली आठ दोस्तों की शवयात्रा, रो पड़ा गांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जयपुर

विवाह समारोह में शामिल होने के बाद लौट रहे नौ लोगों की राजस्थान के झालावाड़ जिले में शनिवार देर रात उस समय मौत हो गई जब उनकी कार सामने से आ रहे एक ट्रक से टकरा गई। हादसे की चपेट में आए लोग विवाह समारोह में भाग लेकर भोपाल के डूंगरी गांव से लौट रहे थे। इस दुर्घटना में मारे गए सभी लोगों की आयु 16 से 33 वर्ष थी। अकलेरा कस्बे में रविवार को एक साथ आठ शव यात्रा निकली। सभी जवान मौतों की शव यात्रा देख मौजूद सभी लोगों की आंखें नम थी। मृतक सभी वैन सवार मध्यप्रदेश के माचलपुर से शादी समारोह से अकलेरा लौट रहे थे। इसी दौरान भोपाल रोड पर पचोला के समीप एक बेकाबू डंपर ने वैन को टक्कर मार दी। अकलेरा थाना प्रभारी संदीप बिश्नोई ने बताया कि अकलेरा के बागरी समाज के लोग शनिवार को अपने रिश्तेदार के शादी समारोह में मध्य प्रदेश गए थे। इसी दौरान बारात से लौटते समय उनकी वैन तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आ गई।

इन तीन भाई भी चल बसे

एकलेरा पुलिस थाना प्रभारी संदीप विशोनी ने बताया कि मृतकों में 16 वर्षीय रोहित, 22 वर्षीय सोनू और 24 वर्षीय दीपक शामिल हैं। उन्होंने बताया कि ये तीनों भाई थे। गंभीर रूप से घायल लोगों को बाहर निकालने के लिए बचावकर्मियों को कार का पिछला दरवाजा तोड़ना पड़ा। दुर्घनाग्रस्त कार में सवार पांच लोगों को एक निजी अस्पताल और चार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

आठ का हुआ एक साथ अंतिम संस्कार

मृतक अशोक कुमार (24) पुत्र घनश्याम बागरी, रोहित (16) पुत्र नंदकिशोर बागरी, हेमराज (33) पुत्र बंशीलाल बागरी, सोनू (22) पुत्र भैरूलाल बागरी, दीपक (24) पुत्र जयलाल बागरी, रवि शंकर (25) पुत्र प्रेमचंद बागरी, रोहित (22) पुत्र जगदीश बागरी निवासी अकलेरा का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। वहीं, रामकृष्ण (20) उर्फ राजू पुत्र प्रेमचंद निवासी हरनावदा शाहजी भी अपने नाना के यहां अकलेरा में ही रहता था।

युवाओं की मौत पर नम हुईं आंखें

अकलेरा कस्बे में बागरी समाज के सभी युवाओं की एक साथ शव यात्रा निकली। इस दौरान हर आंखें नम थीं। हर कोई घटना को लेकर स्तब्ध था। मृतकों में सारे 16-33 साल के युवा थे। ज्यादातर मजदूरी करते थे।

आवश्यकता

आवश्यकता है- ट्रक ड्राइवर की आवश्यकता है 14 चक्का लेलेंड लाइन मे चलने के लिए वेतन- 15000+ फिक्स चक्कर ट्रिप- 15000+ प्रति ट्रिप संपर्क करें- 9109191899, 94252-13622 (रायपुर/23/अप्रैल/24)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

शब्द पहेली - 5490



बाएँ से दाएँ
1.कार्य,काम-2
2.अग्नि,अनल-2
3.संग,संगत-2
4.मदिरा,शराब-2
6.चुटीली बात-2
7.उम्मीद-2
8.समाचार,सूचना-3
9.भगवान कृष्ण के खेल-2
10.छाया,परछाई-2
11.कहासुनी-3
12.जी,चित-2
13.निशा-2
14.पासों का खेल-3
16.करीना की फिल्म-2
17.आगे वाला-3
18.सीधा,सरल-2
19.वीर,बहादुर-2
20.दलदल,गाद-3
21.तांत,टेलीग्राम -2
22.वंश,खानदान-2
23.नशा,नशापानी-3
24.चिट्ठी,पत्र-2
26.सही का विलोम-3
27.ठिकाना-2
28.प्राण,दम-2
29.नरक (उर्दू-3)
30.बीता हुआ दिन-2
31.पोखर,तालाब-2
32.हताहत-3
33.दर,मूल्य-2
34.आयु-2
36.अंधकार-2
37.पांव,पैर-2
38.कान्हा-2
39.टैक्स,हाथ-2

ऊपर से नीचे
1.समय,वक्त-2
2.आगमन-2
3.पति की मां-2
4.भोर,सवेरा-3
5.झगड़ा-2
6.लॉक,द्वारयंत्र-2
7.धाय,नर्स,दाई-2
8.अवरोध,रुकावट-3
9.मगन,मग्न-2
10.सप्त,सप्तम-2
11.लक्ष्मी,रमा-3
12.मौज,मजा-2
13.महाराजा-2
14.घिसन,रगस-3
15.गमन,जाना-2
16.पुनः,वापस-2
17.स्थिर-3
18.निष्कर्ष-2
19.कांटा-2
20.मूल्य,दाम-3
21.पितामह-2
22.मजदूर-2
23.ईश्वर-3
24.भूल,गलती-2
25.मछली-2
26.नगमा-3
27.क्षण-2
28.पाश-2
29.दूसरा-3
30.थोड़ा-2
31.तांबा-2
32.हमला-2
33.कलंक-2
34.गरम-2
35.मयूर-2

शब्द पहेली -5489 का हल

सूडोकु नवताल - 5501

सरल

	4		7		1			3
3		5		4		1		
	2				8			
4		3						
	8			2			1	
						8		6
			2				3	
		9		8		2		4
1			4		6		9	

MANGAL SENAOHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 5500 का हल

9	2	7	4	8	6	5	3	1
5	1	6	3	2	9	4	8	7
3	4	8	7	1	5	9	6	2
8	3	4	9	5	1	2	7	6
7	6	5	8	4	2	3	1	9
1	9	2	6	3	7	8	5	4
6	7	3	2	9	8	1	4	5
2	8	1	5	7	4	6	9	3
4	5	9	1	6	3	7	2	8

सहेली

विशेषः विश्व पुस्तक दिवस, 23 अप्रैल

जीवन को निखार देती हैं किताबें

किताबें पढ़ने का मतलब, नई-नई बातों की जानकारी, जीवन के हर पहलू से रू-ब-रू होना, जिंदगी जीने की कला सीखना। किताबें हमारी दोस्त बन हमारा अकेलापन दूर करती हैं, हमें स्वस्थ, जीवंत बनाती हैं। आइए, हम दिन-रात मोबाइल स्क्रीन की स्क्रॉलिंग ना करके, अपनी आदत किताबें पढ़ने की डालें, जीवन को निखारें, खुशियों से भरें।

कवर स्टोरी / डॉ. मोनिका शर्मा

किताबें पढ़ना, खुद को हर तरह से समृद्ध करना है। कभी जिम्मेदारियों की भाग-दौड़ के चलते तो कभी मन की उलझनों के कारण, महिलाओं का किताबों से रिश्ता टूट जाता है। स्कूल-कॉलेज के समय खूब किताबें पढ़ने वाली लड़कियां भी एक समय के बाद काम-काजी जीवन की आपा-धापी या गृहस्थी की भाग-दौड़ में किताबों और शब्दों से रिश्ता नहीं रख पातीं। ऐसा नहीं होना चाहिए। किताबों से जुड़े रहने का रास्ता ढूंढ़ ही लेना चाहिए, क्योंकि किताबें पढ़ना, विचारों को समृद्ध करने से लेकर व्यक्तित्व के निखार तक, हर मोर्चे पर मददगार होता है। आप जीवन में जो भी भूमिका निभा रही हों, किताबों से मिला मार्गदर्शन और मनोबल मन को हिम्मत देता है। शब्दों का यह साथ जीवन को सार्थक दिशा देने वाला साबित होता है।

विकसित होता है सार्थक नजरिया

महिलाओं के जीवन में एक मोड़ के बाद ठहराव-सा जाता है। ऐसे में ठहरे-से जीवन में भी सीखने-समझने की यात्रा जारी रखने के लिए किताबें बहुत अच्छी मित्र साबित होती हैं। किताबें तो जानकारियों का खजाना होती हैं। कुछ नया जानने-सीखने का रोमांच कायम रखती हैं। अकेलापन दूर करती हैं। मन को खुशी और संतुष्टि देती हैं। कहते हैं, 'हम खुशियां नहीं खरीद सकते पर किताबें खरीद सकते हैं। किताबें हमें खुशी देती हैं।' आज के उलझन भरे दौर में मन को खुशी देते हुए हमारे लिए सीखने-समझने का सफर जारी रखने वाली किताबें और जरूरी हो गई हैं। यूं भी कुछ नया जानना-सीखना मन को खुशी ही नहीं देता है, आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। इससे सकारात्मक सोच की सौगात हमारे हिस्से में आती है। रिश्तों और जिम्मेदारियों से जुड़ी आपा-धापी में अवसाद और अकेलापन, महिलाओं के लिए भी समस्या बन गया है। किताबें इन सबसे उबरने का बेहतरीन माध्यम हैं। साथ ही शब्दों से बने सुखद मेल-जोल से आप घर-परिवार संभालते या नौकरी करते हुए भी नीरसता भरी सोच से बची रहेंगी। इंसान की सोच और व्यवहार दोनों में नयापन जोड़ने वाली किताबें जीवन यात्रा को भी रोचकता, समझ और जानकारियों से भरपूर रखती हैं। पन्ने-दर-पन्ने जिंदगी से जुड़ी कितनी ही बातों से रू-ब-रू करवाती हैं किताबें। जिंदगी जीने का एक सार्थक नजरिया विकसित करती हैं किताबें।

किताब को बनाएं अपना साथी

मन-मस्तिष्क को मांजने वाली पुस्तकों को अपनी सहेली-सा समझें। हर समय कोई किताब साथ रखना, किताब पढ़ना आसान कर देता है। चाहे पैरेंट-टीचर मीटिंग में अपनी बारी का इंतजार करना हो या किसी और जगह समय बिताने के लिए किताब पढ़ना सबसे अच्छा तरीका है। समय के सदुपयोग के साथ ही किताबें हमारे मन-जीवन को परिष्कृत करती हैं। एक अध्ययन के मुताबिक 6 मिनट पुस्तक पढ़ने से तनाव 75 प्रतिशत तक कम हो जाता है। इतना ही नहीं, किताबें पढ़ने से दिमाग की 'थॉट्स टू एक्शन' पावर यानी किसी काम को करने के लिए दिमाग में विचार आने की गतिविधियां भी तेज होती हैं। ज्ञान का दायरा बढ़ने के साथ ही, अपनी सोच को विस्तार मिलने से अच्छा और क्या हो सकता है। इसीलिए हमेशा कोई किताब साथ रखें और उसे पूरा पढ़ने का एक मिशन बना लें। अपनी पसंद को प्राथमिकता देते हुए किताब का विषय चुनें। रुचि का कंटेंट पढ़ना, आपको पुस्तकों से जोड़े रखेगा। साथ ही अपने शौक के विषय को आप और बेहतर समझ पाएंगी।

पास आएं किताबों के, स्क्रीन से बनाएं दूरी

समय अनमोल है। इसे सार्थक कार्यों में लगाने से अच्छा कुछ नहीं। यह जानने-समझने के बावजूद स्क्रीन स्क्रॉलिंग की आदत ने हमें किताबें पढ़ने की सार्थक गतिविधि से दूर कर दिया है। महिलाओं में भी पन्नों पर उतरे शब्दों के माध्यम से कुछ सीखने में रुचि घटी है। अब इस ओर लौटना आवश्यक है। पुस्तकों का साथ ज्ञान, मान, स्वास्थ्य और सुकून सब कुछ देता है। इसीलिए तकनीक से घिरी इस दुनिया में स्क्रीन स्क्रॉलिंग में समय गंवाने के बजाय यह वक्त किताब पढ़ने में लगाएं। शोधकर्ता न्यूरोसाइंटिस्ट बरोनेस सुसान ग्रीनफील्ड के मुताबिक, 'सोशल मीडिया और स्मार्ट गैजेट्स के इस दौर में किताबें पढ़ने की आदत दवा की तरह असर दिखा सकती है। किताबें पढ़ने से सोचने और किसी परिस्थिति को समझने की क्षमता बेहतर होती है। हमारा मन और मस्तिष्क दोनों जाने-अनजाने पढ़े जा रहे शब्दों के भाव से जुड़ाव महसूस करते हैं, उनके प्रभाव में आते हैं।' यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के एक अध्ययन के अनुसार किताब पढ़ने से भावनात्मक समझ बढ़ती है। महिलाओं के लिए यह समझ रिश्तों-नातों को समझने और अपनी बात समझाने में भी मददगार बन सकती है। घर बसा लेने या काम-काजी हो जाने का मतलब यह नहीं है कि कोई महिला अपनी वैचारिक समझ से दूर हो जाए। जितना आप अपने परिवेश और अन्य क्षेत्रों से जुड़ी जानकारी रखेंगी, उतना ही बच्चे हों या बड़े, सबसे बेहतर संवाद स्थापित कर पाएंगी। साथ ही स्क्रीन स्क्रॉलिंग से होने वाली बहुत-सी मानसिक, शारीरिक और मनोवैज्ञानिक समस्याओं से भी बची रहेंगी। a

बच्चों को पुस्तकों से जोड़ें

आपके किताबों से जुड़ाव बनाए रखने का एक सकारात्मक असर यह भी होगा कि बच्चे भी पुस्तकें पढ़ने में रुचि लेंगे। अध्ययन बताते हैं कि माताओं की यह आदत बच्चों को भी पुस्तकों से जोड़ती है। यूं भी बच्चों का पूरा व्यक्तित्व और सोच अपनी मां की गतिविधियों से प्रभावित होता है। आपकी रीडिंग हैबिट छोटी उम्र से ही बच्चों में भी कोर्स की किताबों से इतर कुछ पढ़ने-गुनने में रुचि जगाएगी। बचपन में ही पुस्तकों के साथ बना रिश्ता उम्रभर बच्चों को किताबों से जोड़े रखता है। बच्चों को स्मार्ट गैजेट्स से दूर रखने के लिए भी उनकी रीडिंग स्किल्स और रुचि को बढ़ाना आवश्यक है। किताबों का साथ नई पीढ़ी को नुकसान पहुंचाने वाली बहुत सारी एक्टिविटीज से दूर रखता है। बच्चों के साथ बैठकर किताब पढ़ने से पैरेंट्स के साथ उनकी बॉन्डिंग भी मजबूत होती है। बच्चों का व्यक्तित्व निखरता है और इमोशनल इंटेलिजेंस बढ़ती है।

वर्किंग वूमेन / अंजू जैन

हम यह मान लें कि अपने प्रोफेशन में बेहतर परफॉर्म कर रहे हैं, इससे और बेहतर करने की कोई जरूरत नहीं है, यह सोच गलत है। प्रोग्रेस के लिए जरूरी है, हम समय की डिमांड के अनुसार अपनी बेहतर से बेहतर परफॉर्मेंस दें।

आप बेहतर हैं लेकिन और ज्यादा बेहतर हो सकती हैं

अमृता को मीना ने एक साधारण-सी दोस्ताना सलाह दी तो वह चिढ़ गई। उसकी कुलीग मीना ने उससे बस इतना ही कहा था, 'अमृता, तुम और बेहतर ढंग से काम कर सकती हो, तुममें अच्छी क्षमता है। इससे वर्कप्लेस पर तुम्हारी बहुत ही शानदार और एक अलग इमेज बन जाएगी।' इस पर अमृता गुस्सा गई, बोली, 'क्या मैं तुम्हें अंडर परफॉर्मर या कामचोर लगती हूं? क्या ऑफिस में मेरी इमेज ठीक नहीं है?'

अमृता भूल गई कि हम चाहे कितने भी बेहतर परफॉर्मर और इंटेलीजेंट क्यों ना हों, लेकिन बेहतरीन की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। दुनिया के कामयाब लोग चाहे वे वैज्ञानिक, चिकित्सक, इंजीनियर, लेखक, प्रोफेसर या किसी भी क्षेत्र से जुड़े हों, ये सभी खूबसूरत मुकाम तभी हासिल कर पाते हैं, जब वे निरंतर अच्छे से अच्छा करने के लिए प्रयासरत रहते हैं, नित नई चीजें सीखने और अनुभव प्राप्त करने के लिए तत्पर रहते हैं। इसी तरह आप भी अपने करियर को नई ऊंचाई देने, व्यक्तित्व को निखारने के लिए कुछ उपाय अपना सकती हैं।

परफॉर्मेंस लगातार इंप्रूव करें: कभी भी यह ना मानकर बैठें कि आप जो कर रही हैं, वही आपका बेस्ट है। खुद को कंफर्ट जोन से बाहर लाएं और अपनी परफॉर्मेंस को इंप्रूव करने के तरीकों पर विचार करें। लोगों की सलाह लें। अपने बॉस, सहयोगियों या क्लाइंट्स के फीडबैक पर ध्यान दें। अपने डार्क एरियाज को पहचानें और उन कमजोरियों को दूर करें। आपके भीतर खुद को बेहतर बनाने और अपनी प्रोडक्टिविटी बढ़ाने का एक जुनून होना चाहिए। ये बातें आपकी सफलता का मार्ग प्रशस्त करेंगी।

वैल्यू एडिशन करें: आप अगर अपने करियर में प्रोग्रेस चाहती हैं तो अपनी पर्सनालिटी और वर्किंग स्टाइल में वैल्यू एडिशन करें। बेस्ट सेलर बुक 'सो गुड दे कांट इग्नोर यू' के राइटर काल न्यूपोर्ट ने लिखा है कि महत्व इस बात का है कि आप अपने दिए गए काम को कितने बेहतर तरीके से करते हैं, उत्पादन की गुणवत्ता में कितनी वैल्यू एड कर पाते हैं। आप अपनी आजीविका के लिए कुछ भी करें, लेकिन खुद को इतना बेहतर बनाने की कोशिश करें कि कोई आपको इग्नोर ना कर सके। आपकी इमेज बेहतरीन परफॉर्मर की होनी चाहिए।

निरंतर सीखें नए स्किलः दुनिया पल-पल बदल रही है, प्रगति कर रही है। समय बीतने के साथ ही हर नई तकनीक पुरानी होती चली जाती है। जाहिर है, इसी के मुताबिक प्रोफेशनल या बिजनेस फील्ड में भी नई सेवाओं और नए उत्पादों की मांग बढ़ती है। पुरानी चीजों की मांग लगातार घटती चली जाती है। इसलिए आपको समय के साथ तालमेल बनाकर चलने के लिए नियमित रूप से नई स्किल सीखनी चाहिए। आपकी स्किल और नवीनतम जानकारी ही आपकी वास्तविक पूंजी है।

काम को पूरे मन से करें: सफल होना है तो अपने पैशन को फॉलो करें। आप जो कर रही हैं, अगर वो आपका पैशन नहीं है तो भी आपको इस काम के प्रति अभिरुचि जगानी चाहिए। किसी काम को बोझ की तरह या महज ड्यूटी निभाने के माइंडसेट से करेंगी तो आप कभी सफल नहीं हो पाएंगी। इसलिए काम के प्रति लगाव रखें, अपने एंप्लॉयर को ज्यादा से ज्यादा और बेहतर रिजल्ट देने का प्रयास करें। a

---

आलू ऐसी सब्जी है, जिसे हर घर में उपयोग किया जाता है। लेकिन सब्जी के अलावा आलू में रूप निखारने के भी अनेक गुण मौजूद होते हैं। आप आलू का उपयोग अपना रूप निखारने और ब्यूटी संबंधी समस्याओं को दूर करने में भी कर सकती हैं। इस बारे में बहुत ही यूजफुल टिप्स के बारे में जानिए।

आलू में छुपे होते हैं रूप निखारने के गुण

ब्यूटी

शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

आलू का जिक्र आते ही अकसर फ्रेंच फ्राईज, आलू के परांठे या समोसे पर ध्यान चला जाता है। आलू के पकवान पूरे विश्व के किचेन में पकाए जाते हैं। लेकिन आलू विटामिन, मिनरल, आयरन, फासफोरस आदि गुणों से भरपूर होते हैं, जिनसे स्किन, बालों और अन्य ब्यूटी समस्याओं का घर बैठे आसानी से कम लागत में प्रभावी उपचार किया जा सकता है।

कई तरह से उपयोगी: आलू में मौजूद हल्के ब्लीचिंग गुणों की वजह से यह हाइपर पिग्मेंटेशन को रोकता है और त्वचा की रंगत में निखार लाता है। आलू में मौजूद एंजाइम स्किन में ताजगी और चमक लाते हैं। साथ ही चेहरे पर काले धब्बों, कील-मुंहासों को भी रोकता है। आलू में पाया जाने वाला विटामिन 'सी' स्किन में कोलेजन कोशिकाओं को बढ़ाकर समय से पहले चेहरे की झुर्रियां और बुढ़ापे को रोकता है। साथ ही यंगनेस को लंबे समय तक बनाए रखता है। आलू के जूस को अन्य फ्रूट जूसों के मिश्रण के साथ पीने से सौंदर्य में निखार आता है। त्वचा संबंधी अनेक सौंदर्य समस्याओं को आलू के बाहरी उपयोग से ठीक किया जा सकता है।

ऐसे करें अप्लाई : हम आपको यहां आलू से रूप निखारने वाले कुछ आसान घरेलू उपायों के बारे में बता रहे हैं।

- आलू और अंडे के फेसपैक को चेहरे पर लगाने से चेहरे की त्वचा में खिंचाव आता है, स्किन में यंग फ्रेशनेस लौट आती है। इसके लिए आधे आलू के रस में एक अंडे का सफेद हिस्सा मिलाकर मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को चेहरे पर आधा घंटा तक लगाकर चेहरे को साफ ताजे पानी से धो डालिए। इससे चेहरे के स्किन पोर्स में खिंचाव आएगा और आप यंग दिखेंगी।
- आधे आलू के रस में दो चम्मच दूध मिलाकर बने मिश्रण को कॉटन की मदद से पूरे चेहरे और गर्दन पर लगाइए। इस मिश्रण को आधे घंटे बाद पानी से धो डालिए। इसे हफ्ते में दो बार लगाने से चेहरे की स्किन में फ्रेशनेस और यंगनेस का अहसास होता है।
- आलू के जूस को चेहरे पर लगाने से चेहरे की त्वचा में खिंचाव आता है और चेहरे की झुर्रियां दूर होती हैं। आलू के उपयोग से गर्मी से झुलसी त्वचा को राहत मिलती है और स्किन स्पॉट्स को छुड़ाने में सहायक सिद्ध होते हैं।
- आलू के उपयोग से आंखों के इर्द-गिर्द सूजन को कम करने में मदद मिलती है। आलू और खीरे के जूस को बराबर मात्रा में मिलाकर प्रतिदिन आंखों के इर्द-गिर्द लगाने से आंखों की सुंदरता बढ़ती है।
- आलू के छिलकों से बालों की रंगत काली बनी रहती है। इसके लिए आलू के छिलको को पानी में उबालकर ठंडा होने दें और इस पानी को शैंपू करने के बाद बालों को धोने से बालों में चमक तथा कोमलता आती है।
- आलू और हल्दी के फेसपैक से त्वचा की रंगत में निखार आता है। इसके लिए आधे आलू के रस में थोड़ा-सा हल्दी पावडर डालकर बने मिश्रण को आधा घंटे तक चेहरे पर लगाकर बाद में ताजे पानी से धो डालिए। इस पैक को हफ्ते में दो बार लगाने से त्वचा की रंगत साफ होनी शुरू हो जाती है और आप यंग लगने लगती हैं।
- आलू के जूस को प्रतिदिन चेहरे और बाहरी त्वचा पर लगाकर 20 मिनट बाद ताजे साफ पानी से धो डालिए। इससे चेहरे की झुर्रियां खत्म होंगी।
- आलू के छिलके को ब्लैंड कर चेहरे पर कुछ समय तक हल्की-हल्की मसाज कीजिए और इसके बाद ताजे, साफ पानी से धो डालिए। इससे त्वचा को साफ रखने और काले धब्बों को साफ करने में मदद मिलेगी। a

---

डाइट सजेशन / शिल्पी गोयल डाइटीशियन, रायपुर

वाटर रिच फूड्स से नहीं होगा डिहाइड्रेशन

गर्मी के मौसम में तेज तापमान और पसीने की वजह से शरीर में पानी की कमी हो सकती है। शरीर में पानी की कमी होने से डिहाइड्रेशन की समस्या होती है। इससे आपको चक्कर आना, थकान, बेहोश होना, मसल्स क्रैंप, लो ब्लड प्रेशर, हार्ट रेट का तेज होना जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इन समस्याओं से बचने के लिए आप अपनी डाइट में कुछ वाटर रिच फूड्स, फ्रूट्स ले सकती हैं।



तरबूजः एक कप कटे हुए तरबूज में आधा कप पानी की मात्रा होती है। यही नहीं, इसमें फाइबर, विटामिन सी, विटामिन ई, मैग्नीशियम और कैलोरी भी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। इसलिए आप इन गर्मियों में रोजाना तरबूज खा सकती हैं।

खीराः खीरे में भी 95 प्रतिशत पानी की मात्रा होती है। इसके अलावा इसमें विटामिन के, पोटैशियम, मैग्नीशियम आदि पोषक तत्व भी होते हैं। इसलिए इस मौसम में खीरा भी आपको जरूर खाना चाहिए।

दही : गर्मी के मौसम में दही का सेवन करना भी फायदेमंद होता है। इसमें भरपूर प्रोटीन, विटामिंस और न्यूट्रिएंट्स पाए जाते हैं, जो कई तरह से हेल्थ के लिए फायदेमंद होते हैं। आप टमाटर, लौकी, बेल, पत्ता गोभी, नारियल पानी आदि के सेवन से भी पानी की कमी को पूरा कर सकती हैं। a

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से। हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 92851 63700, Email: gdc.indore@gmail.com

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
राजस्थान	7	6	1	12
कोलकाता	7	5	2	10
हैदराबाद	7	5	2	10
चेन्नई	7	4	3	8
लखनऊ	7	4	3	8
गुजरात	8	4	4	8
मुंबई	7	3	4	6
दिल्ली	8	3	5	6
पंजाब	8	2	6	4
बेंगलोर	8	1	7	2

ऑरेंज कैप

विराट कोहली
379 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप

जसप्रीत बुमराह
13 विकेट
मुंबई

बाउंड्री मीटर
1122 चौके
643 छक्के

गुकेश की सफलता में छिपा है माता-पिता का त्याग, 'क्राउड फंडिंग' से चलाया खर्च

एजेंसी ▸▸ चेन्नई

युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में अपनी ऐतिहासिक जीत के बाद सुर्खियां बटोर रहे हैं लेकिन 17 साल के इस खिलाड़ी के सपने को हकीकत में बदलने के लिए उनके माता-पिता को कई त्याग करने पड़े। गुकेश शतरंज खेलना जारी रख सकें इसलिए उनके पिता को अपने करियर को रोकना पड़ा और खर्चों को पूरा करने के लिए 'क्राउड फंडिंग' का भी सहारा लेना पड़ा।

ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया और वह विश्व चैंपियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बन गए। गुकेश के पिता रजनीकांत ईएनटी सर्जन है जबकि उनकी मां 'माइक्रोबायोलोजिस्ट' है।

पिता रजनीकांत ईएनटी सर्जन जबकि उनकी मां 'माइक्रोबायोलोजिस्ट' हैं

चौथी के बाद नहीं गए स्कूल

चिकित्सकों के परिवार से आने के बावजूद गुकेश बचपन से ही शतरंज को लेकर जुनूनी रहे हैं। उनके समर्पण को देखते हुए, उनके माता-पिता ने उन्हें चौथी कक्षा के बाद पूर्णकालिक स्कूल जाने से रोकने का फैसला किया। प्रसन्ना ने कहा, 'वह कुछ समय से किसी भी परीक्षा में नहीं बैठा है। इसलिए, मुझे नहीं लगता कि वह इस स्तर पर अकादमिक रूप से कुछ भी करने की कोशिश कर रहा है। मुझे नहीं पता कि वह इसमें वापस जाएगा या नहीं। उसकी मां हालांकि इस चीज को लेकर थोड़ी चिंतित जरूर रहती है।'

नहीं था कोई प्रायोजक

गुकेश के पास कोई प्रायोजक नहीं था और उन्हें पुरस्कार राशि और 'क्राउड-फंडिंग' से अपने वित्त का प्रबंधन करना पड़ता था, लेकिन इन सबके बावजूद वह पिछले साल अपने आदर्श विश्वनाथन आनंद को पछाड़कर भारत के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी बनने में सफल रहे।

पिता का छूटा काम

रजनीकांत ने 2017-18 में अपने पेशे से विराम लिया और बेहद की कम बजट में अपने बेटे के साथ दुनिया भर का सफर पूरा किया। इस दौरान परिवार का खर्च चलाने की जिम्मेदारी उनकी मां ने उठाई। गुकेश के बचपन के कोच विष्णु प्रसन्ना ने कहा, 'उनके माता-पिता ने बहुत त्याग किए हैं। उनके पिता ने अपने करियर की लगभग बलि चढ़ा दी जबकि उनकी मां परिवार का भरण-पोषण कर रही हैं। गुकेश और उनके पिता ज्यादातर समय यात्रा कर रहे होते हैं। यात्रा के कारण गुकेश के माता पिता को एक दूसरे से मिलने का भी मौका बेहद मुश्किल से मिलता है।'

देश विदेश से मिल रही बधाइयां

'क्या शानदार जीत। सत्रह बरस की उम्र में फिडे कैंडिडेट्स जीतने वाला सबसे युवा खिलाड़ी। यहां से अब विश्व चैंपियनशिप का सफर और हर कदम पर हम तुम्हारे साथ हैं। जाओ इतिहास रच दो।'
- सचिन तेंदुलकर, क्रिकेटर

'डी गुकेश को सबसे युवा चैलेंजर बनने पर बधाई।'
- कोनेरू हम्पी

'गुकेश को कैंडिडेट्स जीतने पर बधाई । क्या शानदार टूर्नामेंट रहा। मैं पहले ही मुकाबले से जानता था कि वह खास है। वह 12 वर्ष की उम्र में ग्रैंडमास्टर बन चुका था। उसकी विश्लेषण क्षमता, परिपक्व रवैया और गणना के कौशल से मैं काफी प्रभावित हूं। भावी विश्व चैंपियन।'
- डेविड होवेल, इंग्लैंड के ग्रैंडमास्टर

'गुकेश को बधाई और फेबि, इयान को शानदार प्रदर्शन के लिए खास पुरस्कार। सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक। सभी जांबाजों को बधाई। जिस तरह से उन्होंने खेला, वही सबसे अहम है।'
- ब्लादीमिर क्रामनिक, पूर्व विश्व चैंपियन

खबर संक्षेप

रमित गोयूना स्क्वाश में हारकर बाहर

नई दिल्ली। भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी रमित टंडन को मिस्र में एल गोयूना अंतरराष्ट्रीय ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के तीसरे दौर में दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी डिएगो एलियास से हार का सामना करना पड़ा। शुरुआती दो दौर में शानदार प्रदर्शन करने वाले टंडन को 198,000 डॉलर पुरस्कार राशि के पीएसए प्लेटिनम स्क्वाश टूर्नामेंट में पेरू के खिलाड़ी ने 35 मिनट में 11-2, 11-4, 11-2 से हराया। विश्व रैंकिंग में 40वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी टंडन अगले महीने मिस्र में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप की तैयारी कर रहे हैं।

भावेश और सिमरनप्रीत ने जीता ओलंपिक चयन ट्रायल

नई दिल्ली। भावेश शेखावत और सिमरनप्रीत कौर बरार ने पहले ओलंपिक चयन ट्रायल में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में ओएसटी 2 जीत लिया है। कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज पर चल रहे ट्रायल में भावेश ने फाइनल में 34 स्कोर किया और ओएसटी 1 के विजेता अनीश भानवाला (29) से आगे रहे। विजयवीर सिद्धू 22 हिट के साथ तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में सिमरनप्रीत ने पांच शॉट की पहली दस सीरिज में 37 स्कोर किया। उन्होंने ओएसटी 1 विजेता और ओलंपियन मनु भाकर को पछाड़ा जिन्होंने 35 स्कोर किया । ईशा सिंह 30 हिट के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। रिदम सांगवान (24) चौथे और अभिंद्या पाटिल (16) पांचवें स्थान पर रही।

आईपीएल

दोनों टीमों के सात मैचों में आठ अंक

अपने गढ़ में लखनऊ से बदला चुकता करने उतरेगी सीएसके

एजेंसी ▸▸ चेन्नई

गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स अपने गढ़ चेपॉक स्टेडियम पर मंगलवार को लखनऊ सुपर किंग्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका इरादा पिछली हार का बदला चुकता करने के साथ अंकतालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने का भी होगा। पिछली बार दोनों टीमों का सामना पिछले सप्ताह लखनऊ में हुआ था। केएल राहुल और क्विंटोन डिकॉक ने पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड साझेदारी की थी जिसके दम पर लखनऊ ने जीत दर्ज की। दोनों टीमों के सात मैचों में आठ अंक हैं।

चेन्नई सुपर किंग्स का अभेद्य किला रहा है चेपॉक और अब उसे यहां लगातार तीन मैच खेलने हैं। दूसरे मैदान पर हारने के बाद अब उनकी नजरें अपने घर पर तीनों मैच जीतकर प्लेऑफ का दावा पुख्ता करने पर लगी होंगी।

चेन्नई के लिए कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे ने अधिकांश रन बनाए हैं। लखनऊ के खिलाफ उनके नाकाम रहने से चेन्नई को अच्छी शुरुआत नहीं मिल सकी और बीच के ओवरों में टीम जूझती नजर आई। सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र का फॉर्म चिंता का विषय है।

ओपनिंग को लेकर चिंता

चेन्नई ने अजिंक्य रहाणे को पारी का आगाज करने भेजा जिसकी वजह से गायकवाड़ तीसरे नंबर पर उतरे। सलामी बल्लेबाज के तौर पर तीन अर्धशतक जमाने के बाद गायकवाड़ के सामने यह दुविधा होगी कि वह तीसरे नंबर पर खेलें या फिर से पारी का आगाज करें। रविंद्र जडेजा भी अर्धशतक जड़ चुके हैं जिससे मोईन अली और महेंद्र सिंह धोनी को आखिरी ओवरों में आक्रमक बल्लेबाजी का मौका मिला। चेन्नई को उम्मीद होगी कि उसका शीर्षक्रम एक बार फिर रन बंटोरकर बड़े स्कोर की

लखनऊ के बल्लेबाज फेल

लखनऊ के लिए बल्लेबाजी चिंता का सबब है लेकिन उन्होंने साबित कर दिया है कि शीर्षक्रम के चलने पर वे क्या कर सकते हैं। राहुल और डिकॉक फॉर्म में हैं और उन्हीं पर यहां सबसे ज्यादा रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। निकोलस पूरन को जरूरत पड़ने पर हमेशा रन बनाये हैं और लखनऊ की उम्मीदें उन पर भी टिकी होंगी। गेंदबाजी में लखनऊ को युवा तेज गेंदबाजी सनसनी मयंक यादव की वापसी की उम्मीद होगी जो पेट के निचले हिस्से में खिंचाव के कारण दो मैचों में बाहर रहे। तेज गेंदबाज मोहसिन खान और यश ठाकुर ने चेन्नई को कम स्कोर पर रोकने की कोशिश की लेकिन आखिरी ओवरों में धोनी के बल्ले से निकले आतिश को नहीं रोक सके।

टीमें इस प्रकार हैं

लखनऊ सुपर जाइंट्स: केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान।

चेन्नई सुपरकिंग्स: महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू , दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी।

खास खबर

इथोपियाई धावक वोंडेमेगेन पर पांच साल का प्रतिबंध

मोनाको। टोक्यो ओलंपिक की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने वाली इथोपिया की धावक जेरफे वोंडेमेगेन को दो प्रतिबंधित पदार्थों के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद पांच साल के लिए प्रतिबंधित किया गया है। वोंडेमेगेन पिछले साल मामूली अंतर से विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने से चूक गईं थी।

एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने सोमवार को अपने आदेश में कहा कि वोंडेमेगेन के नमूनों में टेस्टोस्टेरोन और ईपीओ के अंश मिले हैं जो रक्त को अधिक ऑक्सीजन ले जाने में मदद करते हैं। वोंडेमेगेन ने डोपिंग रोधी नियमों को तोड़ने की बात स्वीकार कर ली है। वोंडेमेगेन 2021 टोक्यो ओलंपिक में आठवें स्थान पर रहीं थी जबकि बुडापेस्ट में 2023 विश्व चैंपियनशिप में उन्होंने चौथा स्थान हासिल किया था।

मध्यक्रम के बल्लेबाजों को और बनाने होंगे रन

मुल्लांपुर। पंजाब किंग्स के गेंदबाजी कोच चार्ल लांगेवेल्ट ने गुजरात टाइटंस के हाथों आईपीएल के मैच में तीन विकेट से हार के बाद कहा कि मध्यक्रम के बल्लेबाजों को और रन बनाने होंगे। लांगेवेल्ट ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'निराशाजनक। खिलाड़ी, स्टाफ और प्रशंसक सभी दुखी हैं। हमने गेंदबाजी अच्छी की, पावरप्ले में बल्लेबाजी भी अच्छी थी लेकिन बीच के ओवरों में हमारे बल्लेबाज उनके स्पिनरों के सामने जूझते दिखे। मध्यक्रम को और रन बनाने होंगे। हम इस विकेट पर 20 रन पीछे रह गए।'

बर्लिन में आखिरी बार लीवर कप में खेलेंगे रफेल नडाल

एजेंसी ▸▸ बर्लिन

महान टेनिस खिलाड़ी रफेल नडाल ने सोमवार को कहा कि वह सितंबर में बर्लिन में लीवर कप में खेलेंगे जो 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन के आखिरी टूर्नामेंटों में से एक हो सकता है।

नडाल ने संकेत दिया है कि 2024 एटीपी टूर पर उनका आखिरी साल हो सकता है। उन्होंने पिछले हफ्ते बार्सिलोना ओपन में एलेक्स डि मिनोर के खिलाफ दूसरे दौर में हार के बाद कहा था कि यह शायद यहां उनका आखिरी मैच था। नडाल ने बार्सिलोना में 12 बार खिताब जता।

नडाल ने बयान में कहा, 'अपने करियर के इस चरण में मैं वास्तव में वहां जाना चाहता हूं और मुझे दिए गए हर अवसर का अधिकतम लाभ उठाना चाहता हूं।' स्पेन का यह 37 वर्षीय सुपरस्टार लंबे समय से चोटों से जूझ रहा है और उन्होंने इस साल सिर्फ पांच प्रतिस्पर्धी मैच खेले हैं, तीन जनवरी में ब्रिसबेन में और दो पिछले हफ्ते बार्सीलोना में। इस साल 20-22 सितंबर तक आयोजित होने वाला लीवर कप एक इनडोर हार्डकोर्ट पुरुष प्रतियोगिता है जो गोल्फ के राइडर कप के समान प्रारूप में विश्व टीम और यूरोप टीम के बीच खेली जाती है।

हमारा लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी

एजेंसी ▸▸ कराची

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा है कि अगर भारत अगले साल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजेगा तो पीसीबी उसके साथ द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने के तैयार है।

लाहौर में एक कार्यक्रम में पत्रकारों से बात करते हुए नकवी से भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के हालिया साक्षात्कार के बारे में पूछा गया जिसमें उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट टीम की प्रशंसा की और कहा कि दोनों पड़ोसी देशों का विदेश में टेस्ट श्रृंखला खेलना 'शानदार' होगा। नकवी ने कहा, 'देखिए, अगर इस संबंध में कोई विकल्प आता है तो हम उस पर विचार करेंगे लेकिन अभी हमारा लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करना है और पहले भारत को टूर्नामेंट के लिए आना देना है।'

भाग्यशाली थे कि कोहली का विकेट मिल गया

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स के विकेटकीपर फिल सॉल्ट ने कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ उनकी टीम खुशकिस्मत थी कि विराट कोहली के विकेट का फैसला उनके पक्ष में रहा। केकेआर ने इस रोमांचक मुकाबले में आरसीबी को एक रन से हराया। कोहली लक्ष्य का पीछा करते हुए सात गेंद में 18 रन बनाकर तीसरे ओवर में हर्षित राणा की फुलटॉस गेंद पर गेंदबाज को कैच देकर आउट हुए। उनकी टीम जीत के लिए 223 रन का पीछा करते हुए एक रन से मैच हार गई।

कार्यालय वनमण्डलाधिकारी (सा.) मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़ (छ. ग.)

नीलाम विज्ञापन

सामान्य सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि मनेन्द्रगढ वनमण्डल के काष्ठागार मनेन्द्रगढ़ में दिनांक 25.04.2024 को ईमारती काष्ठ, चन्दन काष्ठ आर. टी. एल. काष्ठ एवं जलाऊ चट्टों का अधोलिखित विवरण के अनुसार प्रात: 09.00 बजे से नीलाम किया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लेवें। नीलाम शर्त एवं जानकारी कार्यालय से अथवा नीलाम स्थान से प्राप्त किया जा सकता है, चुकि मुख्य निर्वाचन आयोग से परमिशन प्राप्त उपरान्त अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक के पत्र क्रमांक उत्पा.1/187-III/701 अम्बिकापुर दिनांक 12.04.2024 को पत्र प्राप्ति के पश्चात निलाम विज्ञापन प्रकाशित किया जाता क्रेताओं को सलाह दी जाती है कि बोली बोलने के पूर्व प्रत्येक लॉट का भली-भांति निरीक्षण कर लेवें तथा संतुष्टि उपरांत ही बोली लगायें। नीलाम के समय घोषित मात्रा सही व अंतिम रूप से मान्य होगी।

क्र.	प्रजाति	नये काष्ठ		पुराने काष्ठ	
		लट्ठा	बल्ली	लट्ठा	बल्ली
		घ.मी.	नग	घ.मी.	नग
1	2	3	4	5	6
1	सागौन	0.000	0	1.856	222
2	साल	300.458	0	393.683	2411
3	साजा	7.500	0	31.20	68
4	सतकठा	2.500	0	17.938	49
5	खम्हार	0.000	0	1.176	21
6	हल्दू	0.000	0	1.230	0
7	बंसा	0.000	0	0.402	0
8	खैर	0.000	0	2.480	3
	योग	310.485	0.000	449.885	2774
आरटीएल काष्ठ		Nil		1912.220 CMT	
मिश्रित जलाऊ		200 चट्टा		30 चट्टा -	

चन्दन काष्ठ वनज क्वि. में	नया चन्दन काष्ठ	पुराने अविक्रित चन्दन काष्ठ
चन्दन सेपवुड तना	0	1.437
चन्दन सेपवुड तना	0	2.210
चन्दन हार्डवुड तना	0	16.867
चन्दन हार्डवुड जड़	0	0.3625
चन्दन सेपवुड बुरादा	0	0.0250
योग-	0	20.901 क्विंटल

टीप :-1.ईमारती काष्ठ की नीलामी पहले 09.00 बजे प्रात: में की जावेगी तत्पश्चात जलाऊ चट्टों एवं चन्दन काष्ठ की नीलामी की जावेगी । 2.छत्तीसगढ़ राज्य के किसी भी वनमंडल का पंजीकृत ठेकेदार ही नीलाम में भाग ले सकेंगे । 3.समस्त क्रेता को आयकर पेन कार्ड, वाणिज्य कर का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन एवं छ.ग. राज्य के किसी वनमण्डल का वर्ष 2024 के व्यापारी का रजिस्ट्रेशन की प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है। 4.कृपया क्रेता ईमारती एवं जलाऊ का ई. एम. डी. राशि का अलग-अलग चेक देवें ।

G-242500016/4

वनमण्डलाधिकारी
मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़

फुलटॉस गेंद पर आउट होने के बाद अंपायर से किया था बहस

कोहली पर मैच फीस का लगा 50 फीसदी जुर्माना

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पर सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाने के लिए उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया।

कोहली लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरे ओवर में हर्षित राणा की फुलटॉस गेंद पर आउट करार दिए गए थे। इस गेंदबाज ने ही कोहली का कैच लपका। इस मैच में केकेआर की टीम ने रविवार को सात विकेट पर 222 रन बनाने के बाद एक रन से रोमांचक जीत दर्ज की। इंडियन प्रीमियर लीग में नो-बॉल को ऊंचाई से मापने वाली 'हॉक-आई प्रणाली' लागू है। इसके तहत क्रीज में बल्लेबाज के कमर की ऊंचाई से गेंद की ऊंचाई का आकलन कर नो बॉल का फैसला किया जाता है। कोहली के बल्ले से जब गेंद का संपर्क हुआ था तब गेंद उनके कमर के ऊपर की ऊंचाई पर थी। वह हालांकि इस समय क्रीज से बाहर थे और गेंद नीचे की ओर आ रही थी। टीवी अंपायर माइकल गॉफ ने कोहली की जांच की और हॉक-आई ट्रैकिंग के अनुसार, अगर कोहली क्रीज में होते तो गेंद कमर के पास 0.92 मीटर की ऊंचाई से गुजरी होती। इस स्थिति में गेंद कोहली की कमर की ऊंचाई से नीचे होती। ऐसे में गॉफ ने बॉल ट्रैकिंग के पैमाने पर गेंद की ऊंचाई को कोहली की कमर की ऊंचाई से नीचे पाया और उन्हें आउट करार दिया। कोहली हालांकि इस फैसले से सहमत नहीं दिखे उन्होंने गुस्से जैसी प्रतिक्रिया के साथ मैदानी अंपायर से बात की।

स्टार्क सुपरस्टार, निवेश के नजरिए से नहीं सोचा

कोलकाता। मिशेल स्टार्क को इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में खराब प्रदर्शन के कारण आलोचना का सामना कर पड़ रहा है। सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी वेंकी मैसूर ने समर्थन करते हुए कहा कि वह इस अनुभवी खिलाड़ी को 'निवेश के दृष्टिकोण' से नहीं देखते हैं। केकेआर ने आईपीएल नीलामी स्टार्क को रिकॉर्ड 24.75 करोड़ रुपए की बोली के साथ टीम में शामिल किया था। इसे हालांकि जोखिम भरा फैसला माना जा रहा था क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के पास सबसे छोटे प्रारूप में सीमित अनुभव था और वह नौ साल बाद आईपीएल में वापसी कर रहे थे।

लाइव तस्वीरें प्रदर्शित करने प्रशासन ने लगाई एलईडी स्क्रीन

स्ट्रांग रूम में सीसीटीव्ही कैमरों से रखी जा रही नजर

स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करने अधिकारियों की ड्यूटी तय

कार्यपालिक मजिस्ट्रेट 24 घण्टे निगरानी करेंगे

जबलपुर। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रशासनिक भवन में बने स्ट्रांगरूम पर सीसीटीव्ही कैमरों से नजर रखी जा रही है। लोकसभा चुनाव के लिये मतदान में इस्तेमाल की ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीनों को सुरक्षित रखने विधानसभावार बने स्ट्रांगरूम के भीतर और बाहर कई कैमरे लगाये गये हैं। निष्पक्ष, पारदर्शी एवं स्वतंत्र निर्वाचन सुनिश्चित करने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों में स्ट्रांगरूम की निगरानी के लिये चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को अपने प्रतिनिधि नियुक्त करने की अनुमति है। निर्वाचन आयोग के इन्हीं निर्देशों के मुताबिक उम्मीदवारों द्वारा स्ट्रांगरूम की निगरानी रखने नियुक्त कार्यकर्ताओं की सुविधा के लिये जिला प्रशासन द्वारा कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग भवन के सामने पण्डाल लगाया गया है, जहां स्ट्रांगरूम के भीतर और बाहर लगाये गये प्रत्येक सीसीटीव्ही कैमरे की लाइव तस्वीरें चौबीस घण्टे एलईडी स्क्रीन पर प्रदर्शित की जा रही हैं। लोकसभा चुनाव के लिये शुक्रवार 19 अप्रैल को हुये मतदान के बाद जबलपुर संसदीय क्षेत्र में शामिल जिले की आठों विधानसभा क्षेत्र की ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपेट मशीनों को जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में बने स्ट्रांगरूम में तीन स्तरीय सुरक्षा के बीच रखा गया है। स्ट्रांगरूम की सुरक्षा की मुख्य जिम्मेदारी केंद्रीय सशस्त्र सुरक्षा बल के जवान सम्हाल रहे हैं। इसके अलावा स्ट्रांगरूम के भीतर तथा इसके चारों ओर कई सीसीटीव्ही कैमरे लगाये गये हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना ने लोकसभा चुनाव के लिये शुक्रवार 19 अप्रैल को हुये मतदान में इस्तेमाल की गई ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीनों को कड़ी सुरक्षा के बीच रखने जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में बनाये गये स्ट्रांगरूम का प्रतिदिन दो बार निरीक्षण करने जिले के आठों विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की रोस्टरवार ड्यूटी लगाई है। रोस्टर के मुताबिक सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को उनके लिये तय किये गये दिन को सुबह 10 बजे एवं शाम 5 बजे स्ट्रांगरूम का निरीक्षण करना होगा एवं निर्धारित प्रारूप में जिला निर्वाचन अधिकारी को रिपोर्ट देनी होगी। सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को स्ट्रांगरूम के अपने निरीक्षण के समय चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के मौके पर मौजूद अभिकर्ता को भी स्ट्रांगरूम का निरीक्षण करवाने का दायित्व सौंपा गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री सक्सेना द्वारा तय किये गये रोस्टर के अनुसार जबलपुर पूर्व विधानसभा की सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती शिवाली सिंह को प्रत्येक सोमवार को, जबलपुर कैंट के सहायक रिटर्निंग अधिकारी रघुवीर सिंह मरावी को प्रत्येक मंगलवार को, जबलपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी पंकज मिश्रा को प्रत्येक बुधवार को, पनागर विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी अभिषेक सिंह ठाकुर को प्रत्येक गुरुवार को, बरगी विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी पीयूष दुबे को प्रत्येक शुक्रवार को, पाटन विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी मानवेन्द्र सिंह को प्रत्येक शनिवार को तथा सिहोरा विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी रूपेश सिंघई को प्रत्येक रविवार को स्ट्रांगरूम का सुबह 10 बजे और शाम 5 बजे निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट देनी होगी। जबलपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी कुलदीप पाराशर को रिजर्व में रखा गया है। अपरिहार्य कारण वश यदि कोई सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियत दिन निरीक्षण हेतु नियत दिन उपलब्ध नही हो पाता है तो उनके स्थान पर श्री पाराशर स्ट्रांगरूम का निरीक्षण करेंगे तथा अपनी रिपोर्ट जिला निर्वाचन अधिकारी को देंगे।

कार्यपालिक मजिस्ट्रेट करेंगे 24 घण्टे स्ट्रांगरूम की निगरानी

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना ने सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को रोस्टरवार स्ट्रांगरूम का निरीक्षण करने का दायित्व देने के साथ-साथ कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की भी रोस्टरवार स्ट्रांगरूम की निगरानी रखने ड्यूटी लगाई है। श्री सक्सेकना द्वारा स्ट्रांगरूम की चौबीस घंटे निगरानी करने सप्ताह के प्रत्येक दिन तीन कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तैनात किये गये हैं। ये कार्यपालिक मजिस्ट्रेट अलग-अलग पालियों में सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक, शाम 4 बजे से रात 12 बजे तक तथा रात 12 बजे से सुबह 8 बजे तक स्ट्रांगरूम पर तैनात रहेंगे।

हाई कोर्ट का महत्वपूर्ण आदेश : नए सिरे से प्रावीण्य सूची बनाने के निर्देश

बहुमत नहीं योग्यता होनी चाहिए नियुक्ति का आधार



जबलपुर। हाई कोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में साफ किया कि नियुक्ति का आधार बहुमत नहीं बल्कि योग्यता होनी चाहिए। न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने इस टिप्पणी के साथ ही नए सिरे से योग्यता के आधार पर प्रवीण्य सूची बनाने के निर्देश दे दिए। दरअसल, यह मामला कटनी जिले के ग्राम पडखुरी निवासी कालिका प्रसाद की ओर से दायर किया गया था। जिसमें कहा गया था कि उसने ग्राम सचिव पद के लिए आवेदन किया था। आरोप है कि उक्त पद पर योग्यता को दरकिनार कर बहुमत के आधार पर मनमाने ढंग से नियुक्ति प्रदान की गयी है। जिसके विरुद्ध दायर अपील को अपर आयुक्त जबलपुर द्वारा निरस्त कर दिया गया। लिहाजा, हाई कोर्ट की शरण ली गई है। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने पाया कि उक्त याचिका साल 2013 में दायर की गई थी। जिसमें कहा गया था कि ग्राम पडखुरी के सचिव पद के लिए विज्ञापन जारी किया गया था व आवेदन करने की अंतिम तिथि 13 अगस्त, 2007 थी। इसी दिन राज्य सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सर्कुलर जारी किया गया था कि नियुक्तियां योग्यता के आधार पर की जाए। पूर्व में हुई नियुक्तियों के लिए उक्त आदेश प्रभावी नहीं होगा। ग्राम पंचायत को सर्कुलर की प्रति 20 अगस्त, 2007 को प्राप्त हो गई थी। इसके बावजूद भी 27 अगस्त, 2007 को बहुमत के आधार पर नियुक्ति प्रदान की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद ने अनावेदक का समर्थन किया था। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि सर्कुलर जारी होने के बाद ग्राम पंचायत ने बहुमत के आधार पर नियुक्ति प्रदान की। हाई कोर्ट ने याचिका का निराकरण करते हुए अपने आदेश में कहा है कि प्रवीण्यता के आधार पर नए सिरे सूची तैयार कर उक्त पद पर नियुक्ति प्रदान की जाए।

तिलवारा में अज्ञात शव उतराता मिला

जबलपुर। तिलवारा थानांतर्गत मछरहाई घाट पर नदी किनारे चट्टान के पास अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव 6-7 दिन पुराना लग रहा है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाते हुए मर्ग कायम कर जांच में लेते हुए मृतक की शिनाख्त के प्रयास जारी हैं। तिलवारा पुलिस ने बताया कि कल शाम मछरहाई घाट में एक चट्टान के समीप अज्ञात शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की उम्र 25-30 वर्ष हैं। शव 6-7 दिन पुराना लग रहा हैं।

भतीजे ने दोस्त के साथ मिलकर चाचा को चाकू मारा

जबलपुर। रांझी थाना अतंर्गत रक्षा कालोनी बड़ा पत्थर में पुरानी रंजिश पर भतीजे ने अपने दोस्त के साथ मिलकर अपने चाचा के साथ गालीगलौज कर चाकू से मारने का प्रयास किया और खटिया की पाटी से सिर पर हमला कर घायल कर दिया। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार रक्षा कालोनी बड़ा पत्थर निवासी 35 वर्षीय आटो ड्रायवर बृजगोपाल सिंह पटेल रात लगभग 12.30 बजे पवनीत ट्रेडर्स बड़ा पत्थर में सीमेंट खाली कर सायकल से अपने घर जा रहा था, तभी उसके घर से कुछ दूर पहले उसका छोटा भतीजा आशीष पटेल एक अन्य लड़के के साथ आया और पुरानी रंजिश पर गालीगलौज करने लगा, मना करने पर आशीष ने चाकू से मारने का प्रयास किया तो वह बच गया, तभी अन्य लड़के ने खटिया की पाटी से उसके सिर पर हमला कर घायल कर दिया। वह चिल्लाया तो उसकी माँ कुसुमलता बीच बचाव करने आई तो माँ को धक्का देकर देकर गिरा दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 324, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

पांच होमगार्ड सैनिकों को दो माह का कॉल ऑफ देने पर अंतरिम रोक

जबलपुर। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने छिंदवाड़ा जिले के पांच होमगार्ड सैनिकों को दो माह का कॉल ऑफ देने पर अंतरिम रोक लगाते हुए उन्हें सेवा में बने रहने की अनुमति दी। सोमवार को सुनवाई के बाद जस्टिस शील नागू व जस्टिस अमरनाथ केसरवानी की खंडपीठ ने मामले को सुनवाई हेतू स्वीकार कर पूर्व में लंबित प्रकरणों के साथ संलग्न करने के निर्देश दिए। मामले पर अगली सुनवाई 26 अप्रैल को होगी। छिंदवाड़ा के रामदास पवार, यदुनाथ दुबे, शिव शंकर, दुर्गेश कुमरे व संजय मिश्रा की ओर से अधिवक्ता विहाग दुबे ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ताओं को एक अप्रैल 2024 से 31 मई 2024 तक का कॉल ऑफ दिया गया है। उन्होंने बताया कि शासन ने संशोधन के जरिए एक साल में दो माह के कॉल ऑफ को बदलकर 3 साल में 2 माह का कॉल ऑफ कर दिया गया। पहले एक साल में यह कॉल ऑफ दिया जाता था। वर्ष 2010 में होमगार्डस कर्मचारियों द्वारा हाईकोर्ट जबलपुर द्वारा याचिका दायर कर नियमितीकरण, आरक्षकों के समान वेतन, पूरे वर्ष कार्य प्रदान करने एवं अन्य लाभ देने की प्रार्थना की गई थी। वर्ष 2011 में हाईकोर्ट द्वारा आंशिक रूप से स्वीकार कर मध्य प्रदेश शासन को आदेशित किया था कि वे होमगार्डस की सेवा नियम बनाये एवं उन्हें पूरे वर्ष कार्य पर रखा जाए। इसके बाद सरकार ने वर्ष 2016 में नियम बनाये और आदेश के विपरीत पुनः एक वर्ष में 2 माह का बाध्य कॉल ऑफ का प्रावधान रख दिया। अवमानना के बाद सरकार ने तीन साल वाला नियम बना दिया।

कार की टक्कर से स्कूटी सवार दो घायल

जबलपुर। विजयनगर थाना अतंर्गत व्हाईट रोज बार के पास एक कार ने एक स्कूटी में सामने से साईड में टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी सवार दोनों युवक नीचे गिरकर घायल हो गए। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार करमेता माढ़ोताल निवासी 34 वर्षीय पंडित विवेक पांडे कलेक्शन सीजिंग का काम करता है। गत रात लगभग 8-15 बजे आशीष राजपूत के साथ जुपिटर क्रमांक एपी 20 जेड एफ 7983 में बैठकर एसबीआई चौक सर्विस गली से अहिंसा चौक तरफ जा रहा था। जैसे ही हमारी गाड़ी व्हाईट रोज बार के पहले पहुची तभी सामने से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 सीएम 4604 के चालक ने उसकी जुपिटर में साईड से टक्कर मार दी, जिससे दोनों स्कूटी सहित नीचे गिरकर घायल हो गए। पंडित विवेक पांडे को गदेली, पैर के घुटने में तथा आशीष को दाहिने घुटने तथा ऐड़ी में काफी चोटें आ गयी है। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

दिनभर बादलों की आवाजाही के बीच उमस बढ़ी

आंधी, तूफान के साथ बूंदाबांदी के आसार

जबलपुर। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से उछाल ले रहा पारा नीचे आ गया, लेकिन गर्मी के तेवरों में कोई कमी नहीं आई है। बादलों की वजह से उमस भरी गर्मी बनी रही। मौसम विभाग का कहना है कि दिन में बादलों की आवाजाही के बीच अगले 24 घंटों के दौरान फिर आंधी और बूंदाबांदी के आसार बन रहे है। बुधवार के बाद फिर एक बार मौसम शुष्क होगा और पारा उछाल लेगा। पूर्वी मध्यप्रदेश में हवा के कम दबाव का क्षेत्र प्रभावी होने के कारण समूचे पूर्वी मध्यप्रदेश में मौसम का मिजाज गड़बड़ा गया है। सोमवार को शहर में आसमान पर बादलों की आवाजाही बनी रही। मौसम विभाग की माने तो चक्रवात अभी प्रभावी है और संभाग के अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। आसमान में बादल छाने और बूंदाबांदी होने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई। मौसम के मिजाज में आई तब्दीली से दिन का तापमान छलांग नहीं लगा पाया है। जबकि रात के तापमान में जारी वृद्धि पर लगाम लगी है।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार देश के राजस्थान से चलकर आया हवा के कम दबाव वाला क्षेत्र पूर्वी मध्यप्रदेश में बना हुआ है। इस कारण आसमान पर बादल छाने और बूंदाबांदी होने का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक देश के पूर्वी हिस्सों में पिछले 24 घंटों के दौरान जोरदार बूंदाबांदी होने लगी। हवा के कम दबाव वाला क्षेत्र जबलपुर और रीवा संभाग में सक्रिय होने के कारण तड़ित झंझावात के साथ वर्षा के आसार बन गये हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र से बताया गया कि पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 4 डिग्री कम, न्यूनतम तापमान 25.9 डिग्री सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 59 प्रतिशत और सायंकाल 39 प्रतिशत दर्ज की गई। शहर में दक्षिणी हवाएं 5 से 6 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे अधिक 42.2 डिग्री तापमान खरगौन जिले में और सबसे कम न्यूनतम 18.6 पचमढ़ी में दर्ज किया गया। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 35.05 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 23.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अगले 24 घंटों के दौरान जबलपुर सहित संभाग के अनेक जिलों में गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ने की संभावना है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240